CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम : 09°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 8 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 23 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




## टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के साथ शुरुआत

■ यूएसए को 29 रन से हराया, कप्तान सूर्यकुमार ने लगाई फिफ्टी, सिराज ने तीन विकेट हासिल किए

**मुंबई।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में जीत से शुरुआत की है। टीम ने शनिवार के आखिरी मैच में यूएसए को 29 रन से हराया।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत ने टास हारकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 162 रन बनाए। टीम इंडिया के शुरुआती 4 विकेट महज 46 रन पर गिर गए थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 49 बाल पर 84 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव प्लेयर आफॅ द मैच चुने गए 162 रन का टारगेट चेज करते हुए यूएसए की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन ही बना सकी। शुभम रंजने और संजय कृष्णमूर्ति ने 37-37 रन बनाए। जबकि मिलिंद कुमार ने 34 रन स्कोर किए। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। मैच की आखिरी गेंद पर सिराज ने शुभम रंजने को यार्कर पर पगबाधा आउट किया। 19वें ओवर में हार्दिक पड्या ने 10 रन दिए। 18वें ओवर की चौथी बाल पर यूएसए ने 7वां विकेट गंवाया।

# भारत पर लगा अमेरिकी एक्स्ट्रा टैरिफ हुआ खत्म



■ अमेरिका में भारतीय कृषि उत्पादों पर जीरो ड्यूटी
■ अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई
■ समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार को खोलेगा: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क की घोषणा की तारीफ की। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।

पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपये) के बाजार को खोलेगा। इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपये) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) का फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50 फीसदी घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 फीसदी अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है। पीयूष गोयल ने कहा कि समझौते में साफ किया गया है कि भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) खाद्य पदार्थों को अनुमति नहीं दी जाएगी। मसाले, चाय, कॉफी, नारियल तेल, काजू, एवोकाडो, केला, आम, अनानास, मशरूम जैसे कई फल-सब्जियां और कुछ बेकरी उत्पाद भी अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात हो सकेंगे। यह द्विपक्षीय व्यापार समझौता 2030 तक भारत-अमेरिका व्यापार को 50 हजार करोड़ डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखता है। दोनों देशों ने कहा कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता को आगे बढ़ाएगा। इस समझौते में आगे चलकर बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करने और ट्रेड बैरियर कम करने जैसे प्रावधान शामिल होंगे। पीयूष गोयल ने बताया कि दोनों देशों ने फैसला किया है कि वे इसके कुछ नियम तय करेंगे, ताकि इस समझौते का लाभ मुख्य रूप से अमेरिका और भारत को ही मिले, न कि किसी तीसरे देश को। भारत और अमेरिका का इस व्यापार समझौते में नॉन-टैरिफ बैरियर्स को दूर करने पर खास फोकस है। ये बाधाएं टैरिफ नहीं होतीं, लेकिन व्यापार को मुश्किल बनाती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मथुरा में बस यात्रियों को कंटेनर ने रौंदा, छह लोगों की मौत

**मथुरा।** सुरीर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के एक सड़क हादसे में छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र में माइल स्टोन 88 के पास सुबह करीब पौने तीन बजे यह हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली के नांगलोई से कानपुर के रसूलाबाद जा रही एक निजी बस यमुना एक्सप्रेस-वे से गुजर रही थी। रास्ते में कुछ यात्रियों ने लघुशंका के लिए चालक से बस रोकने का अनुरोध किया। बताया जा रहा है कि चालक ने निर्धारित ग्रीन जोन में बस न रोककर सड़क किनारे ही बस खड़ी कर दी। इसके बाद कई यात्री बस से उतरकर नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक कंटेनर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कंटेनर ने बस के पास खड़े यात्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में औरैया के सरवा कटरा निवासी सोनू, बस्ती के अलेवल निवासी देवेश, कन्नौज के गणेश का पुरवा निवासी असलम, दिल्ली के प्रेम नगर निवासी संतोष सहित दो अन्य यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। दो मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

### सूरजकुंड मेले में झूला टूटने से इंस्पेक्टर की मौत

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेले में एक झूला गिर जाने से एक की मौत और 13 लोग घायल हो गए। घायलों के इलाज के लिए तुरंत व्यवस्था की गई। इस हादसे में एक इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई है, जो पलवल में तैनात थे। मेला ड्यूटी पर यहां बुलाए गए थे। झूले वाले एरिया में इंचार्ज थे। बचाव कार्य के दौरान ऐसे दूसरी बार झूला गिरा। जिसके बाद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। झूले में उस समय लगभग 15 लोग सवार थे। हादसा होने पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों की मदद के लिए बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। इसी बचाव कार्य के दौरान, एक स्टॉल संचालक राघव पर भी झूले की ग्रिल गिर गई, जिससे उनके कंधे में चोट आई। जो मेले में अपना स्टॉल चलाते हैं। राघव ने कहा कि उन्होंने घायलों की मदद करने का प्रयास किया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई जिला उपायुक्त के मौके पर पहुंचने के बाद, घायलों के इलाज के लिए तत्काल व्यवस्था की गई।

# पीओके और अक्साई चिन भारत का हिस्सा: अमेरिका

## ट्रेड डील के बाद अमेरिका ने इंडियन मैप किया शेयर, सोशल मीडिया पर वायरल

**वाशिंगटन, वार्ता**




■ अमेरिका ने मैप शेयर कर पाकिस्तान को दिया कड़ा संदेश
■ पाक पीएम ने कहा था: कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा

**भारत और** अमेरिका ने एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इस घोषणा के साथ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने इंडियन मैप शेयर किया। इस मैप में पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है। यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतर्राष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या डॉटेड लाइन्स से दिखाया जाता है। इस बार ट्रम्प प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है। भारत- पाकिस्तान विभाजन- भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं। 1947-48- पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध- पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन (विलय पत्र) पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। भारत ने सैन्य मदद भेजी। युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने क्षेत्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे अब पीओके कहा जाता है। 1949 में यूएन की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ और सीजफायर लाइन (बाद में लाइन ऑफ कंट्रोल - एलओसी) बनाई गई, जो दोनों देशों के नियंत्रण को अलग करती है। भारत कहता है कि पूरा जम्मू-कश्मीर (पीओके सहित) उसका अभिन्न अंग है, क्योंकि महाराजा ने भारत में विलय किया था। 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। भारत पीओके को अवैध कब्जा मानता है और इसे वापस लेने की बात करता है। पाकिस्तान कहता है कि कश्मीर मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, इसलिए वह पाकिस्तान का हिस्सा होना चाहिए। पाकिस्तान पीओके को आजाद कश्मीर कहता है और वहां अपनी तरह की सरकार चलाता है। पाकिस्तान यूएन के पुराने प्रस्तावों का हवाला देता है, जिसमें कश्मीरियों को जनमत संग्रह का अधिकार देने की बात थी। अमेरिका ने यह मैप शेयर कर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 5 फरवरी को बयान जारी कर कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा। शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए। शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं।' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था। शहबाज शरीफ ने कहा था कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फारेन पॉलिसी का आधार है। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई 2025 में हुए चार दिवसीय सैन्य संघर्ष को भी याद किया।

# लंदन हाईकोर्ट ने ठुकराया भगोड़े नीरव मोदी का बहाना



■ भारत से फरार हीरा व्यापारी का दृष्टि दोष और अवसाद के बावजूद 23 मार्च से होगा ट्रायल

**लंदन।** लंदन की हाईकोर्ट ने फरार हीरा व्यापारी नीरव मोदी की बैंक ऑफ इंडिया के बकाया ऋण मामले में ट्रायल स्थगित करने की याचिका खारिज कर दी। मोदी ने अपने स्वास्थ्य कारणों गंभीर दृष्टि दोष, क्लिनिकल डिप्रेशन और जेल की सीमाओं को आधार बनाकर ट्रायल में स्थगन की मांग की थी।

54 वर्षीय नीरव मोदी, जो भारत में अनुमानित 2 अरब डॉलर के पीएनबी धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रत्यर्पण का सामना कर रहे हैं, ने नॉर्थ लंदन की एचएमपी पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिए 8 मिलियन डॉलर के बीओआई केस के प्री-ट्रायल रिव्यू में हिस्सा लिया। विशेष जज साइमन टिंक्लर ने कहा कि आरोपी को कोई महत्वपूर्ण नुकसान नहीं होगा और आठ दिन के ट्रायल में वह समान अवसर के साथ अपनी दलील पेश कर सकते हैं। नीरव मोदी की अर्जी एक देर करने की पुरानी रणनीति का हिस्सा प्रतीत होती है। ट्रायल 23 मार्च से शुरू होगा। नीरव मोदी के वकील जेम्स किनमैन ने बताया कि मोदी को अक्टूबर में एचएमपी थेमसाइड से पेंटनविल जेल स्थानांतरित किए जाने के बाद अदालत दस्तावेज़ों तक पहुंच में कठिनाई हो रही है। नीरव मोदी अपनी दृष्टि का लगभग 60 फीसदी खो चुके हैं और उनका अवसाद उन्हें लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने में बाधित करता है। बैंक ऑफ इंडिया के वकील टॉम बीस्ले ने इसे आखिरी मिनट की अर्जी करार देते हुए कहा कि इससे मोदी की बचाव क्षमता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जज ने चेताया कि बिना ठोस बदलाव के भविष्य में ऐसी अर्जी अदालत प्रक्रिया का दुरुपयोग हो सकती है।

### कूनो नेशनल पार्क में पांच चीता शावकों का जन्म

**नई दिल्ली।** कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आई चीता आशा ने पांच चीता शावकों को जन्म दिया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट चीता के लिए यह बहुत गर्व और खुशी का पल है, क्योंकि नामीबियाई चीता आशा दूसरी बार मां बनी और उसने शनिवार को कूनो नेशनल पार्क में पांच शावकों को जन्म दिया।

# छत्तीसगढ़: नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील!

**बीजापुर, वार्ता**

■ गृह मंत्री अमित शाह के दौरे से पहले 51 नक्सलियों ने किया सरेंडर
■ करोड़ों का रखा गया था इनाम

**छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद** को बड़ा झटका लगा है। गृह मंत्री अमित शाह के दौरे से पहले राज्य के सुकमा और बीजापुर में 51 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। बीजापुर में साउथ सब जोनल ब्यूरो से संबंधित कुल 30 इनामी माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

इन कैडरों पर कुल 85 लाख रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वालों में 20 महिलाएं और 10 पुरुष शामिल हैं, जिन्होंने सशस्त्र विचारधारा को त्यागकर शांति, संवाद और विकास का मार्ग अपनाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह घटना बीजापुर में नक्सल विरोधी अभियान की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 1 जनवरी 2024 से अब तक जिला बीजापुर में 918 माओवादी कैडर समाज की मुख्यधारा में लौट चुके हैं, 1163 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है और 232 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए हैं। बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता रही है। पुनर्वास से पुनर्जीवन जैसी पहलों के माध्यम से, सरकार नक्सलियों को हिंसा का मार्ग छोड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इन नक्सलियों के समर्पण से न केवल क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति मजबूत होगी, बल्कि विकास की गति को भी बल मिलेगा। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बल इस दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं कि अधिक से अधिक नक्सली हिंसा का त्याग कर शांतिपूर्ण जीवन अपना सकें। यह कदम क्षेत्र में विश्वास बहाली और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों को नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। जिले के 26 माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का साहसिक निर्णय लिया है।

# रूस से तेल खरीद पर भारत अपने रुख पर कायम

■ विदेश मंत्रालय ने कहा: देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता
■ ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा: विदेश मंत्रालय




**नई दिल्ली।** अमेरिका के बार-बार किए जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

सरकार इस मामले में हां या नहीं के रूप में जवाब देने से बचती रही है। रूस से तेल खरीदने के मामले में वाणिज्य मंत्रालय सवालों को विदेश मंत्रालय के पाले में डाल देता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को इस सवाल के जवाब में कहा कि इसका उत्तर विदेश मंत्रालय देगा। मीडिया की ओर से बार-बार यह सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को एक बार फिर गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस सवाल के जवाब में दिए गए वक्तव्य को ज्यों की त्यों दोहरा दिया। भारत का यह बयान अमेरिका द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में उस पर लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क को हटाने के बाद आया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधाता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बाज़ार परिस्थितियों और बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा स्रोतों में विविधाता लाना हमारी रणनीति का मूल आधार है। भारत के सभी कदम इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उठाए गए हैं और आगे भी लिए जाते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत के साथ अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद से अमेरिका कहता रहा है कि भारत ने रूस से तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने अपने गांव के बुजुर्गों का पूछा हाल बच्चों से संवाद

**पंचूर ( पौड़ी गढ़वाल )।** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह उन्होंने अपने गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की।

### सब कुछ अमेरिकी हिसाब से चल रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भारत सरकार अमेरिका के टाइम जोन के हिसाब से चल रही है, क्योंकि सारे निर्णय अमेरिका के हिसाब से हो रहे हैं। हमारे लिए इससे ज्यादा खेदजनक बात और कुछ नहीं हो सकती। डील सामने बैठकर तय की जाती है, लेकिन कनपटी पर बंदूक रख, सीडी दिखाकर, ब्लैकमेल कर जो किया जाए- वो सरेंडर होता है। खेड़ा ने कहा कि यह डील उन सभी चीजों के साथ धोखा है, जिनके लिए भारत खड़ा है, उन सभी चीजों के लिए जिनके लिए भारत पिछले 75 वर्षों से खड़ा रहा है। यह ऐसी डील नहीं है जो हमारे हित में हो। यह प्रधानमंत्री का पूरी तरह से सरेंडर है। प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए उन्होंने आगे कहा कि यह व्यक्ति सिर्फ देश के हितों को सरेंडर करना जानता है, क्या ऐसा प्रधानमंत्री देश के लिए फायदेमंद हो सकता है? वह हितों से समझौता है।

## भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक व्यापक पहुंच मिलेगी: योगी

# अमेरिकी डील मेक इन इंडिया को देगी गति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत-अमेरिका के बीच हुए अंतर्रम व्यापार ढांचे को दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता मेक इन इंडिया को निर्णायक बढ़ावा देगा, जिससे भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक व्यापक पहुंच मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि यह व्यापार ढांचा किसानों के हितों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए संतुलित तरीके से तैयार किया गया है। इससे देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मजबूती मिलेगी, निर्यात को नई ऊर्जा प्राप्त होगी और आपूर्ति शृंखलाएं अधिक सशक्त होंगी। योगी ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत-प्रथम दृष्टिकोण पर आधारित एक संतुलित और पारस्परिक लाभ वाला समझौता है, जो युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बढ़ता सहयोग मेड इन इंडिया पर वैश्विक विश्वास को दर्शाता है और भारत को वैश्विक विकास का प्रमुख चालक बनने की दिशा में और सुदृढ़ करता है। वहीं योगी ने सेवा, समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति तथा नारी चेतना की सशक्त प्रतीक माता रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर का जीवन संघर्ष, आत्मबल और सामाजिक चेतना का प्रेरक उदाहरण है। शिक्षित, समरस और जागरूक समाज के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है, जो सदैव समाज को नई दिशा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा और सामाजिक समानता के मूल्यों को जीवंत रखा, जिससे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती रहेगी।



### नारी चेतना की सशक्त प्रतीक रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की

### डील एकतरफा नहीं होती, भाजपा से देश की जनता सवाल पूछ रही है: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि देश की जनता भाजपा से साफ तौर पर पूछ रही है कि 'डील' कभी एकतरफा नहीं होती। देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत के हितों के आत्मसमर्पण की मजबूरी के पीछे छिपा हुआ गहरा राज क्या है। अखिलेश यादव ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए यह बातें कहीं हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा यह बताए कि उसकी समझौता-गणित में शून्य (0) बड़ा है या अट्ठारह (18)-और क्या भाजपा के हिंसाब से 18 बराबर 0 हो जाता है। अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि देश के किसानों, दुकानदारों और उद्योगों को बचाने के लिए भाजपा के पास खोखले और जुमलेबाजी भरे शब्दों के अलावा कोई सुरक्षा-कवच या संरक्षण- योजना है भी या नहीं।

# नमस्ते ट्रम्प, हाउडी मोदी पर पड़ गया भारी: कांग्रेस

## व्यापार समझौते पर बोला हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का जो संयुक्त विवरण सामने आया है उससे साफ हो गया है कि अमेरिका इस समझौते में भारी पड़ गया है और इसका खामियाजा भारत के किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को भुगतना पड़ेगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' एक पर एक पोस्ट में कहा कि अभी जारी किए गए अमेरिका-भारत संयुक्त बयान में डिटेल्स पर कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा गया है, लेकिन जो बातें अब तक सामने आई हैं, उनसे यह साफ होता है कि इस समझौते में भारत के हितों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है



और इसका पूरा फायदा अमेरिका को ही होने वाला है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से यह भी स्पष्ट हो गया है कि भारत अब रूस से तेल आयात नहीं करेगा। अलग से, अमेरिका ने यह भी घोषणा की है कि यदि भारत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल खरीदता है, तो 25 प्रतिशत कर का दंड दोबारा लगाया जा सकता है। इसमें भारतीय किसानों की कीमत पर अमेरिकी किसानों की मदद के लिए भारत आयात शुल्कों में भारी कटौती करेगा।

### गोवा को लेकर पेश गैर सरकारी विधेयक को पारित करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा के लोगों से किए वादे पूरे नहीं किए हैं इसलिए कांग्रेस सांसद कैप्टन विरियातो फर्नांडिस ने लोकसभा में एक गैरसरकारी विधेयक पेश किया है। पार्टी का कहना है कि इसमें गोवा के समग्र विकास का प्रावधान है इसलिए इसको पारित कराना आवश्यक है और यदि ऐसा नहीं होता है तो इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस के गोवा के प्रभारी माणिकराव ठाकरे, प्रदेश अध्यक्ष अमित पाटकर और गोवा से सांसद कैप्टन विरियातो फर्नांडिस ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया है कि गोवा के हितों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है और गोवा को बर्बादी की तरफ धकेला जा रहा है।

# आकांक्षा को न्याय दिलाने में सरकार का रवैया संदिग्ध

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि पटना में नीट की तैयारी कर रही आकांक्षा की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में भी भाजपा सरकार का रवैया संदिग्ध बना हुआ है और जब सांसद पप्पू यादव इसे लेकर आवाज उठाते हैं, तो उनके साथ असंवेदनशील व्यवहार किया जाता है।

वाड्रा ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पटना के हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्या का मामला झकझोर देने वाला है। यह केस सामने आने के बाद सरकार का रवैया उससे भी ज्यादा खौफनाक है। प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर जांच और कार्रवाई तक-सब कुछ संदिग्ध बना दिया गया है। यह सब



किसे बचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाथरस, उन्नाव से लेकर अंकिता भंडारी और पटना तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, भाजपा की सरकारें पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों के साथ खड़ी हो जाती हैं। इस केस में आवाज उठा रहे सांसद पप्पू यादव जी की गिरफ्तारी इसी असंवेदनशील रवैए की एक और कड़ी है। भाजपा और उनके सहयोगियों का एजेंडा स्पष्ट है- वे अन्याय और अत्याचार के साथ खड़े हैं। आकांक्षा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत और उसके बाद की पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर सिस्टम की गहरी सड़ांध को उजागर कर दिया है।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज करें कार्यकर्ता: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को पार्टी की एक अहम बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी ताकत के साथ जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, ऐसे में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और जनता के बीच सक्रिय रहना बेहद जरूरी है।

मीडिया को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के चलते हाल के दिनों में पार्टी की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, लेकिन अब सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी तैयारी में लग जाना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और निरंतर जनसंपर्क बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बसपा सुप्रीमो ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियां बसपा के खिलाफ साजिश कर रही हैं और पार्टी को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसी साजिशों के प्रति सतर्क रहने और पार्टी की विचारधारा व नीतियों को मजबूती

**■ पूर्व सीएम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा: बसपा के खिलाफ हो रही साजिशें**

से जनता तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में मौजूद सरकारें जनहित के मुद्दों पर काम करने के बजाय धर्म और जाति की राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे समाज में विभाजन और नफरत का माहौल बन रहा है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि गरीबों, ओबीसी, एससी-एसटी, अल्पसंख्यकों, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाए और जनता के बीच जाकर उनकी आवाज बना जाए। मायावती ने कहा कि बीएसपी हमेशा सामाजिक न्याय और 'सर्वजन हिताय' की राजनीति करती आई है और आगामी विधानसभा चुनावों में भी पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी।

### इस्लामाबाद धमाके को लेकर कश्मीर में शिया-समुदाय का विरोध प्रदर्शन

**श्रीनगर।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती बम धमाके में 31 लोगों की मौत के बाद कश्मीर के कई शिया-बहुल इलाकों में शुक्रवार रात विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला के चैनाबल पट्टन, श्रीनगर के इमामबाड़ा जादीबल एवं हरवान और बांदीपोरा के इंदरकोट-सुंबल में विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए नमाजियों पर हुए हमले की निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ितों के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए सांप्रदायिक हिंसा की निंदा की। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे और देर रात प्रदर्शनकारी अपने-अपने घर लौट गए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जुम्मे की नमाज के दौरान एक मस्जिद खदीजतुल कुबरा में विस्फोट से कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 85871.73
निफ्टी 25727.55



सोना रु. 156750
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 250300
प्रति किलो



# भारतीय बाजार के संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित: वाणिज्य सचिव

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापारिक क्षमताओं के नए रास्ते खुलेंगे और इससे भारत को अमेरिकी बाजार के उन क्षेत्रों में निर्णायक बढ़त मिलेगी, जहां भारत की स्थिति पहले से मजबूत है। अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि इस समझौते में भारत के संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त उपाय सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह अंतरिम समझौता भारत और अमेरिका के बीच वस्तुओं के व्यापार की क्षमताओं के लिए नए मार्ग प्रशस्त

**■ अमेरिकी डील को लेकर वाणिज्य सचिव राजेश ने रुख साफ किया**

करेगा। यह अमेरिकी बाजार में भारत को उसकी ताकत वाले क्षेत्रों में बढ़त दिलाएगा। साथ ही, वर्जनाओं, चरणबद्ध टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) के प्रावधानों और शुल्कों के माध्यम से हमारे घरेलू संवेदनशील क्षेत्रों की प्रभावी ढंग से रक्षा भी करेगा। गौरतलब है कि इस अंतरिम समझौते को लेकर दोनों देशों ने शनिवार को ही एक साझा वक्तव्य जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इस समझौते के लागू होने के बाद दोनों देश एक व्यापक और पूर्ण व्यापार समझौते की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

### अमेरिका से हार्ले डेविडसन बाइक का शून्य शुल्क पर हो सकेगा आयात

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से भारत में हार्ले डेविडसन की की बाइकें और अमेरिकी कंपनियों की लग्जरी कारें सस्ती होंगी। समझौते के जानकार सूत्रों ने बताया कि भारत अमेरिकी कंपनियों की 1,500 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर सीमा शुल्क घटाकर शून्य करेगा। इसके अलावा 2,500 सीसी से ऊपर की डीजल कारों और 3,000 सीसी से ऊपर की पेट्रोल कारों पर भी सीमा शुल्क में कटौती की जाएगी।

### सोना और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** भारत के साथ-साथ इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड-सिल्वर के रेट घटे हैं। आज 7 फरवरी के दिन एमसीएक्स पर गोल्ड-सिल्वर के रेट्स में लगातार उतार-चढ़ाव दिख रहा है। राकेट की रफ्तार से चढ़े सोने-चांदी के दाम अपने ऑल टाइम हाई से काफी सस्ते हो गए हैं। एक बार फिर चांदी की कीमतों में 9,000 रुपये से ज्यादा का उछाल दिख रहा है। मार्च डिलीवरी वाली चांदी 2.5 लाख के पार पहुंच गई है। एमसीएक्स पर चांदी का ताजा भाव 2,50,300 रुपये/किलो चल रहा है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का दाम 1,56,750 रुपये/10 ग्राम है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,700 रुपये/10 ग्राम के भाव बिक रहा है, 18 कैरेट सोने का भाव 1,17,600 रुपये/ 10 ग्राम चल रहा है। मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद में 24 कैरेट सोने का दाम दिल्ली से कम है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार आखिरी सेशन में 24 कैरेट सोने की कीमत 424 रुपए कम होकर 1,52,078 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई थी। उससे पहले यह 1,52,502 रुपए पर बंद हुआ था। वहीं 22 कैरेट सोने के दाम 1,39,692 रुपए से घटकर अब 1,39,303 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गए।

# चावल और दालें सस्ती, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। दालों के दाम टूट गए। वहीं खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 29 रुपये घटकर 3,822 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,863 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 26 रुपये सस्ता हुआ। दाल- दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 71 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मसूर दाल 39 रुपये और चना दाल 36 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल का भाव 26 रुपये और मूंग दाल का 16 रुपये प्रति क्विंटल कम हुआ। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 165 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति में 20 रुपये की गिरावट रही। सोया तेल की कीमत 37 रुपये और पाम ऑयल की 28 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 25 रुपये और सरसों तेल 16 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी की कीमत गत दिवस के स्तर पर ही रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7778.16 रुपये, मसूर काली 8087.02 रुपये, मूंग दाल 10125.58 रुपये, उड़द दाल 10587.13 रुपये, तुअर दाल 10974.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.70 रुपये और चावल 3821.61 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3337.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4299.09 रुपये और गुड़ 5001.32 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17680.02 रुपये, मूंगफली तेल 17969.08 रुपये, सूरजमुखी तेल 16347.81 रुपये, सोया तेल 13996.31 रुपये, पाम ऑयल 12702.35 रुपये और वनस्पति 14537.85 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान के कार्यक्रम में किसानों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध

**वाराणसी।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान के सर्किट हाउस स्थित कार्यक्रम के दौरान शनिवार को कुछ किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काशी द्वार योजना के तहत प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के विरोध में हंगामा किया। पासवान केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर निर्धारित प्रेस कांफ्रेंस के लिए सर्किट हाउस पहुंचे थे।


इसी दौरान कुछ किसान स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। सहायक पुलिस आयुक्त नितिन तनेजा ने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कुछ लोग वैभव त्रिपाठी के साथ पहुंचे और अचानक विरोध करने लगे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन पूर्व निर्धारित या विधिवत अनुमति प्राप्त नहीं था। सभी को वहां से हटा दिया गया। यदि तहरीर मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिडरा क्षेत्र में काशी द्वार योजना के अंतर्गत आठ से दस गांवों की भूमि अधिग्रहित की जानी प्रस्तावित है। इसको लेकर किसान लंबे समय से विरोध जता रहे हैं। कुछ गांवों में सर्वे कार्य भी पूरा हो चुका है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिसमें भूमि अधिग्रहण पर पुनर्विचार की मांग की गई है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री पासवान ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में गरीब, किसान, युवा, महिलाएं और मध्यम वर्ग को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रमुख शहरों को जोड़ने के लिए सात हाई-स्पीड रेल लाइनों, पांच बड़े मेडिकल हब, सेमीकंडक्टर एवं चिप निर्माण के लिए 40 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान तथा लघु उद्योगों के पुनर्जीवन की योजनाओं से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

# एपस्टीन में नाम आने पर सफाई दें पीएम मोदी

वाराणसी, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जेफरी एपस्टीन फाइल में नाम आने से राजनीतिक सरगर्मी तेजी से बढ़ गई है। इसको लेकर तरह-तरह के चर्चाओं से बाजार गर्म है। विपक्ष पूरे मामले को लेकर सरकार से सफाई देने की मांग कर रही है। इस बीच आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि एपस्टीन ने अनिल अंबानी को उनका दोस्त बताया है, यह भी कहा गया है कि इजरायल में अनिल अंबानी के माध्यम से मीटिंग तय हुई थी। इन तथ्यों पर स्पष्टीकरण देना चाहिए है।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक जमीनी पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो पदयात्रा निकाली। इसके तहत पीएम मोदी के गोद लिए आदेश गांव डोमरी से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर तक यह पद यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिए गांव डोमरी में किसानों के बीच सभा



**■ एपस्टीन ने अनिल अंबानी को मोदी का दोस्त बताया था: संजय**

को संबोधित किया। पटेल चबूतरा पर आयोजित सभा में संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस गांव को प्रधानमंत्री ने गोद लिया है, उसी गांव को उजाड़ने की तैयारी की जा रही है।

लोगों को गांव खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं, क्या कोई गोद लिया हुआ गांव उजाड़ता है? संजय सिंह ने कहा कि सरकार उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ रुपये तक के कर्ज माफ कर रही है, जबकि किसान कर्ज के बोझ से आत्महत्या करने को मजबूर हैं। विकास के नाम पर किसानों से जमीन छीनी जा रही है और वहीं जमीन उद्योगपतियों को कौड़ियों के भाव दी जा रही है। मणिकर्णिका घाट मूर्ति विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि हमें नोटिस दिया गया था, जिसका जवाब दे दिया गया है। दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रशासन को समय दिया गया है। अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो हम खुद मुकदमा दर्ज कराएंगे। संजय सिंह की रैली सभा में बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय लोग मौजूद रहे। रैली को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों के हक की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेगी। संजय सिंह चंदौली पहुंचे, इस दौरान जन जागरण यात्रा में शिरकत की। मीडिया से बातचीत करते हुए संजय सिंह ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाली ट्रेड डील को लेकर भी सरकार पर बड़ा हमला किया। उन्होंने इस ट्रेड डील को किसानों के लिए डेथ वारंट बताया। संजय सिंह का दावा है कि इस समझौते से देश के कृषि सेक्टर को भारी नुकसान होगा। वहीं अमेरिका और वेनेजुएला से तेल खरीदने के फैसले पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इससे देश को करीब 80 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

# अदालत ने मुर्दा घोषित किया आरोपी निकला जिंदा

आगरा, वार्ता

जिस आरोपी को अदालत ने मृत घोषित कर दिया गया था, वह शहर में स्कूटी दौड़ाते हुए पाया गया। आरोपी ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर मुकदमा बंद कर लिया था। वहीं अब उसको जीवंत देखकर वादी के पसीने छूट गए, उन्होंने पुलिस में शिकायत की। पुलिस जांच में भी मृत घोषित आरोपी जिंदा पाया गया है।

पुलिस की ताजा जांच रिपोर्ट ने आरोपी के इस बड़े फर्जीवाड़े की पोल खोल दी है। आरोपी की ओर से अदालत को गुमराह कर केस बंद करवाया गया था। फर्जीवाड़ा तब सामने आया, जब उसके नाम पर 2016 में एक्टिवा स्कूटरी खरीदी गई, वहीं साल 2019 में उस वाहन का चालान भी कटा था। अब मुकदमा पुनर्जीवित होगा और आरोपी के

**■ आगरा में 12 साल पुराने केस में नया मोड़ आया**

खिलाफ धोखाधड़ी की नई धाराएं लगेंगी।

वादी ने सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। मामला राजकुमार वर्मा बनाम विद्या देवी आदि वर्तमान परिवाद संख्या 1266/2012 से जुड़ा है, जो आगरा के थाना न्यू आगरा में मूल परिवाद संख्या 242/1999 के अंतर्गत धारा 467 और 468 (जालसाजी) के तहत चल रहा था। इस मामले में आरोपी तारा चंद्र शर्मा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी थे, लेकिन उसने कोर्ट को गुमराह कर मुकदमा बंद करा लिया। आरोपी तारा चंद्र शर्मा ने खुद को मृत घोषित करते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया।

# गृह कलह के चलते महिला की मौत से गांव में सनसनी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव भंगेला में शुक्रवार देर रात एक विवाहित महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान वर्षा पत्नी राहुल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद के चलते महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की प्रारंभिक जांच शुरू की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी। हालांकि इस दौरान मृतका के परिजनों ने कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया और किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई करने से इंकार कर दिया।

पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और नियमों के तहत शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। महिला की असामयिक मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## रामपुरी की सड़क निर्माण में अड़ंगा

**मुजफ्फरनगर।** रामपुरी क्षेत्र में प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य दबंगों के विरोध के चलते पिछले 15 दिनों से ठप पड़ा है। बंद गली के अंतिम छोर पर रहने वाले दो लोगों पर अवैध कब्जा कर सड़क निर्माण रुकवाने और मौहल्लेवासियों से रोजाना झगड़ा करने के गंभीर आरोप लगे हैं। परेशान लोगों ने मामले की शिकायत नगर पालिकाध्यक्ष से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। दरअसल वार्ड संख्या 21 के अंतर्गत रामपुरी गेट की एक लिंक गली में निर्माण कार्य राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल की निधि से कराया जा रहा है। कार्य शुरू होते ही विवादों में घिर गया है। मौहल्लेवासियों का आरोप है कि उक्त गली बंद है और इसके अंतिम छोर पर आमने-सामने रहने वाले दो दबंग पड़ोसी पूरे मौहल्ले के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। आरोप है कि दोनों ने अपने-अपने मकानों के सामने सड़क को ऊंचा कर रखा है तथा सार्वजनिक मार्ग पर अवैध कब्जा कर उसे निजी पार्किंग के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। जब ठेकेदार द्वारा पक्की सड़क का निर्माण शुरू किया गया तो इन लोगों ने निर्माण कार्य में बाधा डालते हुए उसे रुकवा दिया।

शनिवार को रामपुरी के लोग वार्ड सभासद रजत धीमान के साथ पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप एवं भाजपा नेता गौरव स्वरूप से मुलाकात करने पहुंचे लोगों ने आरोप लगाया है कि सभासद रजत धीमान ने जब मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपितों को समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने सभासद के साथ भी दुर्व्यवहार किया। इससे मौहल्लेवासियों में रोष व्याप्त है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने अधिशासी अधिकारी को शिकायत का संज्ञान लेकर जांच कराने तथा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# आवारा कुत्ते ने बच्चे को काटकर किया जख्मी

**बुढ़ाना।** आवारा कुत्तों के झुंड ने एक बच्चे पर जानलेवा हमला बोल दिया। बच्चे के हाथ को लहुलुहान कर दिया। घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार दिलाया गया। उधर इस घटना से बच्चे बाहर नहीं निकल पा रहे हैं और कुत्तों का जमावड़ा मौहल्ले में ज्यूं का त्यूं है। मिली जानकारी के अनुसार अभी पांच दिन पूर्व ही बुढ़ाना कस्बे के बड़े बाजार में कुत्तों की फौज ने रात के समय बाइक से अपने गंतव्य को जा रहे बाइक पर सवार बुढ़ाना निवासी राशिद अहमद नाम के एक युवक को काट लिया था। अभी इस घटना को लोग भूले भी नहीं थे कि बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला दक्षिणी भटवाड़ा में बीती शुक्रवार की देर रात आवारा कुत्तों के झुंड ने लगभग आठ साल के समद पुत्र काला अहमद कोष घेरकर बुरी तरह से भंभोड़ दिया। समद अपने भाई के साथ बाजार से लौट रहा था तब यह घटना हुई। कुत्तों ने समद के हाथ को पूरी तरह से खून से तरबतर कर दिया।

शोर शराबा सुनकर मौके पर आए मौहल्ले के लोगों ने लाठी डंडे लेकर कुत्तों को भगाया और समद को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाकर उसके परिजनों को उक्त घटना की सूचना दी तो परिजन जख्मी समद अहमद को हस्पताल में ले गये और उसका उपचार कराया। ये आवारा कुत्ते कुछ ही देर बाद फिर वहीं पर आकर जम गये। इस घटना से मौहल्ले के अन्य बच्चों को उनके परिजन बाहर निकलने नहीं दे रहे हैं। लोगों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गयी है। लोगों ने एसडीएम बुढ़ाना से आवारा फिर रहे सभी कुत्तों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाए जाने की गुहार लगाई है।

# शत्रु संपत्ति पर चला कानून का डंडा, सवा दो बीघा जमीन पुलिस के नाम

## खसरा 301/02 पर बनेगा सीओ कार्यालय व पुलिस हॉस्टल, अवैध कब्जाधारियों को बड़ा झटका

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र में शत्रु संपत्ति को लेकर चल रहे लंबे विवाद का आखिरकार निर्णायक अंत हो गया।

प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भूमाफियाओं द्वारा कब्जाई गई सवा दो बीघा शत्रु संपत्ति पूरी तरह मुक्त कराकर पुलिस विभाग के नाम दर्ज कर दी गई है। खसरा संख्या 301/02 पर स्थित इस भूमि पर अब सर्किल ऑफिसर कार्यालय और पुलिस हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा।

बताया जा रहा है कि गंगनहर क्षेत्र में शराफान व सद्दीकनगर के पास स्थित यह जमीन वर्षों से शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज थी। इसी का फायदा उठाकर कुछ स्थानीय भूमाफियाओं ने अवैध कब्जा कर लिया और फर्जी बैनामों के जरिए करोड़ों रुपये का खेल रच डाला। आरोप है कि इस जमीन को बेचने के लिए 'मरियम' नाम की महिला को आगे कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए, जबकि वास्तविकता यह थी कि मरियम वर्षों पहले पाकिस्तान जा चुकी थी। मामले की शिकायत जब मुख्यमंत्री कार्यालय और जिला प्रशासन तक पहुंची तो प्रशासनिक स्तर पर जांच शुरू हुई। मीडिया में मामला उजागर होने के बाद दबाव बढ़ा और कुछ भूमाफियाओं को खरीदारों को लाखों रुपये वापस करने पड़े। इसके बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए शत्रु संपत्ति को कब्जा मुक्त कराया और तहसील के अधीन लेकर खतौनी में दर्ज कर दिया।खतौनी में नाम दर्ज होने के पश्चात पुलिस विभाग ने यहां सीओ कार्यालय और पुलिस हॉस्टल निर्माण का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा, जिसे लंबी प्रक्रिया के बाद स्वीकृति मिल गई।

अब जमीन आधिकारिक रूप से पुलिस विभाग को आवंटित कर दी गई है और चारदीवारी निर्माण की तैयारी शुरू हो चुकी है। इस फैसले से शराफान और सद्दीकनगर क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सीओ कार्यालय और पुलिस हॉस्टल बनने से क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी बढ़ेगी, अपराध पर अंकुश लगेगा और सुरक्षा व्यवस्था पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी।



मुजफ्फरनगर: बैठक में कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते सपा जिलाध्यक्ष।

# लापता महिलाओं और युवतियों की गहन जांच कराने की मांग

**■ हिन्दू युवा वाहिनी ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हिंदू युवा वाहिनी ने शनिवार को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र, विशेषकर नोएडा से हिंदू महिलाओं और युवतियों के लगातार लापता होने पर गहरी चिंता व्यक्त की।

वाहिनी ने इन घटनाओं को सामान्य गुमशुदगी के बजाय संगठित मानव तस्करी गिरोहों की साजिश बताया और उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि दिल्ली और नोएडा क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाओं और नाबा. लिग बच्चियों के लापता होने की खबरें सामने आ रही हैं।

हिंदू युवा वाहिनी ने इसे समाज और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया। संगठन ने दावा किया कि विश्वसनीय सूत्रों और रिपोर्टों के आधार पर आशंका है कि इन महिलाओं को खाड़ी देशों में ले जाकर अमानवीय शोषण, जबरन श्रम और देह व्यापार जैसे अपराधों में धकेला जा रहा है।

संगठन ने इन घटनाओं को मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन करार दिया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि दिल्ली, नोएडा और एनसीआर क्षेत्र से लापता महिलाओं और युवतियों के मामलों की उच्च स्तरीय जांच सीबीआई या विशेष टास्क फोर्स से कराई जाए।

इसके अतिरिक्त, अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरो. हों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच विशेष समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

ज्ञापन में खाड़ी देशों में भारतीय महिलाओं के शोषण के मामलों पर राजनयिक स्तर पर कड़े कदम उठाने की भी मांग की गई है।

साथ ही, हवाई अड्डों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर महिला सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने तथा लापता महिलाओं के परिजनों को शीघ्र न्याय और सहायता प्रदान करने की अपील की गई है।

हिंदू युवा वाहिनी ने विश्वास व्यक्त किया है कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री इस संवेदनशील विषय पर शीघ्र संज्ञान लेंगे और ठोस कार्रवाई करेंगे, ताकि देश की मातृशक्ति की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित हो सके।

# कई चौकी प्रभारियों के फेरबदल, परासौली इंचार्ज को हटाया

## दरोगा से पदोन्नति हुए केपी सिंह को सिविल लाईन का क्राईम इंस्पैक्टर बनाया

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा ने जनपद में अपराधिक ग्राफ कम करने और बदमाशों पर लगाम कसने के लिए एक बार फिर दरोगाओं में फेरबदल किये हैं।

कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसएसपी ने कई चौकी इंचार्जो को इधर से उधर करते हुए परसौली चौकी प्रभारी गुलाब तिवारी को उनके पद से हटा दिया है। एसएसपी ने दरोगा संजय तोमर को पुरकाजी थाना भेजा है और सब इंसपैक्टर विशाल राठी को जानसठ कोतवाली में नियुक्त किया है। वहीं दरोगा मिथुन दीक्षित को अपराध शाखा में तैनात कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने दरोगा शिवकुमार को सिविल लाईन थाने में एसएसआई के पद पर नियुक्त किया है और एसएसआई को पदोन्नति के बाद क्राईम इंसपैक्टर की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने तितावी थाने की चौकी में तैनात दरोगा का भी तबादला किया है और सिखेडा थाने में तैनात दरोगा रिंकू चौधरी को परसौली इंचार्ज बनाया है। एसएसपी ने तितावी क्षेत्र की चौकी ढिंढावली के इंचार्ज अभिषेक को शाहपुर थाने भेजा है, जबकि ढिंढावली चौकी पर विकास कुमार को प्रभारी पद पर नियुक्त किया है। विभाग में यह भी चर्चा है कि एसएसपी अभी कई ओर थाना इंचार्जो को इधर से उधर करेंगे।

**छपार।** एसआईआर को लेकर छपार में एक केंप का आयोजन किया गया जिसमें आईडी प्रमाणित करने का कार्य किया गया।

छपार के जय भारत इंटर कॉलेज में एसआईआर के केंप में जिन लोगों की आईडी 2003 से नहीं मिल रही थी उनका मिलान किया गया उसके लिए महिला, पुरुषों की भीड लगी रही केंप में एईआरओ डाक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि जिन लोगों की आईडी प्रमाणित नहीं थी। उन्हें प्रमाणित किया जा रहा है कुछ आईडी का मिलान भी किया जा रहा है।सुधीर त्यागी बीएलओ, संजीव कुमार,नीरज कुमार,अगम शर्मा, मोतीलाल,विनय भारद्वाज,उषा त्यागी,गुलनसीब आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# पैसे बंटवारे को लेकर बैंड मास्टर के बीच हाथापाई में कार्रवाई शुरू

**■ बैन्ड मास्टरों की लड़ाई को शिवचौक पर सैकड़ों लोगों ने देखा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बैंड-बाजे में कार्यक्रम के दौरान मिले पैसे के बंटवारे को लेकर शिवचौक के निकट बैंड बाजा बजाने वाली टीम में जबरदस्त मारपीट हो गई। काफी देर तक यहां बैंडबाजे वाले एक दूसरे पर वार करते रहे।

इस समय यहां भीड़ इकट्ठा हो गई थी। लोगों ने पैसे के बंटवारे को लेकर भिड़ रहे बैंडबाजे वालों को छुडाने का प्रयास किया, लेकिन झगडा बढता ही गया। इस दौरान एक दूसरे का गिरेबान उनके हाथों में था।

बताया जाता है कि किसी तरह यह वीडियो वायरल हो गई, कई रोज तक यह मामला दबा रहा लेकिन बीती रात बैंडबाजे वालों के बीच हो रहे घमासान की वीडियो वायरल हुई तो पुलिस अधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया और कोतवाली पुलिस ने इस मामले में छानबीन शुरू की। अब तक की जांच में यह आया है कि कार्यक्रम के दौरान मिले पैसे के बंटवारे को लेकर टीम के मास्टर के बीच हाथापाई और मारपीट शुरू हुई थी।



बुढाना:रोज डे पर फूल विक्रेता से गुलाब खरीदता युवक।

# रोज डे पर महंगे दामों पर बिके गुलाब के फूल

**■ वैलेन्टाईन डे तक फूल बाजार में बनी रहेगी रौनक**

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** शनिवार की प्रथम रात्रि से ही प्यार के एक खूबसूरत और रूहानी एहसास के साथ ही वेलेंटाइन वीक का आगाज हो गया। रोज डे से शुरु हुए इस वेलेंटाइन डे के पहले दिन ही रोज डे के साथ विशेष रूप से युवक युवतियां प्यार के इस सुनहरे सफर पर निकले। सुबह से ही कस्बे में चुनिंदा फूलों के स्टॉल पर गुलाब के फूलों की बिक्री हुई।

विशेष रुप से अगर देखा जाए तो इस वेलेंटाइन डे त्योहार को भुनाने के लिए खासकर बुढ़ाना कस्बे का बडा बाजार विभिन्न उपहार, चॉकलेट, ग्रीटिंग कार्ड, टेडी और फूलों से सजे हैं। युवक और युवतियों के प्यार के इजहार का सप्ताह शुरू होने के साथ ही खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आगामी 14 फरवरी को मनाए जाने वाले इस वैलेंटाइन डे का युवाओं को बेसब्री से इंतजार है। गुलाब के फूलों से कस्बे में सजी गुलाब की दो चार दुकानों पर शनिवार को गुलाब के खूब फूल बिके। जिसमें युवकों ने युवतियों को चोरी छिपे निश्चित स्थान पर बुलाकर गुलाब के फूल दिए। इस पहले दिन बुढ़ाना क्षेत्र के करीब सभी ओयो होटल प्रेमी प्रेमिकाओं से भरे रहे और प्रेमियों ने अपनी प्रेमिकाओं को गुलाब के फूल भेंट कर वेलेंटाइन वीक की शुरुआत की। रोज डे पर गुलाब 150 रुपये तक ब्लेक से बिका। गुलाब खरीदने के लिए खासकर युवा वर्ग में काफी होड़ रही। रोज डे के लिए अपने जज्बातों को बयां करने के लिए युवाओं ने खासी तैयारियां की हुई थी। किसी ने गुलाब के ताजे फूलों का बुके बनवाया तो किसी ने बनावटी फूल देकर रोज डे को यादगार बनाया। वहीं प्रेमी प्रेमिका, विवाहित जोड़े, दोस्त सब एक दूसरे को बधाई देते नजर आए। वैलेंटाइन वीक में गुलाब के दाम भी बढ़ते दिखाई दिए। वैसे आम दिनों में गुलाब का फूल 20 रुपये से लेकर 30 रुपये तक में मिल जाता था लेकिन आज गुलाब का एक फूल डेढ़ सौ रुपये तक में बिका। कस्बे के एक फूल विक्रेता ने बताया कि गुलाब के ताजे फूलों के विभिन्न प्रकार के बुके बनाए गए हैं। वैसे आज फूलों की मांग अधिक रही। कुल मिलाकर प्रेमियों ने मौका लगाकर अपनी प्रेमिकाओं का गुलाब देने के बहाने दीदार किया और उन्हें मुंह दिखाई में गुलाब का फूल भेंट किया। काफी प्रेमिकाएं तो ऐसी रही कि वे अपने घर वालों से झूठे बहाने बनाकर घरों से बाहर निकली और अपने प्रेमी संग वेलेंटाइन डे मनाया जबकि काफी परिजन ऐसे भी रहे जिन्होंने अपनी बेटियों के बहानों को दरकिनार कर उनको घरों में ही रखा। वैसे अगर देखा जाए तो मोबाइल फोन पर भी प्रेमी और उनकी प्रेमिकाओं ने मजे से रोज डे मनाया।

# कोर्ट ने सुनाई अपहरण में आरोपी को उम्रकैद की सजा

## बेटे की हत्या में नामजद पिता को सबूत के अभाव में किया बरी

**मुजफ्फरनगर।** युवक का हत्या का इरादे से अपहरण करने वाले युवक को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। आरोपी ने अपने मौसेरे भाई का रंजिश के चलते अपहरण किया था। जहां युवक की माता ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। 14 वर्ष बाद आये फैसले में कोर्ट ने नामजद नौशाद को दोषी पाया और उस पर एक लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

28 अगस्त 2011 को अरशद के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि उसने हत्या के इरादे से अपने मौसेरे भाई अरशद का अपहरण किया है। यह मुकदमा अरशद की माता वहीदन की ओर से दर्ज कराया गया था। पुलिस ने लिखा पढी कर नौशाद को जेल भेज दिया था। मुकदमे में बताया था कि अरशद अपनी मौसी के घर गया था और उसके बाद वह वापस नही लौटा। छानबीन के बाद पता चला था कि नौशाद ने ही हत्या के इरादे से अपने मौसेरे भाई का अपहरण किया है। जेल भेजने के बाद पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। पुलिस ने सबूत भी कोर्ट में पेश किये थे। यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश कोर्ट तृतीय रवि दिवाकर की कोर्ट में विचाराधीन था। इस मुकदमे की पैरोकारी अभियोजन की ओर से शासकीय अधिवक्ता कुलदीप कुमार ने की। इस मुकदमे में गवाह व कुछ साक्ष्य पेश किये गये। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से सुना और नौशाद को दोषी मानते हुए उसको आजीवन कारावास व 1 लाख रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं एक ओर मामले में जिला न्यायधीश विरेन्द्र कुमार सिंह ने युवक की हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए नामजद पिता को सबूत के अभाव में बरी कर दिया है। यह मुकदमा 22 मार्च 2021 को थाना कोतवाली में दर्ज हुआ था, जहां पूनम ने अपने बेटे दीपक की हत्या का आरोप अपने पति बिजेन्द्र पर लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पूनम ने बताया था कि हथौडे से हमला कर उसके पति व बेटे की हत्या की है। पुलिस ने जेल भेजने के बाद कोर्ट में आरोप पत्र प्रस्तुत कर दिया था। इस मुकदमे की पैरोकारी अधिवक्ता वकार अहमद ने की। जहां अधिवक्ता ने अपने तर्क कोर्ट में रखे कुछ दलीले पेश की। कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से सुना और सबूतों के अभाव मे बिजेन्द्र को बरी कर दिया है। यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला छिंपीवाडा की है।

## तहसील परिसर में फैले भ्रष्टाचार का मामला...

# 12 फरवरी की महापंचायत को लेकर 12 गांवों का किया दौरा

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक प्रशासन की हठधर्मी को लेकर अपनी बात पर अडिग हैं। वह आगामी 12 फरवरी को बुढ़ाना तहसील परिसर में एक बड़ी महापंचायत बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित करीब सब कार्यालयों में फैले भ्रष्टाचार और बुढ़ाना तहसीलदार के रवैये को लेकर करेंगे।

इसी को लेकर आज उन्होंने बुढ़ाना ब्लाक के 12 गांवों का तुफानी दौरा किया और हजारों लोगों से संपर्क कर सभी को 12 फरवरी को बुढ़ाना तहसील परिसर में होने वाली महाप. ंचायत का न्यौता दिया। उन्होंने जिन गांवों का आज दौरा किया उनमें गांव गढ़ी सखावतपुर, गांव रायपुर अटेरना, गांव लोई, गांव सराय, गांव फतेहपुर नीमखेडी, गांव सदरुद्दीन. नगर, गांव कुरालसी, गांव परासौली और गांव जोगिया खेड़ा सहित अन्य गांव हैं। पूर्व प्रमुख विनोद मलिक को 12 कारों के काफिले के साथ तुफानी दौरे में सभी ग्रामीणों का समर्थन मिला। सभी ने कहा कि हम भी तहसील के कई कर्मचारियों से पीड़ित हैं। बिना श्वित कोई भी काम नही हो रहा है। हम हजारों की संख्या में पहुंचकर प्रशासन को अपने पूर्व प्रमुख की ताकत दिखाएंगे। अफसोस है कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों के भी काम नहीं कर रहे। उनको गुंडा बता रहे हैं। इस बात को हम बर्दाश्त नहीं कर सकते। पूर्व प्रमुख के साथ नरेंद्र सिंह, दरियावष सिंह, महबूब अली, लविश जांगिड, कर्मवीर सिंह, शाहिद सिद्दीकी, अफलातून, संजीव कुमार, पप्पू और राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



बुढाना: पंचायत को सम्बोधित करते पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद मलिक।

# घूसखोर पंडित फिल्म समाज को तोड़ने का षड्यंत्र : कपिल देव

**■ देर शाम केन्द्र सरकार ने लगाई फिल्म पर रोक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फिल्म घूसखोर पंडित को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने फिल्म के नाम और विषय वस्तु को अत्यंत निंदनीय बताते हुए इसे समाज को विभाजित करने वाला षडङंत्र करार दिया है।

राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि किसी जाति या वर्ग विशेष का नाम लेकर इस प्रकार की टिप्पणी करना बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। उन्होंने सवाल उठाया कि फिल्म का ऐसा नाम रखने का साहस आखिर कैसे किया गया। मंत्री ने कहा कि इस तरह के शीर्षक से समाज की भावनाएं आहत होती हैं और सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचता है। मंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों पर गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज होना चाहिए और दोषियों को जेल जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह मामला केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा का नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का है। समाज को तोड़ने वाले किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर फिल्म से जुड़े लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। उन्होंने इसे सही दिशा में उठाया गया कदम बताते हुए कहा कि इस तरह कीष बेहूदगीष पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चों और युवाओं पर डिजिटल कंटेंट का गहरा प्रभाव पड़ रहा है।

हाल ही में गाजियाबाद की एक दर्दनाक घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं पूरे समाज के लिए चेता. वनी हैं। राज्य मंत्री ने कहा कि बच्चों और युवाओं की गति. विधियों पर नजर रखना केवल सरकार की नहीं, बल्कि माता-पिता और समाज की भी जिम्मेदारी है। बच्चों के मोबाइल उपयोग, सोशल मीडिया गति. विधि मित्रों और शैक्षणिक परिवेश पर सतत ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि वे गलत दिशा में न जाएं। मंत्री ने दोहराया कि तकनीक प्रगति का माध्यम है, लेकिन उसके दुरुपयोग को रोकने के लिए सजगता और सामाजिक जिम्मेदारी बेहद आवश्यक है।

# तहसील के सामने ही बदहाली, गड्ढों में डूबी सड़क बनी परेशानी का सबब

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील कार्यालय के ठीक सामने से गुजरने वाला प्रमुख मार्ग आज खुद प्रशासन के लिए सवाल बन चुका है। स्वीकृति मिलने के बावजूद सड़क निर्माण कार्य शुरू न होने से यह मार्ग लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। जगह-जगह उखड़ी सड़क, गहरे ग्ढ्ढे और उनमें भरा बारिश का पानी रोज़ाना हादसों को खुला निमंत्रण दे रहा है।

यह वही मार्ग है जो इंटर कॉलेज, शमशान घाट, जगत कॉलोनी सहित कई रिहायशी इलाकों को जोड़ता है। हर दिन इसी रास्ते से स्कूली बच्चे, अधिवक्ता, कर्मचारी और आम लोग गुजरने को मजबूर हैं। हालात इतने बदतर हैं कि शव यात्रा के दौरान अर्थी के फिसलने का खतरा बना रहता है, वहीं बच्चे आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

अधिवक्ताओं सचिन आर्य, राजवीर सिंह, सरदार जितेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, प्रमोद शर्मा, जगदीश आर्य और अभिषेक गोयल का कहना है कि जलभराव के कारण वाहन बार-बार फंस जाते हैं और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जगत कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि इंटर कॉलेज जाने वाले छात्र ग्ढ्ढों से भरे पानी के बीच होकर स्कूल पहुंचते हैं। कई बार स्कूल वाहन फंस चुके हैं और पलटने से बाल-बाल बचे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग, एसडीएम निकिता शर्मा और तहसीलदार को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन महीनों बीतने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। हैरानी की बात यह है कि यह सड़क तहसील कार्यालय के बिल्कुल सामने है, जहां प्रशासनिक अधिकारी रोज़ाना आते-जाते हैं, फिर भी बदहाली जस की तस बनी हुई है। जानसठ मार्ग ओवरब्रिज के नीचे से लेकर बुआड़ा मार्ग तक की सड़क भी जर्जर हालत में है। अनिल पुंडीर, सुभाष, राकेश और अमित ने बताया कि बार-बार शिकायत करने के



बावजूद प्रशासन ने आंखें मूंद रखी हैं। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के गड्ढा-मुक्त सड़कों के दावे यहां जमीन पर दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। समय रहते समाधान न हुआ तो यह मार्ग किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

## 5.092 किलो गांजा बरामद

**बुढ़ाना।** सहारनपुर परिक्षेत्र के डीआइजी अभिषेक सिंह के नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास अवैध रूप से 5.092 किलोग्राम नशीला पदार्थ अवैध रुप से बरामद किया है। सीओ बुढ़ाना के निर्देश पर उप निरीक्षक अनुपम सारस्वत ने अन्य उप निरीक्षक संदीप चौधरी, उप निरीक्षक छविकांत चौहान, हैड कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह और कांस्टेबल गौरव पूनिया की मदद से एक खास मुखबिर की सटीक सूचना पर गश्त करने के दौरान बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में स्थित गैस के एक गौदाम के पास से संदिग्ध अवस्था में घेरकर गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस टीम ने नशीला गांजा बरामद किया। पूछताछ में पकड़े गये युवक ने अपना नाम सरताज उर्फ मोनू पुत्र बाबू निवासी मौहल्ला मोर वाली प्याऊ बुढाना बताया। पकड़े गये नशे के सौदागर पर पहले से ही अपराधिक मामला दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि डीआईजी के द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत बुढ़ाना पुलिस अब तक नशे के कई सोदागरों को जेल भेज चुकी है। पुलिस का मकसद बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र से नशे के काले कारोबार का पूर्ण रुप से सफाया करना है।

# तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं के तेवर सख्त, छठे दिन भी आंदोलन रहा जारी

## पैदल मार्च निकालकर एडीएम (ई) को सौंपा ज्ञापन, पटल न बदले जाने तक संघर्ष का ऐलान



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में बार एसोसिएशन द्वारा शुरू किया गया आंदोलन शनिवार को छठे दिन भी पूरे जोश के साथ जारी रहा। लगातार छह दिनों से धरना-प्रदर्शन के बावजूद तहसील प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल न होने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश और गहराता जा रहा है।

शनिवार को तहसील समाधान दिवस के मौके पर अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में पैदल मार्च निकालते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। मार्च के उपरांत अधिवक्ताओं ने मंडलायुक्त सहारनपुर के नाम एडीएम द्धईऋ संजय कुमार को ज्ञापन सौंपकर तहसील में फैले भ्रष्टाचार पर तत्काल प्रभाव से अंकुश लगाने की मांग की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कुमार उपाध्याय ने कहा कि आंदोलन के इतने दिनों बाद भी किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का समस्याएं सुनने न आना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे साफ है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को नजरअंदाज कर रहा है। महासचिव प्रदीप कुमार एडवोकेट ने दो टूक कहा कि जब तक एसडीएम कोर्ट और तहसीलदार कोर्ट में तैनात पेसकारों के पटल बदले नहीं जाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने जानसठ तहसील बार एसोसिएशन द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार जताते हुए बताया कि समर्थन स्वरूप आज और कल हड़ताल रहेगी। पूर्व महासचिव सचिन आर्य ने कहा कि पिछले चार दिनों से तहस. ीलदार व उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई भी अधिकारी वार्ता के लिए आगे नहीं आया, जो प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है। वहीं एडीएम (ई) संजय कुमार ने अधिवक्ताओं का ज्ञापन स्वीकार करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।प्रदर्शन में पूर्व अध्यक्ष जगदीश आर्य, सरदार जितेंद्र सिंह, जितेंद्र त्यागी, पूर्व महासचिव दिमाग सिंह, लाल सिंह, नवाब सिंह सहित सत्य प्रकाश सैनी, राजवीर सिंह, शाकिर अहमद, मोहम्मद अरशद, कुंवर सुलेमान खान, सत्यम कुमार, गंगा शरण गौतम, रोशनी सैनी, शकुंतला देवी, रवि कुमार, प्रमोद शर्मा, मुकेश शर्मा, दिनेश कौशिक, पवन कुमार, अनुज तोमर, राम रोशन दास, सावन कुमार समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स0 13623/19.09.25 में गलती से पुत्री का नाम समायरा त्यागी अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम आध्या त्यागी है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक**
**आयुष कुमार त्यागी**
**निवासी - गाज़ावाली, मुज़फ्फरनगर।**

## हिस्ट्रीशीटर को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**भोपा।** गांव नंगला बुजुर्ग गंग नहर पुल पर पुलिस ने रात में मुठभेड के दौरान हिस्ट्रीशीटर शाहनजर को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि में उप निरीक्षक सुमित चौधरी व सपन चौधरी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर गांव नंगला बुजुर्ग गंग नहर पर हिस्ट्रीशीटर शाहनजर पुत्र मुन्तियाज निवासी ग्राम नंगला बुजुर्ग को मुठभेड में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया तथा उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किए। इससे पहले भी उसके विरुद्ध गोकशी, अवैध हथियार, गुंडा एक्ट, गैगस्टर एक्ट के 22 मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

**आवश्यकता है**

**लाला सुखलाल सनातन धर्म इण्टर कॉलेज पुरकाजी (मु.नगर) (वित्तविहीन मान्यता प्राप्त)**

1. पद: प्रधानाचार्य
योग्यता: परास्नातक बी.एड.

2. पद: **पी.जी.टी.** (हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान)
योग्यता: सम्बन्धित विषय में परास्नातक के साथ बी.एड. अनिवार्य

3. पद: **टी.जी.टी.** (गणित, सामाजिक विज्ञान, गृह विज्ञान)
योग्यता: सम्बन्धित विषय में परास्नातक के साथ बी.एड. अनिवार्य

4. पद: **कम्प्यूटर ऑपरेटर**
योग्यता: **कम्प्यूटर कार्य में दक्ष**
वेतन: योग्यतानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 28-02-2026 तक अपना बायोडाटा 8630885960 पर व्हाट्सअप करें। साक्षात्कार की सूचना फोन द्वारा दी जाएगी।

**नोट- 1. अनुभवी अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी। 2. कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा।**
**(श्याम सुन्दर) प्रबन्धक**

**सार्वजनिक सूचना**

मैने अपना नाम **KAJAR** से बदलकर **KHIJAR ABBAS** रख लिया है। भविष्य में मुझे **KHIJAR ABBAS** के नाम से जाना व पहचाना जाए।

MURAD PURA
(BAGHRA)
MUZAFFARNAGAR

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सचिन उर्फ छोटू व उसकी पत्नी ज्योति मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। मेरा पुत्र गलत संगत में पड़ गया है। नशे आदी बुरे कामों में लिप्त हो गया है। ये दोनों मेरे व मेरे परिवार के साथ आये दिन लडाई झगडा करते थे। इसलिए मैने व मेरे परिवार ने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन दोनों को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होगें।

**अजनवीर पुत्र दिलेराम**
**निवासी ग्राम हरैटी थाना पुरकाजी**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र **MOHD ARISH MALIK** के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 264/1-1-22 (जारी करने के दिनांक 15/01/2022) उक्त में त्रुटि वश पिता के रूप में मेरा नाम **मौ अजीम मलिक** हो गया है जबकि सभी अभिलेखों में नाम **MOHAMMAD AZEEM (मोहम्मद अजीम)** अंकित है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**मोहम्मद अजीम पुत्र मो दिलशाद**
निवासी: 1110, रामपुरी,
मुजफ्फरनगर, मो 8865895574

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र **MOHD AREEB MALIK** के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 4866/1-4-25 (जारी करने के दिनांक 18/04/2025) उक्त में त्रुटि वश मेरे पुत्र का नाम **M. AREEB** हो गया है जबकि सही नाम **MOHD AREEB MALIK** है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**मोहम्मद अजीम पुत्र मो दिलशाद**
निवासी: 1110, रामपुरी,
मुजफ्फरनगर, मो 8865895574

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्री युवराज राजदेव, पुत्र श्री रूपेश कुमार, निवासी ए-102, डिफेन्स कॉलोनी, मवाना रोड मेरठ कैंट, जिला-मेरठ, उ०प्र० के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं0: MZDA/BP/ 25-26/0375 के द्वारा अपनी भूमि प्लॉट नं0-15/सी. 14/सी. मौहल्ला-नईमण्डी, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के कुल क्षेत्रफल 72.00 वर्गमी0 पर 'रिटेल शॉप' के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
प्रश्नगत स्थल प्लॉट नं0-15/सी. 14/सी. मौहल्ला-नईमण्डी, जिला-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 'निर्मित क्षेत्र' भू-उपयोग में दर्शित है।
अवगत कराना है कि उ०प्र० विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगुलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.1 के अनुसार 'निर्मित क्षेत्र' भू-उपयोग के अन्तर्गत 'रिटेल शॉप' की क्रिया सामान्यतः अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन/महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग(भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव, विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्री निकुंज राजदेव, पुत्र श्री गौरव राजदेव, निवासी ए-102, डिफेन्स कॉलोनी, मवाना रोड मेरठ कैंट, जिला-मेरठ, उ०प्र० के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं0: MZDA/BP/25-26/0378 के द्वारा अपनी भूमि प्लॉट नं0-15/ए. 14/ए. मौहल्ला-नईमण्डी, जनपद- मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के कुल क्षेत्रफल 72.00 वर्गमी० पर 'रिटेल शॉप' के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
प्रश्नगत स्थल प्लॉट नं0- 15/ए. 14/ए. मौहल्ला-नईमण्डी, जिला-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 'निर्मित क्षेत्र' भू-उपयोग में दर्शित है।
अवगत कराना है कि उ०प्र० विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15(आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.1 के अनुसार 'निर्मित क्षेत्र' भू-उपयोग के अन्तर्गत "रिटेल शॉप" की क्रिया सामान्यतः अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन/महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग(भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।
उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव, विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्री आर्यन राजदेव, पुत्र श्री राकेश कुमार, निवासी ए-102, डिफेन्स कॉलोनी, मवाना रोड मेरठ कैंट, जिला-मेरठ, उ०प्र० के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं0: MZDA/BP/25-26/0394 के द्वारा अपनी भूमि प्लॉट नं0-15/बी. 14/बी. मौहल्ला-नईमण्डी, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ०प्र० के कुल क्षेत्रफल 72.00 वर्गमी0 पर 'रिटेल शॉप' के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
प्रश्नगत स्थल प्लॉट नं0-15/बी. 14/बी. मौहल्ला-नईमण्डी, जिला-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 'निर्मित क्षेत्र' भू-उपयोग में दर्शित है।
अवगत कराना है कि उ०प्र० विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15(आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.1 के अनुसार 'निर्मित क्षेत्र' भू-उपयोग के अन्तर्गत 'रिटेल शॉप' की क्रिया सामान्यतः अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन/महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।
उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव, विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

# जिलाधिकारी ने तहसील सदर का किया निरीक्षण, संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने तहसील सदर तथा उप जिलाधिकारी कार्यालय / न्यायालय का निरीक्षण किया जिसमें संग्रह अनुभाग में कार्य संतोषजनक पाया गया। राजस्व निरीक्षक (कार्यालय) भूलेख अभिलेखागार के बस्तों में रखे अभिलेखो का निरीक्षण किया गया जिसमे रखे हुए सभी अभिलेख बस्ता सूची के अनुसार पाये गये। न्यायालय से प्राप्त परवाना अमलद. रामद के सम्बन्ध में आर-6 पंजिका में अमलदरामद की प्रविष्टियों को देखा गया तथा न्यायालय से प्राप्त होने वाले परवाना अमलदरामद की शीघ्र अभिलेखों के प्रविष्टि करने के जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये गये। उन्होंने न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर का निरीक्षण किया गया। न्यायालय तहसीलदार की निस्तारित पत्रावलियों का अवलोकन किया गया जिसमें पाया गया कि तहसीलदार सदर के द्वारा बैनामा से पंजीकृत पत्रावलियों को उभय पक्षों की अनुपस्थिति में अदम पैरवी में खारिज किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये गये कि बैनामा से प्राप्त वाद पत्रावलियों का अदम परैवी में खारिज न किया जाये। इस अवसर पर उप जिला. धिकारी सदर प्रवीण कुमार द्विवेदी तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़ सहित अन्य संबंधी अधिकारी उपस्थित रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद**

में शमशाद पुत्र बशीर, निवासी मौहल्ला चमारान, कस्बा बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र समीर गलत संगत में पड़ गया है। जिसे मैंने समझाने का काफी प्रयास किया मगर अब भी वह अपनी हरकतों से बिल्कुल भी बाज नहीं आ रहा है। वह आये दिन लडाई झगडा करता रहता है। जिससे मैं व मेरा परिवार बहुत दुखी है। अब मैंने अपने पुत्र समीर को अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से आज बेदखल कर दिया है। अब समीर अपने द्वारा किये गये किसी भी अच्छे या बुरे कार्यो का खुद ही जिम्मेदार होगा। मेरी या मेरे परिवार की कोई भी जिम्मेदारी नही होगी।

**प्रार्थी**
**शमशाद पुत्र बशीर, निवासी मौहल्ला चमारान, कस्बा बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर।**

# गोल्डन पब्लिक स्कूल में उत्कृष्ट उत्सव का आयोजन




**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में पचेंडा रोड स्थित, गोल्डन पब्लिक स्कूल में उत्कृष्ट उत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। जिसमें विद्यालय की कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन नियमितता, विषय उत्कृष्टता एवं अन्य प्रदर्शनों और योग्यताओं के आधार पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं सह पाठयक्रम गति. विधियों में उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्या द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

कक्षा 6 से 12 तक प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले सरस अरोरा, गंतव्य खोकर, प्रीति वर्मा, मैथिली गर्ग, आरुष गुप्ता, मुस्कान, मोहम्मद अहमद आदि छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं आराध्या दीक्षित ने विज्ञान में, नरगिस ने हिंदी और सूचना-प्रौद्योगिकी में, आरुष गुप्ता ने गणित में, आहाना चौधरी ने सामाजिक-विज्ञान में और तनु सिंह पंवार ने अंग्रेजी में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। कक्षा 12 के छात्र मोहम्मद अहमद, चिराग पंवार, पलक सागर, प्रियम, स्पर्श चौधरी, निहारिका, रजत पाल, मनी गौतम, अरीन और अर्शिया नाज़ ने परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए।

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्रसेन बिंदल ,उपाध्यक्ष अनमोल ढींगरा जी, सचिव सुशील कुमार , उपसचिव रितिका बिंदल तथा कोषाध्यक्षा रितु शर्मा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के मार्ग पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा-विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थियों ने न केवल परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं, बल्कि खेल, सांस्कृतिक गति. विधियों, विज्ञान प्रदर्शनी, कला एवं साहित्य के क्षेत्र में भी विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम का संचालन प्रिंस वर्मा व ज्योति पंवार के द्वारा किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# एमएससी (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा एमएससी (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के एमएससी (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। जिसमें कल्याणी सैनी ने 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दूसरे स्थान पर आस्था ने 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये तथा तीसरे स्थान पर अकांशा स्नेही ने 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरावान्वित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. सचिन गोयल, डा. नवनीत वर्मा (डीन) द्वारा छात्राओं को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सभी छात्राओं ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया।




प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों व छात्राओं को शुभकामनाएं दी और छात्राओं को भविष्य में भी इसी प्रकार उन्नति करने हेतु प्रेरित किया और बताया कि महाविद्यालय में सभी छात्राओं को शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ उनके विकास में सहायक सभी प्रकार की तकनीकी व सांस्कृतिक गतिविधियों का वातावरण भी उपलब्ध कराया जाता है। जिससे की छात्राएं हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित कर सके। इस अवसर पर एमएससी (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) एवं बीएससी (गृहविज्ञान) संकाय से शिवांगी वशिष्ठ, नीतू शर्मा, अंजू कुमारी, शिवांगी पुण्डीर, नीलू राठी व शाजिया रहबर आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# वैश्य समाज के खिलाफ टिप्पणी से उबाल

**मुजफ्फरनगर।** सोशल मीडिया पर की जा रही कथित आपत्तिजनक और जातिसूचक टिप्पणियों से समाज में उबाल है। शनिवार को संयुक्त वैश्य मोर्चा से जुड़े पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भेजते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शलभ गुप्ता एडवोकेट, सुनील तायल सहित संयुक्त वैश्य मोर्चा के प्रति. निधि मंडल ने ज्ञापन के साथ प्रसन्न कुमार की सोशल मीडिया पोस्ट के स्क्रीनशॉट भी संलग्न किए गए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि प्रसन्न कुमार नामक व्यक्ति फेस बुक व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से वैश्य समाज के लिए श्बनिया,




नरभस्मासुर, ईस्ट इंडिया कंपनी का आदमी, लाला जैसे शब्दों का प्रयोग कर समाज को अपमानित कर रहा है। इससे वैश्य समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है और सामाजिक वैमनस्य फैलने की आशंका जताई गई है। संयुक्त वैश्य मोर्चा ने मांग की है कि उक्त व्यक्ति की सोशल मीडिया आईडी को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक कराया जाए तथा उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, जिससे सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर अंकुश लग सके। ज्ञापन में 6 फरवरी को बावनदरा पुल के पास, वामनहेड़ी स्थित वैश्य समाज के उद्यमी अंशुल सिंघल एवं दीपक जैन की फैक्टरी में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन घुसपैठ, गुंडागर्दी, अवैध मांगें रखने और फैक्टरी उखाड़ देने की धमकी देने वालो के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग की। उन्होंने कहा कि संबंधित उद्योगों के पास प्रदूषण विभाग की वैध एनओसी मौजूद है, इसके बावजूद कुछ लोग प्रदूषण के नाम पर उत्पीड़न कर रहे हैं। संयुक्त वैश्य मोर्चा ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उत्तर प्रदेश में व्यापारी वर्ग भयमुक्त होकर अपना व्यवसाय कर सके।

## घूसखोर पंडित फिल्म पर भी आपत्ति जताई

**मुजफ्फरनगर।** नेटफ्लिक्स पर हाल ही में रिलीज हुई घूसखोर पंडित नामक फिल्म पर भी आपत्ति जताई गई है। मोर्चा ने इसे ब्राह्मण समाज के प्रति अपमानजनक बताते हुए फिल्म पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि वैश्य समाज ब्राह्मण समाज का सम्मान करता है और उन्हें पूजनीय मानता है। मोर्चा ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि जिस प्रकार अन्य समाजों के लिए जातिसूचक शब्दों के प्रयोग पर कानूनी प्रावधान हैं, उसी प्रकार वैश्य समाज के लिए भी विशेष कानून बनाया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सके।

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**चरथावल।** बाइक चोरी की घटना का चौबीस घण्टे में राजफाश करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर बाइक बरामद कर ली। दोनो आरोपितों का चालान कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार थाना-क्षेत्र के ग्राम बिरालसी निवासी अंकित कुमार ने दर्ज कराए मुकदमें में बताया था कि शुक्रवार को बाइक घर के बाहर खड़ी करके वह अंदर चला गया था। थोड़ी देर बाद देखा तो बाइक गायब हो गयी थी।उसने सभी स्थानों पर बाइक तलाश की,लेकिन कोई सुराग न लगने पर घर के सामने से बाइक चोरी होने की सूचना पुलिस को दी थी। तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस हरकत में आई और संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी। ग्राम बिरालसी-गुनियाजुड़ी मार्ग पर चे. किंग अभियान चलाया।चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक निक्की माहोर ने पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर दोनों आरोपितों को दबोच लिया। उनके कब्जे से चोरी की गयी बाइक बरामद हुई।पकड़े गए आरो. पितों की पहचान रुकबान पुत्र युसुफ व वंश पुत्र अमित निवासी कुटेसरा के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना कबूल कर ली। पुलिस ने दोनो आरोपितों का चालान कर दिया।

# नपं बोर्ड बैठक में करोड़ों रुपये के प्रस्ताव पास

## कस्बे में बनेगा ओपन जिम, अंबेडकर चौक का होगा सौंदर्यकरण

**बुढ़ाना।** शनिवार को बुढ़ाना नगर पंचायत के सभागार में बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजित हुई।

जिसमें बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्डो के सदस्य भी शामिल हुए। बैठक में नगर के चहुंमुखी विकास के प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुए। जिसमें वित्तीय वर्ष 2026 व 27 का वार्षिक अनुमानित बजट प्रारम्भिक अवशेष समेत 44 करोड़ 90 लाख 75 हजार रुपये की आय का बजट प्रस्तुत किया गया। बजट में अनुमानित व्यय 45 करोड़ 5 लाख 10 हजार रुपये का प्रावधान किया गया। सदन में पार्कों, मुख्य तिराहों, चांदनी वाला मन्दिर चौक, मजारों का सौन्दर्यकरण का कार्य, सभी नालों का सीसी निर्माण कार्य, नगर की प्रकाश व्यवस्था को सुख्ढीकरण हेतू लाईटों में ऑटोमैटिक पैनल लगवाये जाने, वार्ड 2 में अंबेडकर चौक का सौन्दर्यकरण व ओपन जिम बनवाये जाने आदि के प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुए। संचालन ईओ आलोक रंजन ने किया। यहां सभासद ऊषा, सभासद सुनीता, सभासद सुमन, सभासद पुष्पा, सभासद नूरजहां नाज, सभासद साबरा कुरैशी, सभासद सलीम कुरैशी, सभासद योगेन्द्र त्यागी, सभासद योगेश प्रजापति, सभासद नितिन शर्मा, सभासद नियम पंवार, सभासद गुलफाम खान, सभासद नसीम मियां, सभासद इमरान कुरैशी, सभासद राशिद भूरू कुरैशी, सभासद अजय संगल, लिपिक सतीश पंवार, सुधीर कुमार, दिनेश त्यागी व सुमित शर्मा आदि मौजूद रहे।



# वृद्ध संग अप्राकृतिक कुकर्म करने वाले दबोचे

**बुढ़ाना।** एक वृद्ध के साथ अप्राकृतिक कुकर्म करने के बाद विरा. ध करने पर बुरी तरह से मारपीट करके अधमरा करने वाले फरार दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक ग्राम के निवासी एक व्यक्ति ने बताया था कि बीते 6 जनवरी की शाम मेरे चाचा हिण्डन नदी किनारे खेतों में घूम रहे थे तो वहां वाजिद पुत्र महमूद निवासी हुसैनपुर कलां, दिलशाद और इकराम निवासीगण गांव उमरपुर तथा फैजान निवासी बड़ोत जनपद बागपत ने मेरे चाचा को पड़कर जबरदस्ती बारी बारी से अप्राकृतिक कुकर्म किया था। उनके शोर मचाने पर जान से मारने की नीयत से उनके सर पर सरिया से हमला कर गंभीर रूप से मारपीट की तो मौके पर आए लोगों को देखकर चारों लोग भागने लगे थे। जिनका पीछा कर एक व्यक्ति को हमारे गांव के लोगों ने पकड़ लिया था जबकि अन्य तीन लोग भाग गए थे।

तब पुलिस ने आरोपी वाजिद पुत्र महमूद निवासी हुसैनपुर कलां को जेल भेज दिया था जबकि बाकी फरार लोगों की तलाश शुरु कर दी थी। शनिवार के दिन पुलिस ने इस केस में फरार चल रहे 2 आरोपियों इकराम पुत्र इरशाद निवासी उमरपुर और फैजान पुत्र शहजाद निवासी ग्राम सिक्का थाना बडौत जिला बागपत को किसी खास मुखबिर की सूचना पर सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर खतौली तिराहे से गश्त करने के दौरान गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज ललित कुमार कसाना ने अपने अधीनस्थ उपनिरीक्षक शुभम सिंह और हैड कांस्टेबल मनोज कुमार के सहयोग से गिरफ्तार कर लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

# शिखर शिक्षा सदन में अध्यापकों के लिए वित्तीय साक्षरता एवं साइबर क्राइम जागरूकता सत्र आयोजित



**मीरापुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरापुर में अध्यापकों के लिए वित्तीय साक्षरता एवं साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सत्र का संचालन नित्या अग्रवाल एवं नारायणी अग्रवाल द्वारा किया गया, जिसमें विद्यालय के समस्त अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत एवं कोऑर्डिनेटर कृति शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों का वित्तीय रूप से जागरूक होना और साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे सत्र न केवल शिक्षकों के व्यक्तिगत जीवन को सुरक्षित बनाते हैं, बल्कि वे अपने विद्यार्थियों को भी सही मार्गदर्शन दे सकते हैं। सत्र के दौरान वक्ताओं ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने नियमित बचत, सही निवेश योजना, बजट बनाने, अनावश्यक खर्च से बचने तथा आपातकालीन फंड तैयार रखने के लाभों को सरल भाषा में समझाया। साथ ही यह भी बताया कि दीर्घकालीन वित्तीय अनुशासन से भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है। इसके अलावा साइबर क्राइम से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। ऑनलाइन फॉड, फिशिंग कॉल, फर्जी मैसेज व लिंक, ओटीपी साझा करने से होने वाली धोखाधड़ी तथा बैंकिंग साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। अध्यापकों को किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर प्रतिक्रिया न देने और अपनी व्यक्तिगत व बैंकिंग जानकारी गोपनीय रखने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यापकों ने सत्र को अत्यंत उपयोगी, व्यावहारिक और समयानुकूल बताया। अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से नित्या अग्रवाल एवं नारायणी अग्रवाल का आभार व्यक्त किया गया।

## टिकौला शुगर मिल ने 09.87 करोड़ का भुगतान किया

**मीरापुर।** टिकौला शुगर मिल ने सत्र 2025-26 के अंतर्गत गन्ना किसानों को बड़ी राहत देते हुए गन्ना मूल्य का भुगतान कर दिया है। शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष हिमांशु कुमार मंगलम ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 में दिनांक 31 जनवरी 2026 से 02 फरवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने का सम्पूर्ण भुगतान किया गया है। इस अवधि में कुल 09.87 करोड़ रुपये (नौ करोड़ सत्तासी लाख रुपये) की धनराशि सीधे चीनी मिल के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में भेजी गई है।

# नगर पंचायत अध्यक्षा ने ढलाव घर कराया ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना की अध्यक्षा श्रीमति उमा त्यागी कौशल ने चुनाव जीतने से पहले अपनी जनसभाओं में ऐलान किया था कि वह अगर बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा बनती हैं तो वे आज यहां पर जो वायदे कर रही हैं।

उसको पूरा कराया जाएगा। इन्हीं सैंकड़ों वायदों में से एक और वायदे को निभाते हुए शनिवार के दिन बुढाना नगर पंचायत की अध्यक्षा श्रीमति उमा त्यागी कौशल ने नगर पंचायत बुढ़ाना के कार्यालय के सामने और कंपोजिट जूनियर हाईस्कूल के समीप स्थित ढलावघर को ध्वस्त कराते हुए जहां अपना एक और वायदा पूरा किया वहीं लोगों में भी खुशी की लहर दौड़ गयी। अब दूसरे ढलाव घर को भी ध्वस्त कराने की कार्यवाही शुरू कराई जाएगी ऐसा अध्यक्षा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया है। इस ढलावघर के चलते लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।

बीते वर्ष 21 मई को भी बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा के प्रति. निधि और डीसीडीएफ के पूर्व अध्यक्ष सुबोध त्यागी ने भी नगर पंचायत बुढ़ाना के सभागार में प्रेस वार्ता की थी। इस प्रेस वार्ता में उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि नगर पंचायत बुढ़ाना कार्यालय के सामने और कंपोजिट जूनियर हाईस्कूल के समीप स्थित ढलावघर को हटाया जाएगा और आज एक बड़ा वायदा पूरा हो गया है। नगर पंचायत बुढ़ाना कार्यालय के सामने स्थित ढलावघर को ध्वस्त किया गया है। जल्द ही दूसरे ढलावघर को भी ध्वस्त करने की कार्यवाही शुरू होगी।

# प्लास्टिक कचरा जलाने व हरे पेड़ सुखाने वाले वाले कोल्हुओं पर की कार्रवाई

**मोरना।** मोरना -भोपा मार्ग पर गन्ना कोल्हुओ द्वारा बड़ी मात्रा मे प्रतिबंधित प्लास्टिक कचरा जलाकर हवा को दूषित करने व गर्म राख डालकर सड़क किनारे खडे हरे वृक्षों को सुखाकर पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँचाने की शिकायत ग्रामीण लगातार कर रहे थे। शनिवार को वन विभाग की टीम ने मौके पर जाकर कार्रवाई की है। कार्रवाई से कोल्हू संचालकों मे हड़कंप मच गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव ककराला मे पहुंची वन विभाग की टीम ने गन्ना कोल्हुओ मे बड़ी मात्र मे प्रतिबंधित प्लास्टिक कचरे को ईंधन के रूप मे पड़ा पाया जहां गन्ने पत्तियों के साथ प्लास्टिक कचरे को जलाया जा रहा था। वहीं कोल्हुओ से निकलने वाली गर्म राख के बड़े बड़े ढ़ेर सड़क किनारे लगाये जा रहे हैं। गर्म राख से जलकर अनेक हरे कीमती वृक्ष सुखा दिए पाए गये। वन दरोगा नन्द किशोर शर्मा ने बताया की उच्चधिकारियो के आद. शों के अनुपालन मे मोरना -भोपा मार्ग किनारे गांव ककराला मे स्थित गन्ना कोल्हुओ पर छापामारी की गयी है। जहां अंकित, शमशाद, विजयपाल, विपिन, अफजाल, कपिल के गन्ना कोल्हू को बंद कराया गया है। कोल्हू संचालको को अग्रिम कार्रवाई तक कोल्हू बंद करने को कहा गया है। कोल्हू संच. ालको द्वारा प्रतिबंधित ईंधन जलाया जाना व सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर गर्म राख डालकर हरे वृक्षों को सुखाना पाया गया है। मौके की रिपोर्ट उच्चाधिकारियो को भेजी गयी है।

इस दौरान वन दरोगा अमित कुमार, प्रवेश कुमार व रोहित कुमार, शीशपाल, राजकुमार, राजवीर मौजूद रहे। वन विभाग द्वारा की गयी बड़ी कार्रवाई से कोल्हू संचालकों मे हड़कंप मच गया है।



# खेड़ामस्तान में लगा विधिक साक्षरता कैंप

**बुढ़ाना।** विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आद. ेशानुसार जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विधिक साक्षरता शिविर के लिए जागरूकता कार्यक्रम हनुमान मेला खेड़ा मस्तान में हुआ। मुख्य अतिथि डॉक्टर सत्येंद्र कुमार चौधरी सिविल जज सीनियर डिवीजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विशिष्ट अतिथि सीओ ;षिका सिंह व फुगाना सीओ यतेंद्र नागर सब का मेला आयोजक अधिवक्ता नरेंद्र मलिक ने पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। चीफ गेस्ट ने सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना, कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन व किसान सम्मान निधि आदि के बारे में जागरुक किया। 14 मार्च को लगने वाली लोक अदालत में व्यक्ति अपने विवाद जैसे बैंक विवाद, यातायात विवाद, घरेलू हिंसा व घरेलू संपत्ति आदि का निस्तारण सरल व आसान तरीके से लोक अदालत के माध्यम से कर सकता है। 22 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुजड़ू में लगने वाले मेगा शिविर के बारे में लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के बारे में जागरुक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मिलने वाले निशुल्क अधिवक्ता एवं सीनियर सिटीजन हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में जानकारी दी। कोई भी व्यक्ति बालिका की शादी 18 वर्ष से पूर्व व बालक की शादी 21 वर्ष से पूर्व न करें। ये एक कानून अपराध है। यहां सब अतिथियों व ग्रामीणों ने संस्था जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन ग्रामीण समाज विकास केंद्र द्वारा बाल विवाह मुक्ति रथ पर हस्ताक्षर कर बाल विवाह न करने की शपथ ली। कार्यक्रम में समस्त पैरालीगल वालंटियर टीम धनीराम, बबीता, गौरव मालिक, अमित व जोमन आदि लोगों का सहयोग रहा।



# चरथावल बीडीओ ने रिपोर्ट में दो अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी बताए

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका में 218 निर्माण कार्यों की निविदाओं में फर्जी दस्तावेजों की पुष्टि करते हुए चरथावल बीडीओ ने अपनी रिपोर्ट में दो ठेकेदारों के अनुभव प्रमाणपत्रों को फर्जी बताया है।

जिससे शिकायत करने वाले भाजपा सभासद देवेश कौशिक, योगेश मित्तल समेत अन्य सभासदों की शिकायत को बल मिला है साथ ही इस मामले में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने भी जांच के लिए एडीएम न्यायिक सहित तीन सदस्य कमेटी गठित की है।सभासद देवेश कौशिक ने बताया कि वीडीओ ने अपनी जांच में उनके आरोपों की पुष्टि कर दी है। दरअसल नगर पालिका में विकास के लिए प्रस्तावित 218 निर्माण कार्यों की निविदाओं में फर्जी प्रपत्र लगाए जाने का मामला उस वक्त सामने आया जब भाजपा सभासद देवेश कौशिक, योगेश मित्तल, सीमा जैन और रजत धीमान ने इसे मुददा बनाकर अधिशासी अधिकारी डॉ प्रज्ञा सिंह के साथ डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में प्राप्त निविदाओं में फर्जीवाडे के गंभीर आरोप लगाए है। उनका कहना था कि निविदाओं में कुछ ठेकेदारों द्वारा फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र, एफडीआर लगाए गए, जिससे पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे है।अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने चार मामलों की रिपोर्ट आने के बाद बीडीओ चरथावल से रिपोर्ट मांगी थी।

# श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज प्रबंधन विभाग में हुआ अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंधन विभाग (एमबीए) में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें अडाणी गैस के साहिल सिंह (डप्यूटी मैनेजर, बिजनेस डव्लपमैन्ट) द्वारा बिजनेस एनालेटिक्स विषय पर छात्रो को सम्बोधित किया गया। छात्रो ने आज के समय में व्यापार एवं डेटा एनालेसिस के विकास एवं प्रक्रिया को जाना, एवं विभिन्न तकनिको की जानकारी प्राप्त की। साहिल सिंह ने वर्तमान समय में किस प्रकार के कौशल की आवश्यकता है, एवं उसका व्यापार विकास में क्या योगदान है के बारे में छात्रों को बताया, उन्होने बताया कि किस प्रकार से विभिन्न कम्पनियां डेटा का उपयोग विभिन्न तकनीकों से इकटठा करती है, एवं ऑनलाइन ग्राहको की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुऐ उत्पाद कैसे विकसित करती है का प्रस्तुतिकरण किया।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के प्रबन्धन विभाग के डीन डा0 सौरभ मित्तल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये प्रबन्धन विभाग के सभी शिक्षकों एवं छात्रों की सराहना की एवं बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन मैनेमैन्ट विभाग (एमबीए) के द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि अगले सत्र में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में एक नये कोर्स एमबीए (बिजनेस एनालेटिक्स) का शुभारम्भ होने जा रहा है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष पंकज कुमार ने कई उदाहरणो के माध्यम से सभी विद्यार्थीयो को सफलता की कुंजी के विषय में बताया कि आज के आधुनिक युग में पुस्तकीय शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान का होना भी आवश्यक है इस अवसर पर छात्रों ने बिना किसी झिझक के कई प्रश्न पूछे।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के निदेशक डा0 एस0 एन0 चौहान ने छात्रो को शुभकामनाएं प्रदान की और छात्रो को इस प्रकार के व्यवहारिक ज्ञान को अधिक से अधिक प्राप्त करने के लिये जागरूक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर प्रबन्धन विभाग के डा0 राजीव रावल, डा0 चित्रा श्रीवास्तव, मिस निवेदिता, का विशेष योगदान रहा।

## फुगाना में तीन दिवसीय मेला हुआ शुरु......

# पुलिस ने महिलाओं को बांटे सुरक्षा संबंधी पर्चे

**बुढ़ाना।** तीन दिवसीय धार्मिक मेला शनिवार से बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव खेडामस्तान में स्थित हनुमान मंदिर के परिसर में शुरु हो गया है।

इस दौरान मेले में फुगाना थाने की मिशन शक्ति टीम के द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया गया। मेले में महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता करने के दौरान पंप्लेट के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरुक भी किया गया। टीम में शामिल महिला पुलिस ने मेले में आमजन, विशेष रूप से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरुक किया। टीम द्वारा महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें आत्मनिर्भर, निर्भीक और सुरक्षित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध, स्टॉकिंग, सामाजिक अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई और साथ ही इस अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं हेल्पलाईन नम्बरों की भी पूरी जानकारी दी गयी। महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। यहां महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन को सुनिश्चित करने हेतू एंटी रोमियो टीम भी सक्रिय रही।



# बसंत शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में आशीर्वाद एवं शुभकामना समारोह आयोजित

**मीरापुर।** बसंत शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में परिषदीय परीक्षा देने जा रहे कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के छात्र छात्रओं के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामना समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने वरिष्ठ विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की संरक्षिका अंजू नागर एवं प्रधानाचार्य शिवकुमार ने संयुक्त रूप से ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्रओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए भारतीय संस्ख्रति से ओत-प्रोत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गार्गी, इकरा, अक्षि, अरीबा, उर्वशी, दीपांशी, उबैद, शान, जुबैर, समद, जैद सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान नर्सरी से कक्षा 12 तक शिक्षा ग्रहण कर रही छात्र नमरा ने अपने विद्यालय के अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की।

प्रधानाचार्य शिवकुमार ने परिषदीय परीक्षा देने जा रहे छात्र-छात्राओं को परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने का संदेश देते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन शेखर प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर वेदप्रकाश, सेवराम, अनुज कुमार, अंकुर कुमार, ओमवीर सिंह, योगेंद्र सिंह, लक्ष्मी, नेहा, श्रीमती उषा, मीनाक्षी, सुन्नती सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

# क्रिकेट में शिवाजी आजाद हाउस ने प्रताप भगत हाउस को हराया

**मोरना।** मोरना -जानसठ मार्ग स्थित आर जी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हो गया। अंतिम दिन बच्चों ने क्रिकेट का आनन्द लिया।क्रिकेट व वॉलिबॉल की विजेता टीम के खिलाड़ियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

क्रिकेट मैच का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन रमेशचंद्र ने सिक्का उछालकर किया। प्रताप व भगत हाउस की संयुक्त टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। जिसके बाद शिवाजी आजाद हाउस की टीम ने निर्धारित ओवर्स मे 6 विकेट पर 97 रन बनाये प्रताप भगत हाउस की टीम 95 रन पर आउट हो गयी। शिवाजी आजाद हाउस की संयुक्त टीम ने दो रन से रोमांचक मुकाबला जीत लिया।जिसमें मैन ऑफ द मैच निखिल को मिला जिसने शानदार ऑल राउंडर प्रदर्शन करते हुए 37 रन बनाकर चार विकेट भी लिए। विजेता टीम के कप्तान अविश पोसवाल को ट्रॉफी प्रदान की गयी। आबिद व जहीर आलम ने अम्पायर की भूमिका निभाई।

प्रधानाचार्य बबीता कौशिक ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ खेलने की तथा आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हुए कहा की खेल स्वास्थ्य के लिए जरूरी है वहीं आज खेल आर्थिक तरक्की का माध्यम भी बन गया। लगन और परिश्रम के साथ खेल के माध्यम से भी कैरियर बनाने के अवसर युवाओं को मिल रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंजू, रेनू, पूजा, रविन्द्र, फोजिया, वैशाली, ज्योति, ऋतू, छवि, नीलू, प्राची, साक्षी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




# उस्ताद जौहर अली खान के वायलिन वादन ने छात्र-छात्राओं का मन मोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रचार प्रसार में संलग्न संस्था स्पिक मैके ने आज जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय शास्त्रीय संगीत की अलख जगाई। आदर्श विद्यामंदिर मंसूरपुर तथा होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज जड़ौदा में उस्ताद जौहर अली खान ने अपने वायलिन वादन की अविस्मरणीय प्रस्तुतियां दीं।

स्पिक मैके विगत अनेक वर्षो से शिक्षण संस्थाओं में अपनी उपस्थिति बनाए हुए है किन्तु मुजफ्फरनगर में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में भी लगातार देश की सांस्कृतिक विरासत को पहुंचाने के सफल प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में धुर ग्रामीण परिवेश के आदर्श विद्या मंदिर मंसूरपुर के विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत का पहली बार आस्वादन किया। उस्ताद जौहर अली खान ने तानसेन द्वारा रचित राग तोड़ी तथा राग किरवानी प्रस्तुत किया। उन्होंने भक्ति और देशभक्ति से ओतप्रोत शास्त्रीय संगीत पर आधारित गीतों पर भरपूर प्रशंसा अर्जित की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार ने स्वागत से लेकर आभार तक की सारी औपचारिकताएं पूरी की।

होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज जड़ौदा में कलाकारों ने अभूतपूर्व प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मुग्ध कर दिया।

राग मालकौंस को विस्तार देते हुए अलाप, जोड़, झाला व तीन ताल में बंदिश से समां बांध दिया। उन्होंने शास्त्रीय संगीत पर आधारित 'दमादम मस्त कलंदर, ओम जय जगदीश हरे, आयेंगे आएंगे राम आयेंगे' गीतों की धुनों से विद्यार्थियों को दिलों को जीत लिया। कार्यक्रम का समापन 'सारे जहां से अच्छा' से किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेंद्र दहिया ने कलाकारों व अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन तथा कलाकारों का स्वागत सम्मान किया। उन्होंने स्पिक मैके के साथ साथ उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग तथा भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का भी आभार प्रकट किया।



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कैराना पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

## दो बदमाश घायल, एक हेड कांस्टेबल को लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। लूट की योजना बना रहे चार बदमाशों में से दो को पुलिस ने गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। मुठभेड़ के दौरान एक हेड कांस्टेबल भी गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाशों और पुलिसकर्मी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने बताया कि कैराना क्षेत्र में बदमाशों की गति. विधियों की सूचना पुलिस को मिल रही थी। इसके बाद कैराना कोतवाली पुलिस ने गांव तित्तरवाड़ा के पास नहर की पटरी पर चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान वहां मौजूद बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशों को मौके से ही गिरफ्तार कर



लिया गया। उनकी पहचान शाहरुख और जहांगीर के रूप में हुई है। दोनों सहारनपुर जनपद के मानकमऊ, थाना कुतुबशेर क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, जहांगीर सहारनपुर जनपद का टॉप-10 अपराधी है और लंबे समय से पुलिस को उसकी तलाश थी। मुठभेड़ के दौरान उनके दो साथी फरार हो गए, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। मुठभेड़ के दौरान कैराना कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल रिंकू भाटी को भी गोली लग गई। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घायल पुलिसकर्मी की हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से दो देशी तमंचे, जिंदा कारतूस और एक बिना नंबर की कार बरामद की है।पूछताछ में सामने आया है कि बदमाश किसी बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी जहांगीर के खिलाफ करीब 22 से अधिक और शाहरुख के खिलाफ करीब 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# दहेज उत्पीड़न और मारपीट का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र की एक महिला ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने तहसील दिवस में पुलिस अधीक्षक के नाम एक शिकायती पत्र देकर अपने और बच्चों की सुरक्षा की मांग की है।

नगर के मोहल्ला पीपलोंतला निवासी मोमीना पत्नी अमजद ने तहसील सभागार कक्ष में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक के नाम दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी करीब 12 वर्ष पूर्व अमजद पुत्र महबूब निवासी ग्राम पलठेड़ी थाना गढ़ी पुख्ता के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी में हैसियत से अधिक दान-दहेज देने के बावजूद ससुराल पक्ष शादी के बाद से ही दो लाख रूपए नकद और एक कार की मांग करता रहा। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती रही। पीड़िता के अनुसार उसके दो बच्चे हैं, जिनमें नौ वर्षीय बेटी उमेरा और सात वर्षीय बेटा हसन शामिल हैं। बेटा हसन हृदय रोग से पीड़ित है, जिसका इलाज वह मायके पक्ष की मदद से करा रही है। आरोप है कि करीब आठ वर्ष पूर्व पति और ससुरालियों ने उसे बच्चों सहित घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह मायके में रह रही है। महिला ने बताया कि विगत 7 सितंबर 2023 को ससुराल पक्ष के लोग मायके पहुंचे और दो लाख रूपए व कार की मांग को लेकर मारपीट की थी, जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके अलावा उसने परिवार न्यायालय कैराना में अपने और बच्चों के भरण-पोषण के लिए वाद दाखिल किया था, जिसमें न्यायालय ने पति को चार हजार रूपए प्रतिमाह देने का आदेश दिया है। पीड़िता का आरोप है कि विगत 8 जनवरी को उसका पति अमजद, जेठ मशरूफ और 10-15 अज्ञात लोग एकराय होकर उसके मायके पहुंचे और उसे धमकी दी कि यदि उसने कोर्ट में चल रहे दोनों मुकदमे वापस नहीं लिए तो उसे जान से मार दिया जाएगा और बच्चों को उठा ले जाया जाएगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे, तब कहीं जाकर उसकी जान बची। महिला का कहना है कि घटना के बाद से वह और उसका परिवार दहशत में है। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग रिश्तेदारों और अन्य व्यक्तियों के माध्यम से लगातार धमकियां भिजवा रहे हैं। पीड़िता ने थाना कैराना में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद वह एसपी के पास पहुंची। पीड़िता ने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए और उसे व उसके बच्चों को सुरक्षा प्रदान की जाए। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### नाबालिग बच्चों के नाम के साथ संरक्षक के रूप में गलत नाम दर्ज करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के ग्राम जसाना उर्फ मस्तगढ़ निवासी एक महिला ने अपने नाबालिग बच्चों के नाम के आगे संरक्षक के रूप में गलत नाम दर्ज कराए जाने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की है। महिला शालू पत्नी स्व. धीरज ने बताया कि उनके पति की मृत्यु 6 जुलाई 2025 को हो गई थी। इसके बाद कृषि भूमि जसाना उर्फ मस्तगढ़ की विरासत उनके तथा उनके नाबालिग बच्चों पुत्री ध्रुवी और पुत्र रक्षित के नाम दर्ज हो गई। आरोप है कि बाद में उनके जेठ प्रदीप कुमार ने कथित रूप से जालसाजी कर बच्चों के नाम के आगे संरक्षक के रूप में अपना नाम दर्ज करा लिया, जबकि संरक्षिका के रूप में उनका नाम दर्ज होना चाहिए था। महिला का यह भी आरोप है कि इस संबंध में विरोध करने पर उन्हें और उनके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी गई। डीएम मामले की जांच तहसीलदार को करने के निर्देश दिए है। साथ ही हेराफेरी में शामिल लोगों पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

### महर्षि महेश योगी के संगठन से जुड़े प्रतिनिधियों ने की पूजा-अर्चना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महर्षि महेश योगी के वैश्विक संगठन से जुड़े विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने शनिवार को शामली स्थित ऐतिहासिक हनुमान टीला मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने मंदिर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस प्रतिनिधिमंडल में ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, क्रोएशिया और लेबनान से आए सदस्य शामिल थे। समूह का नेतृत्व विवेक वैद्यनाथन कर रहे थे। उनके साथ रवि शंकर, रोहित भट्ट, कार्तिकी यादव, लक्ष्मी, सतीश्वरी और वीरा भी उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में सलिल द्विवेदी के सानिध्य में सभी ने भगवान हनुमान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सलिल द्विवेदी ने मंदिर के इतिहास एवं वैदिक सभ्यता से जुड़ी परंपराओं की जानकारी देते हुए विदेशी प्रतिनिधियों को भारतीय संस्कृति की विशेषताओं से अवगत कराया। प्रतिनिधियों ने मंदिर की आध्यात्मिक वातावरण और ऐतिहासिक महत्व की सराहना करते हुए अपने अनुभव को विशेष बताया। इस अवसर पर राज. कुमार मित्तल आदि मौजूद रहे।

### ट्यूबवैल की दीवार तोड़कर चोरी, किसान को बीस हजार का नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। शुक्रवार रात टोडा गांव में अज्ञात चोरों ने एक किसान की टड्बवेल को निशाना बनाकर दीवार फाड़ दी और अंदर रखा कृषि सामान चोरी कर लिया। सुबह खेत पर पहुंचे किसान को घटना की जानकारी हुई तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। चौसाना क्षेत्र के टोडा निवासी शमशेर पुत्र कदम सिंह के खेत में बनी ट्यूबवैल पर शुक्रवार की देर रात चोरों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने पहले ट्यूबवैल कक्ष की दीवार तोड़ी और अंदर घुसकर चार कट्टे यूरिया, कीटनाशक दवाइयां व अन्य कृषि उपयोगी सामान उठा ले गए। किसान के अनुसार चोरी हुआ सामान करीब बीस हजार रूपए का था। सुबह जब शमशेर रोजाना की तरह खेत पर सिंचाई के लिए पहुंचे तो टूटी दीवार और बिखरा सामान देखकर सन्न रह गए। आसपास तलाश की लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। घटना से क्षेत्र के किसानों में दहशत है, क्योंकि इन दिनों फसल के लिए खाद व दवाइयों की बेहद जरूरत होती है। ऐसे समय में चोरी किसानों की कमर तोड़ रही है। सूचना मिलते ही चौसाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पीड़ित ने चौसाना चौकी पर तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में बनी टड्बवेलें लगातार चोरों के निशाने पर हैं, लेकिन गश्त बढ़ाने के दावे जमीन पर दिखाई नहीं दे रहे।

### कैंप साक्षात्कार का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कॉलेज में प्रशिक्षण एवं सेवायोजन सेल के तत्वावधान में शनिवार को कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। यह साक्षात्कार एबाकस पाठशाला कंपनी, पानीपत द्वारा टीचर्स फॉर वेदिक मैथमेटिक्स एंड एबाकस फॉर स्कूल पदों के लिए आयोजित किया गया। साक्षात्कार में महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें से छह छात्राओं का कंपनी द्वारा चयन किया गया। प्रशिक्षण एवं सेवायोजन सेल के संयोजक डॉ। सौरभ कुमार पाण्डेय ने बताया कि चयनित छात्राओं को कंपनी की ओर से पांच अंकों में प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक डॉ। सुनील गोयल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर निशा गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रशिक्षण एवं सेवायोजन सेल की सहसंयोजक प्रोफेसर रजनी रानी का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर लोकेश मलिक ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पैतृक मकान के विवाद में भाई-मां पर जान से मारने की धमकी का आरोप

## पीड़ित ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तहसील क्षेत्र के ग्राम खन्द्रावली निवासी एक युवक ने पैतृक मकान के हिस्से को लेकर अपने ही परिवार के सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाते हुए जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसके भाई, मां और बहन द्वारा लगातार उसे व उसके पुत्र को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। ग्राम खन्द्रावली निवासी कुलदीप पुत्र मदनलाल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके पिता की जनवरी 2022 में मृत्यु हो गई थी। पिता के निधन के बाद माता कुसुम, भाई कुलबीर और वह स्वयं वारिस हैं। पिता के नाम गांव में 12 बीघा भूमि थी, जो तीनों के हिस्से में बराबर बंट चुकी है। कुलदीप का आरोप है कि पैतृक द्धदादइलाहीऋ मकान पर उसके भाई कुलबीर और मां ने जबरन कब्जा कर लिया और उसे रहने के लिए कोई स्थान नहीं दिया। मजबूर होकर उसने गांव में ही एक अन्य व्यक्ति से मकान खरीदकर रहना शुरू किया। जब भी वह अपने पैतृक मकान में हिस्से की मांग करता है, तो उसके साथ मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। शिकायत में बताया गया है कि उसकी बहन रूमा, जिन्हें ससुराल पक्ष ने घर से निकाल दिया, वर्तमान में मां के साथ रह रही हैं। आरोप है कि मां और भाई अब यह कह रहे हैं कि कुलदीप के मकान का हिस्सा बहन को दे दिया गया है, जबकि ऐसा करने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि पारिवा. रिक विवाद और मानसिक प्रताड़ना के चलते उसकी पत्नी मोनिका की सदमे में मौत हो चुकी है। अब उसके पास केवल एक नाबालिग पुत्र मनदीप है। कुलदीप का कहना है कि मां, भाई और बहन उसे व उसके बेटे को जहर देकर मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे उसकी जान को गंभीर खतरा है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि उसकी और उसके पुत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। प्रशासन ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## बीएसएम के छात्रों का फर्स्ट एनसीआर ओपन कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल के कक्षा 4 के छात्र अद्विक सिंह ने फर्स्ट एनसीआर ओपन कराटे चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता जुनेत्सु शोतोकान कराटे डो फेडरेशन, फरीदाबाद द्वारा इंडोर स्पोर्ट्स ऑडिटोरियम, सेक्टर-23 फरीदाबाद हरियाणा में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न जिलों एवं राज्यों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अद्विक सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र के साथ सिल्वर मेडल प्राप्त किया। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मेनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह तथा उप प्रधानाचार्या आशु पंडित सहित समस्त शिक्षकगणों ने छात्र को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि यह उपलब्धि छात्र की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलों में भागीदारी भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है।

## वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** थाना झिंझाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के तहत एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। रवि निवासी अहमद गढ़ लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिसके चलते उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। वारंट की तामील के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। शनिवार को सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारंटी को संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में वांछित और वारंटी आरोपियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# महिलाओं ने संभाली आजीविका की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** दीनदयाल अन्त्योदय योजना.राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ब्लॉक थानाभवन क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहाता गोरसाढ़ में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं अनीता,मधु,बबीता द्वारा संचालित लक्ष्य प्रेरणा उत्पादक समूह एक मिसाल बनकर उभरा है। इस समूह के माध्यम से इन महिलाओं द्वारा सभी प्रकार की झाड़ू का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और समूह की एकजुटता से न केवल उन्हें रोजगार मिला है, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो रहा है। यह पहल महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हो रही है। लक्ष्य प्रेरणा उत्पादक समूह से जुड़ी महिलाएं अपने हुनर के बल पर घर बैठे आय अर्जित कर रही हैं। समूह का संचालन पूरी तरह महिलाओं द्वारा किया जा रहा है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास हो रहा है। ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई, थानाभवन के मार्गदर्शन में चल रहे इस प्रयास को क्षेत्र में सराहना मिल रही है। यह समूह अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनता जा रहा है। एक पहल, एक कदम . महिला सशक्तिकरण की ओरह्व के संकल्प के साथ यह उत्पादक समूह ग्रामीण आजीविका को मजबूत कर रहा है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

## गुलशन नगर की गली बनी तालाब, लोगों का निकलना हुआ मुश्किल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** नगर के मोहल्ला गुलशन नगर में गली में लंबे समय से पानी भरा रहने से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। गली में जमा गंदे पानी के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को रोजाना भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि गली में जलभराव की समस्या को लेकर कई बार पालिका सभासद से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। एक स्थानीय युवक ने आरोप लगाया कि समस्या उठाने पर भी सभासद इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों के अनुसार गली में भरा गंदा पानी मच्छरों और कीड़े-मकोड़ों को बढ़ावा दे रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। लोगों ने बताया कि बदबू और फिसलन के कारण बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी समस्याएं



**ऊन।** संपूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 28 शिकायतें मिली।जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग -03, राजस्व विभाग -15,अधिशासी अधिकारी ऊन 01, खाद्य एवं रसद विभाग एक समाज कल्याण विभाग दो जिला दिव्यांग अधिकारी एक शामिल है। संपूर्ण समाधान दिवस में तहसील दार ललिता चौधरी समेत सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

**कैराना।** शनिवार को तहसील सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार अर्जुन चौहान की अध्यक्षता में किया गया।समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से मौके पर केवल दो शिकायतों का निस्तारण किया जा सका, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंप दिया गया। अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद, पारिवारिक मामलों और जनसमस्याओं से संबंधित रहीं। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार अर्जुन चौहान ने समाधान दिवस में मौजूद सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायती पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, आपूर्ति और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार सतीश यादव, डॉ। विकास, आपूर्ति निरीक्षक मदनपाल सिंह, उपनिरीक्षक विनोद राघव, उपनिरीक्षक पवन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**कैराना।** तहसील कैराना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक बुजुर्ग महिला ने पंजाब नेशनल बैंक पर लोक अदालत में हुए समझौते के बावजूद एनओसीध्नो डड्ूज प्रमाण पत्र जारी न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने अधिकारियों से न्याय दिलाने की मांग की है। नगर के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी नसीमा पत्नी धूमन ने शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी आवश्यकता के चलते पंजाब नेशनल बैंक शाखा कैराना से अपने प्लाट के एवज में ऋण द्धलोनऋ लिया था। लोन की कुछ किश्तें जमा करने के बाद खराब स्वास्थ्य और कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते वह समय पर किश्तें नहीं भर सकीं। इसके बाद बैंक प्रबंधन की ओर से लोक अदालत के माध्यम से एकमुश्त 28 हजार रूपए में समझौता कर लोन खाता बंद करने और एनओसी देने का आश्वासन दिया गया। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने 18 दिसंबर 2024 को अपने लोन खाते में 28 हजार रूपए जमा कर दिए, जिसकी प्रविष्टि खाते में दर्ज है, लेकिन इसके बावजूद बैंक की ओर से अभी तक एनओसी अथवा नो ड्यूज प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है। इससे उन्हें प्लाट संबंधी अन्य कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्ग महिला ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराते हुए प्रशासन से बैंक को एनआ. ेसी जारी करने के निर्देश देने की मांग की। अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित बैंक अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# सेनेटरी पैड मशीन स्थापना एवं मासिक धर्म जागरूकता अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन के तत्वाधान में नारी स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं स्वाभिमान को समर्पित सेनेटरी पैड मशीन इंस्टॉलेशन एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत वैदिक इंटर कॉलेज कुरमाली, जनता इंटर कॉलेज लिसाड एवं प्रकाशवती सरस्वती विद्या मंदिर लाख में सेनेटरी पैड मशीनों की सफल स्थापना की गई।

इस अवसर पर जानकारी दी गई कि लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा अब तक कुल 65 विद्यालयों में सेनेटरी पैड मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे हजारों छात्राओं को सुरक्षित एवं सुलभ स्वच्छता सुविधा प्राप्त हो रही है। सेनेटरी पैड मशीन स्थापना के साथ-साथ उक्त तीनों विद्यालयों तथा इसके अतिरिक्त कस्तूरबा गांधी विद्यालय बनत में छात्राओं को मासिक धर्म से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने हेतु विशेष जागरूकता भाषण भी दिया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन गौरव मित्तल जी द्वारा बताया गया कि मासिक धर्म कोई रोग या लज्जा का विषय नहीं है, बल्कि यह एक प्राकृतिक एवं सामान्य जैविक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि सही जानकारी, स्वच्छता एवं आत्मविश्वास से ही बालिकाएं स्वस्थ और सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर हो सकती हैं। समाज को चाहिए कि वह इस विषय पर खुलकर बात करे और भ्रांतियों को समाप्त करे। साथ ही छात्राओं को निरंतर जागरूक बनाए रखने के उद्देश्य से विद्यालय परिसरों में स्थाई परमानेंट जागरूकता बैनर भी लगाए गए। प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन सोमेश मित्तल द्वारा महिला अध्यापिकाओं को मशीन के संचालन, रख-रखाव एवं रिफिलिंग की विधिवत जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया। इस सेवा कार्य के सफल संचालन में क्लब अध्यक्ष लायन गौरव मित्तल, प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन सोमेश मित्तल एवं ए।वी।एन।आई। के निवर्तमान अध्यक्ष लायन गौरव गोयल का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के उपरांत सभी विद्यालयों द्वारा लायंस क्लब शामली क्राउन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। प्रकाशवती सरस्वती विद्या मंदिर लाख द्वारा मद् भागवत गीता भेंट कर क्लब टीम का सम्मान भी किया गया। लायंस क्लब शामली क्राउन भविष्य में भी समाज में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जागरूकता से जुड़े सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।

## जेठ के पुत्रों पर गाली-गलौज करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शनिवार को गांव खोड़समा निवासी विधवा महिला सावित्री पत्नी स्वर्गीय यशपाल ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनका समधी बलवीर पुत्र अत्रु उनके साथ ही रहता है। आरोप है कि उनके जेठ के पुत्र धर्मेंद्र और कुलदीप, व रविंद्र प्रधान आए दिन उनके साथ गाली-गलौज बदतमीजी कर मान. सिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। पीड़िता ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधीक्षक शामली को भी शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि दबाव बनाकर मामले में समझौता कराने का प्रयास किया जाता है। महिला ने थाने में तहरीर देकर आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# जानलेवा हमले के विरोध में बजरंग दल का प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नकुड़।** कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता से जुड़े दहेज उत्पीड़न व मायके पक्ष पर हुए जानलेवा हमले के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हनुमान चाली. सा का पाठ कर पुलिस पर कार्रवाई का दबाव बनाया।



धरने का नेतृत्व जिलाध्यक्ष विकास सैनी ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक गर्भवती महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया उस पर भ्रूण जांच व गर्भपात कराने का दबाव बनाया गया और मायके पक्ष पर जानलेवा हमला किया गया जो कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती बजरंग दल का आंदोलन जारी रहेगा। गौरतलब है कि पीड़िता ने भेरमऊ निवासी अपने ससुराल पक्ष के करीब 12 नामजद व 5-6 अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार शादी के बाद से ही उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता रहा। पुत्री के जन्म के बाद ताने दिए गए और वर्तमान में गर्भवती होने पर भ्रूण जांच व गर्भपात का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि पति ने तमंचा दिखाकर डराया। पीड़िता की सूचना पर जब मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे तो आरोपियों ने लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में पीड़िता के पिता व फूफा गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि एक व्यक्ति की उंगली कट गई। हमलावरों ने मायके पक्ष की कार भी क्षतिग्रस्त कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए रेफर किया। धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने एक मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर स्थिति को शांत कराया। कोतवाल धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। धरने में उपाध्यक्ष राहुल, सागर कुलहेड़ी, संदीप हिन्दू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डयूटी पर गया होमगार्ड 11 दिन बाद भी नहीं लौटा

**गंगोह।** ब्लाक के चाउपुरा निवासी एक होमगार्ड नगर कोतवाली सहारनपुर में ड्यूटी के लिए गया था। मगर 11 दिन बाद भी घर न लौटने पर परेशान परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

होमगार्ड राजेश कुमार की पत्नी डोली ने थाना कोतवाली नगर सहारनपुर में दी गई तहरीर में कहा है कि उसका पति राजेश कुमार 27 जनवरी को थाना कोतवाली नगर सहारनपुर में रात्रि में ड्यूटी के लिए गए थे अपने ड्यूटी समाप्त कर 28 जनवरी को सुबह 8 बजे थाने से घर के लिए चले थे। जो अब तक नहीं आए हैं काफी तलाश किया मगर उनकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। मोबाईल भी बंद है। लापता होमगार्ड का एक बेटा समर्पित चौधरी भी पुलिस में ही है। पत्नी ने एसएसपी सहारनपुर से उनके पति को तलाशने की गुहार लगाई है।

# फतेहपुर पुलिस ने दो सगे भाई चोरी में दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने दो भाइयों को चोरों के रूप में गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी विनय शर्मा के कुशल निर्देशन में पुलिस टीम ने गौरव पुत्र केशनाथ और अरविन्द केशनाथ (निवासी ग्राम पथरी उर्फ धनपुरा, थाना पथरी जिला हरिद्वार उत्तराखंड को बड़कला फ्लाईओवर के सर्विस रोड पर रंगे हाथों पकड़ा।



गिरफ्तारी के समय अभियुक्तों के कब्जे से दो पीली धातु के कुंडल 17 हजार रुपये नकद और अपराध में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पंजीकरण संख्या न्न 08 ˘ 9847 बरामद हुई ये बरामदगी दो अलग अलग छीनाझपटी एवं चोरी के मामलों से जुड़ी है पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपराध कबूल कर लिया उन्होंने बताया कि करीब दो महीने पहले छुटमलपुर कस्बे में उन्होंने एक महिला के कुंडल पीछे से छीने और मोटरसाइकिल पर फरार हो गए थे इसी तरह तीन महीने पहले छुटमलपुर कट के निकट हाईवे पर एक कार सवार से दो अंगूठियां छीनीं जिन्हें हरिद्वार में किसी अज्ञात व्यक्ति को 65 हजार रुपये में बेच दिया प्राप्त राशि में से 17,000 रुपये उनके पास बचे थे जो पुलिस ने बरामद कर लिए शेष धनराशि उन्होंने खान पान और मनोरंजन में खर्च कर दी जानकारी के मुताबिक दिनांक 06 नवंबर 2025: दिल्ली निवासी तरुण यादव ने हाईवे पर धोखाधड़ी से अंगूठियां चुराए जाने की शिकायत दर्ज कराई (मु.अ.सं. 316/25, धारा 303(2)/318(4) बीएनएस)। दूसरी वारदात दिनांक 02 दिसंबर 2025: छुटमलपुर निवासी जितेंद्र त्यागी ने मां के कुंडल छीन लिए जाने की तहरीर दी (मु.अ.सं. 353/25, धारा 304(2) बीएनएस)। पुलिस ने दोनों मुकदमों में गिरफ्तारी के आधार पर धारा 317(2)/3(5) बीएनएस (चोरी की संपत्ति बरामद करना जोड़ दी है. गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक मशकूर अली हैड कांस्टेबल रोहित कुमार एवं कांस्टेबल कुलदीप शामिल थे अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय अपराधियों में खलबली मची हुई है फतेहपुर पुलिस अपराध पर सख्ती बरतने के प्रति कटिबद्ध है।

# कार व बुलेट की टक्कर में एक घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** सहारनपुर रोड पर तेज गति से आ रही बलेनो कार ने एक बुलेट बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुलेट चालक गंभीर रूप से घायल हो गया तथा कार एवं बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।



जानकारी के मुताबिक शनिवार को ग्राम चालाकपुर निवासी हम्माद व उसका भाई सुहेल पुत्र मुजम्मिल अपनी बलेनो कार में सवार होकर अपने गांव से सहारनपुर जा रहे थे। कार को हम्माद चला रहा था तथा उसका भाई सुहेल उसके पास ही आगे की सीट पर बैठा था। जैसे ही उनकी कार ग्राम सड़क कातला खुर्द पहुंची तभी गांव की सड़क पार करते हुए एक बुलेट बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक क्षेत्रिग्रस्त हो गई तथा बाइक चालक बंसी पुत्र अमर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर एकत्र हुए ग्रामीणों ने घायल बाइक चालक को ईलाज के लिए अस्पताल में भिजवाया।

ग्रामीणों का कहना था कि कार की रफ्तार इतनी ज्यादा तेज थी कि वह अनियंत्रित होकर पहले बुलेट बाइक से टकराई तथा सड़क किनारे खड़े दो बिजली के खंबो को तोड़ते हुए ग्रामीण से घर के बाहर बनी दीवार को तोड़ते हुए बुरी तरह क्षत्रिग्रस्त होकर रुकी। हादसे में कार के दोनों एयरबैग खुल गए जिससे कि कार चालक हम्माद व उसके साथ कार में बैठे उसके भाई सुहेल की जान बच गई।

## प्राथमिक विद्यालय में तीन दिन में दूसरी बार चोरी

**गंगोह।** गांव बुढ़नपुर का उच्च प्राथमिक विद्यालय में तीन दिन में दुसरी बार चोरी हुई। बीते 5 साल में स्कूल में यह दसवी चोरी है। चोरी से परेशान होकर प्रधानाध्यापक ने सीसीटीवी कैमरे भी लगवाये थे, मगर चोरियां नही रुक सकी हैं। जबकि धलापडा चौकी भी नजदीक ही स्थित हैं।

प्रधान अध्यापिका रेखा देवी ने चौकी में दी गई तहरीर में बताया है कि बीती रात में चोरों ने दीवार व खिड़की तोड़कर कक्षा कक्ष से वाई फाई ,गणित किट व फर्नीचर तोड़ दिए। इससे पूर्व 2 फरवरी को स्मार्ट क्लास का इंवेटर बैटरी, डीवीआर व दो कैमरे चोरी कर लिए थे। अध्यापकों के अनुसार अब तक 10 बार चोरी हो चुकी हैं। सीसीटीवी फुटेज भी देखी जा रही हैं।

# शिक्षा चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यमः इन्द्रेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** विकास खंड मुजफ्फराबाद क्षेत्र के चौबारा गांव में शनिवार को जमीअत हिमायत उल इस्लाम (जे.एच.आई.) इंग्लिश एकेडमी का औपचारिक उद्घाटन हुआ।




आरएसएस नेता एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक डॉ. इंद्रेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में रिबन काटकर एकेडमी का शुभारंभ किया। समारोह में शिक्षाविदों, सामा. जिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय गणमान्यों की मौजूदगी रही। डॉ. इंद्रेश कुमार ने शिक्षा को चरित्र-निर्माण, न्याय और राष्ट्रीय प्रगति का महत्वपूर्ण साधन बताते हुए कहा कि यह संस्थान अल्पसंख्यक समुदाय की पहचान को मजबूत करेगा और युवाओं में आत्मविश्वास जगाएगा। उन्होंने इसे केवल डिग्री देने वाली जगह नहीं, बल्कि इंसानियत और राष्ट्रसेवा की मजलिस करार दिया।एकेडमी की निदेशक श्रीमती अलिया जमाल ने मिशन स्पष्ट करते हुए कहा, "हम किताबी ज्ञान से आगे बच्चों को जीवन कौशल, सांस्कृतिक जड़ों और नैतिक मूल्यों से जोड़ना चाहते हैं। यह संस्था सामाजिक परिवर्तन की नींव बनेगी।"एनसीएमईआई के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. डॉ. शाहिद अख्तर ने एकेडमी को समाज की "आध्यात्मिक शक्ति" बताया, जो सही दिशा देगी। सांसद जगदम्बिका पाल ने इसे ऐतिहासिक कदम करार देते हुए कहा कि यह गांव अब देश के भविष्य के नेताओं को जन्म देगा।जामिया हमदर्द के रजिस्ट्रार कर्नल ताहिर मुस्तफा ने राष्ट्रसेवा की परिभाषा विस्तार से बताई कि सच्चा सेवक वही है जो ईमानदारी से देश की भलाई करे। दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. डॉ. इमरान चौधरी ने ड्रॉपआउट दर पर चिंता जताते हुए उच्च शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मौलाना शाहिद मजाहिरी, डॉ. गुड्डू चौहान और अन्य प्रमुख अतिथियों की मौजूदगी में कार्यक्रम समाप्त हुआ। सभी ने संकल्प लिया कि जे. एच.आई. इंग्लिश एकेडमी शिक्षा को चरित्र, इंसाफ, इंसानियत और राष्ट्रनिर्माण का माध्यम बनाएगी।

# खबर छपते ही गांव में शुरू कराया सफाई अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** विकास खंड मुजफ्फराबाद की ग्राम पंचायत भटपुरा में फैली गंदगी और सफाई व्यवस्था की बदहाली को लेकर शाह टाइम्स में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और गांव में सफाई अभियान शुरू कराया गया।



गौरतलब है कि ग्राम प्रधान पति की लापरवाही के चलते गांव में लंबे समय से गंदगी के ढेर लगे थे, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गांव के लोगों ने यह समस्या शाह टाइम्स के पत्रकार से साझा की थी, जिसके बाद समाचार पत्र ने इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया खबर के असर से ग्रामीणों में उम्मीद की किरण जगी और प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई शुरू की गई।

सफाई कर्मचारियों को गांव में लगाया गया और नालियों की सफाई करवाई गई इस मुहिम में पूर्व प्रधान फरमान अली, सुल्तान अहमद, सूफियान पुर्व प्रधान जीशान बब्बु भाई हाफिज इमरान खालिक ठेकेदार वकील सलमानी खालिद मेम्बर अब्दुल कय्यूम जेपाल राणा कमरपाल राणा बिजेंद्र राणा शमशाद बीडीसी सुल्तान बीडीसी मोहम्मद सालेह मौलाना सुलेमान फजलुर्रहमान मोहा. ेन सिंह ताहिर मेम्बर मुन्तजिर मेम्बर हाफिज इकराम मेम्बर सिखराम हुकम सिंह बाबली इकराम इरफान मुंतजिर मेम्बर आदि लोगों ने सक्रिय सहयोग दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना की और मीडिया का आभार व्यक्त किया, जिसने उनकी आवाज को मंच दिया और ग्राम प्रधान पति की अनदेखी को उजागर किया।

पूर्व प्रधान फरमान अली ने कहा कि भटपुरा गांव में सफाई की स्थिति काफी समय से बदतर थी, लेकिन वर्तमान ग्राम प्रधान और उनके पति ने जिम्मेदारी निभाने के बजाय आंखें मूंद रखी थीं। जब ग्रामीणों ने अखबार के माध्यम से अपनी पीड़ा उठाई, तो प्रशासन की नींद टूटी। मैं दैनिक शाह टाइम्स का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने समय पर आवाज उठाई और गांव को राहत दिलाई। अब जरूरत है कि यह सफाई अभियान एक दिन की रस्म न बनकर नियमित व्यवस्था का हिस्सा बने।

## हत्या का वांछित गिरफ्तार

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने हत्या के मुकदमे में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

27 जनवरी को वादी दीपक लाम्बा पुत्र भरत सिंह निवासी दाबकी जुनारदार पारस विहार कालोनी ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया कि आरोपी विनोद कुमार पुत्र रिडकू राम निवासी ग्राम दाबकी जुनारदार थाना कोतवाली देहात ने उसके पिता को जान से मारने की नीयत से आग लगा दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आज सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक कपिल देव व उपनि. रीक्षक अंकित कुमार के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में वांछित आरोपी विनोद कुमार पुत्र रिडकू राम निवासी ग्राम दाबकी जुनारदार थाना कोतवाली देहात को दाबकी जुनारदार से गिरफ्तार कर लिया।

# कांवड़ यात्रियों के लिए लगाया भव्य शिविर

**सहारनपुर।** महानगर मे प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा के दौरान श्री शिव कांवड़ सेवा समिति द्वारा भव्य शिविर का आयोजन देहरादून रोड राकेश केमिकल के पास किया गया।

शिविर में कांवड़ियों के लिए भोजन, चिकित्सा, विश्राम और ठहरने की उत्तम व्यवस्था समिति द्वारा की जाती है। शिव परिवार सेवा समिति के महंत नीलकंठ ज्योतिषाचार्य, स्वरूमहंत सोमनाथ प्ररेणारत्रोत, स्वरूदेशराज जी प्ररेणारत्रोत, विजय कालड़ा संरक्षक, धर्मपाल ग्रोवर संरक्षक, महंतलाल मेहंदी संरक्षक, सचिव दीपक जुनेजा, संरक्षक शशि खुराना, प्रधान अशोक कोषाध्यक्ष राजेश बजाज, प्रदीप धमीजा, हरेंद्र, राजन अनिल यादव, प्रदीप शेट्टी के द्वारा सुबह भगवान शिव शंकर की आराधना कर शिविर का शुभारंभ किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि कई वर्षों से सेवा शिविर का आयोजन होता आ रहा है, जहाँ चाय, नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा शिविर में चिकित्सा और अन्य सुविधाएँ भी उपलब्ध रहती है। उन्होंने कहा कि शिविर में कांवड़ियों के लिए 24 घंटे चिकित्सा, रहने के लिए गद्दे, नहाने के लिए गर्म व ठंडा पानी, और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था होती है। पदाधिकारियों ने कहा कि यह शिविर भोले के भक्तों के लिए एक आरामगाह का काम करते हैं, जहाँ वे यात्रा के दौरान ऊर्जा प्राप्त करते हैं। सचिव दीपक जुनेजा,संरक्षक शशि खुराना, प्रधान अशोक कोषाध्यक्ष राजेश बजाज, प्रदीप धमीजा, हरेंद्र , राजन अनिल यादव, प्रदीप शेट्टी के द्वारा सुबह भगवान शिव शंकर की आराधना कर शिविर का शुभारंभ किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि कई वर्षों से सेवा शिविर का आयोजन होता आ रहा है, जहाँ चाय, नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा शिविर में चिकित्सा और अन्य सुविधाएँ भी उपलब्ध रहती है। उन्होंने कहा कि शिविर में कांवड़ियों के लिए 24 घंटे चिकित्सा, रहने के लिए गद्दे, नहाने के लिए गर्म व ठंडा पानी, और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था होती है। पदाधिकारियों ने कहा कि यह शिविर भोले के भक्तों के लिए एक आरामगाह का काम करते हैं।


## जिला नगरीय विकास अभिकरण ( डूडा )

नुमाईश कैम्प, निकट पानी की टंकी, सहारनपुर-247001
ई-मेल - dudasre@gmail.com

पत्रांक: 965/डूडा / निविदा/2025-26 दिनांक:- 06/02/2026

**ई-निविदा सूचना**

जिला नगरीय विकास अभिकरण, सहारनपुर द्वारा वर्ष 2025-26 में मा. विधायक निधि एवं मा. सासंद निधि योजनान्तर्गत जनपद सहारनपुर की विभिन्न विकास खण्डों में सी.सी. रोड/नाली. नाला, आदि कार्यों की निविदायें राजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से (डूडा की श्रेणी ए. बी. सी की सीमा के अन्तर्गत) वेबसाइट etender.up.nic.in पर ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ निर्धारित जमानत धनराशि एवं टेण्डर मूल्य ड्राफ्ट 'परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, सहारनपुर (PO DUDA-SAHARANPUR)' के पक्ष में कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, सहारनपुर में रखे टेण्डर बॉक्स में दिनांक 17 फरवरी, 2026 को समय 12:00 बजे तक डाले जाने अनिवार्य है। विस्तृत शर्ते, विवरण, एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-Bid Reference | 965/DUDA-MP (2025-26) |
| Publish Date and time for tender | Date: 07 Feb 2026 12:00 PM |
| Last Date time for submission of E-Bids | Date: 16 Feb 2026 05:00 PM |
| Date and time of opening bids | Date: 17 Feb 2026 04:00 PM |
| Palace of opening of E-bids | DUDA Office-Saharanpur |
| E-Bids security of-Bids | 10% Security of tender value |
| E-tender Documents Processing | As per tender list |

नोट :- बिना धरोहर राशि / टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।

**डिप्टी कलेक्टर/परियोजना अधिकारी
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
सहारनपुर।**


# आसमान में बेखौफ उड़ रहा जानलेवा चाइनीज मांझा

नदीम निजामी

**नकुड़।** जिस चाइनीज मांझे को प्रदेश सरकार ने मौत का कारण मानते हुए हत्या की श्रेणी में रखा है वही जानलेवा धागा अभी भी आसमानों में गोते लगाता हुआ सड़कों पर बेखौफ उड़ रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री का आदेश सख्त है लेकिन जमीन पर हालात इसके ठीक उलट नजर आ रहे हैं।








आजकल पतंगबाजी का मौसम है सड़कों पर मांझे की जगह मौत दौड़ रही है दोपहिया वाहन सवार और पैदल राहगीर गर्दन बचाकर चलने को मजबूर हैं। आए दिन कहीं न कहीं से चाइनीज मांझे से होने वाली घटना हतप्रभ कर देती है। हाल ही में लखनऊ में हुई दो घटनाओं में रख युवक को अपनी जान गवानी पड़ गई। जिससे कई प्रकार के सवाल उठने स्वभाविक हैं। नगर के प्रमुख व्यापारी पंकज जैन कहते हैं चाइनीज मांझा बच्चों का खेल नहीं बल्कि सीधा मौत का हथियार बन गया है, सड़क पर निकलना जोखिम भरा हो गया है। डा0 इदरीश अहमद का कहना है कि सरकार ने साफ कर दिया है कि चाइनीज मांझे से होने वाली मौत हत्या का मामला है, लेकिन बेचने वाले अब तक खुले क्यों घूम रहे हैं? सभासद जुनैद असगर कहते हैं कि कागजों में कार्रवाई बहुत दिखाई जाती है अलबत्ता जमीन पर इसका कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। यदि समय रहते सख्ती हो जाए तो किसी तरह का खतरा पैदा ही न हो। पूर्व सभासद याकूब निजामी भी इसे महज शौक नहीं बल्कि अपराध मानते हैं, उनका कहना है पतंग उड़ाना अलग बात है लेकिन चाइनीज मांझा इस्तेमाल करना अपराध है। समझाने की जिम्मेदारी सिर्फ जनता की नहीं प्रशासन की भी है। समाजसेवी अरशद का कहना है कि हालात हर साल एक जैसे रहते हैं। बार बार चेतावनी दी जाती है फिर सब भूल जाते हैं। किसी की जान जाएगी तभी शायद सिस्टम जागेगा। वहीं गौसेवक अनिल सैनी प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठाते हैं उनका कहना है कि राहगीर जान जोखिम में डालकर सड़क पर चल रहा है और धारतल पर कार्रवाई दिखाई नहीं देती। अगर आज सख्ती नहीं हुई तो कल बहुत देर हो जाएगी। भीम आर्मी के सौरभ कुमार मानते हैं कि समस्या की जड़ में ढिलाई है। कानून तभी असर दिखाता है जब उसका डर हो। सिर्फ आदेश जारी करने से चाइनीज मांझा नहीं रुकेगा। हैरानी की बात यह है कि सरकार के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद न तो इसकी बिक्री पर रोक लगी है, न ही कोई कार्रवाई सामने आई है। सवाल है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है या फिर इस जानलेवा मांझे के खिलाफ वास्तव में सख्त और ठोस कार्रवाई की जाएगी।


**सूचना**

मैने अपने पुत्र मुज्म्मील को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**फैजुल हसन पुत्र स्व. मौहम्मद हसन निवासी मौहल्ला मेहंदी सराय, थाना मण्डी, सहारनपुर।**


# एसडीएम ने फरियादियों की सुनी शिकायतें



शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एस डी एम मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया अधिकारियों ने समाधान दिवस में पहुंची फरियादियों की जन शिकायते सुनी गई।

समाधान दिवस मे फरियादियों की 34 शिकायते दर्ज की गई जिन में से मात्र एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसमें फरियादियों की विभिन्न विभागों की कुल 34 शिकायतें दर्ज की गई, जिन में से मौके पर ही एक शिकायत का निस्तारण किया गया। जन शिकायते सुनने के बाद एस डी एम मानवेंद्र सिंह अधीनस्थ कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी समाधान दिवस की शिकायतों को गंभीरता से लें और मौके पर जाकर निस्तारण कराये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस मे दर्ज हुई किसी भी शिकायत को नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिए। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। इस मौके पर तहसीलदार विजय कुमार सिंह नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार प्रजा. पति, बीडीओ योगेंद्र कुमार, सीडीपीओ संयोगिता यादव, अफसाना बेगम, एस डी ओ विद्युत बृज मोहन सिंह, कोतवाली बेहट, थाना मिर्जापुर, थाना बिहारीगढ़ और थाना फतेहपुर थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# विजेताओं को ट्राफी व सम्मान पत्र देकर किया पुरस्कृत

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय में आयोजित खेल महाकुंभ के दूसरे दिन भी अनेक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल व सम्मान-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित अनेक प्रतियोगिताओं में शॉटपुट मेल वर्ग प्रथम स्थान अभिनव हरी स्कूल नकुड़, द्वितीय विवेक शोभित विश्वविद्यालय गंगोह, तृतीय प्रक्षित आरएन टैगोर स्कूल नकुड़, शॉटपुट फीमेल वर्ग प्रथम स्थान काजल विश्वामित्र डिग्री कॉलेज, द्वितीय अफशा सीडीकेआर मॉडर्न इंटर कॉलेज, तृतीय तेजस्वी बीएनवाईएस, शोभित विश्वविद्यालय गंगोह ने प्राप्त किया है। हाई जम्प(ऊंची कूद) प्रतियोगिता जूनियर फीमेल वर्ग में प्रथम स्थान सिमरन नारायण जनता इंटर कॉलेज, द्वितीय स्थान पीहू जेएसपी इंटर कॉलेज गंगोह, तृतीय स्थान आरोही कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, गंगोह वहीं जूनियर मेल वर्ग में प्रथम स्थान प्रिंस एसजेएसवीएम गंगोह, द्वितीय स्थान उदय हरी इंस्टिट्यूट नकुड़, तृतीय स्थान वंश एवीआई, रादौर ने प्राप्त किया। हाई जम्प (ऊंची कूद) प्रतियोगिता वरिष्ठ फीमेल वर्ग में प्रथम स्थान काजल विश्वामित्र स्कूल गंगोह ने द्वितीय स्थान वंशिका आरएन टैगोर, तृतीय स्थान नीतू आरएन टैगोर, वहीं वरिष्ठ मेल वर्ग में प्रथम स्थान आकाश शोभित विश्व. विद्यालय गंगोह, द्वितीय स्थान रितिक हरी इंस्टिट्यूट नकुड़ तथा तृतीय स्थान समीर हरी इंस्टिट्यूट नकुड़ ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रेजेंट प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में प्रथम कोमल मिश्रा एम.फार्मा प्रथम वर्ष शोभित विश्व. विद्यालय, तथा द्वितीय आवेश बी.टेक सीएस शोभित विश्वविद्यालय व तृतीय विदुषी बी.टेक सीएस शोभित विश्वविद्यालय विजेता रहे, तथा जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पर तनिष्का कपिल (महाबीरी देवी गर्ल्स. मॉडल स्कूल, टिकरोल) तथा द्वितीय स्थान पर कृष्टि (महाबीरी देवी गर्ल्स. मॉडल स्कूल टिकरोल) व तृतीय स्थान पर अरुणा (महाबीरी देवी गर्ल्स. मॉडल स्कूल टिकरोल) से विजेता रहे। वाद-विवाद जूनियर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अब्दुल कादिर ग्रुप, प्रभा ज्ञान पब्लिक स्कूल गंगोह, द्वितीय स्थान पर दीपिका, कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल तथा तृतीय स्थान पर रिदा ग्रुप, प्रकाश जूनियर स्कूल विजेता रही, वहीं वाद-विवाद प्रतियोगिता सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पर रिया वर्मा ग्रुप शोभित विश्वविद्यालय गंगोह, द्वितीय स्थान पर अक्षय सैनी शोभित विश्वविद्यालय तथा तृतीय स्थान पर वंश चौधरी शोभित विश्वविद्यालय गंगोह से विजेता रहे। सेवन स्टोन प्रतियोगिता में बीएएमएस शोभित विश्वविद्यालय गंगोह की साकिर मलिक टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा फार्मेसी तृतीय वर्ष शोभित विश्वविद्यालय गंगोह की देवांश टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर पुरुष सीनियर ग्रुप दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विकास नवजनोदय स्कूल गंगोह तथा महिला ग्रुप दौड़ में प्रथम स्थान पर काजल विश्वामित्र इंटरनेशनल स्कूल गंगोह विजेता रहे, वहीं 100 मीटर पुरुष जूनियर ग्रुप दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आमिर सीडीकेआर स्कूल, तथा महिला ग्रुप दौड़ में प्रथम स्थान पर उमरा ब्राइट होम नानौता से विजेता रही। 400 मीटर पुरुष सीनियर ग्रुप दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हर्ष एचआईटी नकुड़ स्कूल तथा महिला ग्रुप दौड़ में प्रथम स्थान पर अंशू नवजनोदय स्कूल गंगोह से विजेता रही। 400 मीटर पुरुष जूनियर ग्रुप दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वैभव ब्राइट होम स्कूल नानौता तथा महिला ग्रुप दौड़ में प्रथम स्थान पर आयुषी एयूएसजीआइआइसी स्कूल से विजेता रही। खो-खो प्रतियोगिता सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पर आर एन टैगोर इंटर कॉलेज तथा द्वितीय स्थान पर शोभित विश्व. विद्यालय गंगोह के छात्र विजेता रहे। शतरंज प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में प्रथम आशुतोष शोभित विश्वविद्यालय तथा द्वितीय जानवी एमबीए शोभित विश्वविद्यालय व तृतीय शक्ति विजेता रहे, तथा जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पर वरुण तथा द्वितीय स्थान पर जैद व तृतीय स्थान पर आदी विजेता रहे।

# डीसीएम ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, चालक व परिचालक की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** खराब खड़े भूसे से लदे ट्रक में तेज गति से आ रहे डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी। इसमें डीसीएम चालक एवं परिचालक घायल हो गए। घायलों को चिकित्सकों ने मृत घाषित कर दिया।

शुक्रवार की देर रात देवबंद की ओर से सहारनपुर की तरफ जा रहा भूसे से लदा ट्रक तल्हेड़ी बुजुर्ग गांव के समीप हाईवे पर खराब हो गया। रात करीब दो बजे मुजफ्फरनगर की तरफ से आ रहे तेज गति डीसीएम ने ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इसमें बदायूं के थाना उजानी निवासी 40 वषीय महावीर और वजीरगंज निवासी 40 सतेंद्र गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद महावीर को मृत घोषित कर दिया, जबकि सतेंद्र को प्राथमिक उपचार के नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शनिवार की दोपहर सतेंद्र की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक खराब ट्रक के चालक से पूछताछ में जानकारी मिली कि अचानक आई खराबी के कारण ट्रक के पहिये जाम हो गए थे। जिस कारण ट्रक के चारों ओर प्लास्टिक की अवरोधक लगाई गई थी। इसी दौरान तेज गति डीसीएम ने ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस का कहना है मृतकों के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

## रेलवे ट्रेक पर पड़ा मिला शव

**देवबन्द।** रेलवे ट्रेक के समीप व्यक्ति का शव पड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति वहां से गुजरते समय ट्रेन के इंजन की चपेट में आया है। स्कूल की छुट्टी के बाद कुछ छात्र रेलवे ट्रेक से होकर घर जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें वहां लहुलुहान अवस्था में व्यक्ति पड़ा दिखाई दिया। आसपास लोगों को उन्होंने इसके बारे में बताया। जिसके बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराई। जिसकी पहचान आशीष के रुप में हुई। जानकारी मिलने पर आशीष के परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि आशीष रेलवे लाइन के पास क्यों गया इसकी जानकारी की जा रही है। बताया गया है कि शव पड़ा मिलने से कुछ समय पहले ही रेलवे लाइन से ट्रेन का इंजन गुजरा था। संभावना है कि आशीष उसी की चपेट में आया है। जांच की जा रही है। आशीष शाद. ।शुदा है और उसके दो बच्चे हैं। मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था।

# संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का हुआ निस्तारण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** अपर आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 53 फरियादी अपनी शिकायतों के समाधान के लिए पहुंचे। इस दौरान तीन शिकायतों का निस्तारण कर अपर आयुक्त ने ब्लॉक, तहसील एवं नगरपालिका का निरीक्षण कर आवययक दिशा-निर्देश दिए।

स्टेट हाइवे स्थित खंड विकास कार्यालय में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस अपर आयुक्त भानू प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान राजस्व, बिजली, सिचाई, ब्लॉक, पुलिस, नगरपालिका, खंड विकास कार्यालय, चकबंदी, पूर्ति विभाग सहित अन्य विभागो की 53 शिकायतें दर्ज की गई। हालांकि मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के बाद अपर आयुक्त भानू प्रताप यादव ने खंड विकास कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पत्रावलियों की जांच कर कर्मियों से समस्याओं की जानकारी लेते हुए सुझाव दिए।





इस दौरान उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, बीडीओ अमिताभ नारंग, एडीओ अनिल कुमार और तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका में निरीक्षण के दौरान जन्म-मृत्यू प्रमाण पत्रो की जानकारी ली। साथ ही नगर पालिका की राजस्व बढ़ाने के निर्देश देते हुए आय-व्यय की जानकारी कर हाऊस टैक्स, वाटर टैक्स सहित अन्य पत्रावलियों का निरीक्षण किया। साथ ही नगर की विकासकारी योजनाओं को शीघ्र पूरा करने एवं सभी कार्य समय से पूर्ण करने को निर्देशित किया।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी राजपति बैस सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। वहीं तहसील में भी अपर आयुक्त ने निरीक्षण कर समस्त विभागो में पहुंच पत्रावलियों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व वसूली को निर्देशित किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, तहस. ।लदार पुष्पाकंर देव सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# विश्व में भारत की पहचान लड़ाई से नहीं साथ रहने की संस्कृति से है: इंद्रेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज में अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों की भूमिका पर तालीम से तामीर तक विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डा. इंद्रेश कुमार ने कहा कि भारत विश्व में लड़ाई से नहीं साथ मिलकर रहने की संस्कृति से पहचाना जाता है।

नेशनल कमीशन फॉर माइनॉरिटी एजुकेशनल इंस्टिट्यूट के तत्वावधान में भारत सरकार एवं इस्लामिया डिग्री कॉलेज के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्र निर्माण में अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानो की भूमिका, विकसित भारत 2047 विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सहारनपुर के गांव चौबारा के बाद दूसरें चरण में शाम के समय देवबंद स्थित इस्लामिया डिग्री कॉलेज में आयोजन किया गया।



सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे डा. इंद्रेश कुमार ने कहा कि आज विश्व के कई हिस्सों में नफरत और टकराव का माहौल बना हुआ है। कहा कि हमे अगली पीढ़ी को गुस्सा नहीं साथ जीने की तालीम देनी है। डा. इंद्रेश कुमार ने कहा कि अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं के पास अपनी संस्कृति, भाषा और विविधता को गर्व के साथ आगे बढ़ाने का ऐतिहासिक अवर है, क्योंकि विविधता हमारी कमजोरी नहीं बल्कि सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने दो टूक कहा कि अल्पसंख्यक होना कोई अपराध या हिनता नहीं है। कहा कि आप विदेश नहीं हिंदुस्तानी थे और हैं और हिंदुस्तानी ही रहेंगे।

जामिया हमर्दद के रजिस्ट्रार कर्नल ताहिर मुस्तफा ने कहा कि अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानो को सिर्फ प्रोटेक्टेड स्पेस मानने की सोच से बाहर निकालकर उन्हें अकादमिक एक्सीलेंस और राष्ट्रीय विकास का केंद्र बनाया जाना चाहिए। मां शाकुंबरी देवी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. विमला यादव ने विविधता को भारत की सबसे बड़ी शक्ति बना उसे समावेशी और नई शिक्षा नीति-2020 की प्रासंगिकता का महत्व बताया।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. डा. शाहिद अख्तर ने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य सिर्फ चर्चा करना नहीं बल्कि अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानो की जिम्मेदारियों को भी स्पष्ट करना है। इस दौरान राज सिंह तरार, सुमित राजेश महाजन और डा. अजीम उल्हक ने आयोग के उद्देश्य बताते हुए कहा कि अब तक देशभर में 14 हजार से अधिक संस्थानो को अल्पसंख्यक दर्जा प्रदान किया जा चुका है। जिसमे सहारनपुर के 104 संस्थान शामिल हैं।

# साद फैजान सिद्दीकी को पीएचडी की मानद उपाधि से किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** शिक्षा और स्वास्थ्य में सराहनीय योगदान के लिए साद फैजान सिद्दीकी को कैरेबियन सागर के देश हैती की थियोफनी यूनिवर्सिटी ने पीएचडी की मानद उपाधि से नवाजा है। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुबारकबाद पेश की है।



स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल एवं फैजान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के फाउंडर साद फैजान सिद्दीकी को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रसिद्ध थियोफनी यूनिवर्सिटी द्वारा पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यूनिवर्सिटी ने उन्हें यह सम्मान मैनेजमेंट सेक्टर में उनके उत्कृष्ट कार्यों, विशेष रूप से शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए दिया है। डॉ. साद फैजान सिद्दीकी ने शैक्षणिक प्रबंधन की जटिल प्रक्रियाओं को सरल बनाकर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हेल्थकेयर मैनेजमेंट के क्षेत्र में उनके नवीन विचारों से आम जनता के लिए चिकित्सा सुविधाओं को सुलभ बनाने में मदद मिली है। डा. साद फैजान सिद्दीकी ने इस उपलब्धि पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान मेरी जिम्मेदारी को और बढ़ाता, भविष्य में भी वह लगातार समाज की बेहतरी के लिए कार्य करते रहेंगे।

# रस्साकशी और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** यूनानी दिवस समारोह के तहत देवबंद यूनानी मेडिकल कॉलेज में चल रही क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन रस्साकशी और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

देवबंद यूनानी मेडिकल कॉलेज परिसर में हुई रस्साकशी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में मोहम्मद नासिर, हिलाल, एहतेशाम-उल-हक, अब्दुल बासित एवं अब्दुल वारिस शानदार जीत दर्ज की। जबकि बालि. का वर्ग में अकसा सिदरा, मदीहा नाज, अरीबा, सना एवं नाजिया ने बाजी मारी। म्यूजिकल चेयर में मदीहा नाज, मासूम अहमद, इकान अंसारी, अजका जमीर व आदिल हुसैन ने विजेता रहे। प्रतियोगिता में डा. रूमाना, डा. मोहम्मद आरिफ, डा. मोहताशिम, डा. सुहैल, डा. शगुफ्ता फातिमा, डा. आयशा फातिमा व डा. आदिल सरफराज ने कॉर्डिनेटर की भूमिका निभाई। सचिव प्रोफेसर अफजाल अहमद, प्राचार्य डा. मोहम्मद असलम, डा. यूशा कमर, प्रोफेसर ताहिर हसन आदि शामिल



# बालक बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन कर दिखाई प्रतिभा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** प्राथमिक विद्यालय कुरड़ी में ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बालक बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर समेत अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्जवलित कर किया। प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में लबकरी व 100 मीटर दौड़ में रणखंडी जबकि बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में कुरडी और 100 मीटर में कुरडी मर्ज अव्वल रहे। कबड्डी के बालिका एवं बालक वर्ग में कुरडी मर्ज और रंगोली में कुरडी नंबर एक विजयी रहे। ऊंची कूद में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर कुरडी मर्ज प्रथम, लंबीकूद में बालिका वर्ग में कुरडी व बालक वर्ग में रणखंडी प्रथम रहे।

इसके अलावा कबड्डी, रंगोली, खो-खो, योगा, कला, रिले रेस, सुलेख, गोला फेंक, तश्तरी फेंक, स्काउट एवं गाइड में भी बालक बालिकाओं ने उत्साह से भाग लिया। संचालन रफल सिंह ने किया। संदीप, पंकज, रणबीर सिंह, योगेंद्र मलिक, महकार सिंह, महादेव सिंह, लोकेंद्र, बिजेंद्र, अजय व अमित जोशी आदि छात्र-छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।



# हिंदू राष्ट्र का सपना देखने वालों को नेपाल से सबक लेना चाहिए: मदनी

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने एक्स पर की गई पोस्ट पर लिखा कि नफरत के सौदागर और हिंदू राष्ट्र का सपना देखने वालों को नेपाल से सबक लेना चाहिए। एक दिन ऐसा भी अवश्य आएगा जब जालिमों के गले में जंजीरें होंगी और देश एक बार फिर प्यार, मोहब्बत और इंसाफ के रास्ते में तरक्की करेगा। उन्होने कहा कि सांप्रदायिक शक्तियां और कुछ संगठन हिंदू राष्ट्र बनाने का सपना देख रहे हैं, जबकि उन्हें अपने पड़ोसी देश नेपाल के इतिहास से सीख लेनी चाहिए। हाल के समय में नेपाल में भी इसी तरह की विचारधारा रखने वालों ने हिंदू राष्ट्र स्थापित किया था, लेकिन वह व्यवस्था समाप्त हो गई और वहां लोकतांत्रिक संविधान के तहत एक नई व्यवस्था अस्तित्व में आई। इस तथ्य से स्पष्ट होता है कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में किसी भी देश की वास्तविक प्रगति, स्थिरता और जनकल्याण तभी संभव है जब वहां लोकतांत्रिक व्यवस्था और सांविधानिक मूल्यों की रक्षा हो न कि किसी एक धर्म या विचारधारा को राष्ट्र पर थोपकर।



# मंडल रेल प्रबंधक ने किया निरीक्षण

**धामपुर।** मुरादाबाद मंडल की मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने शनिवार को धामपुर रेलवे स्टेशन का दौरा कर नवनिर्माणाधीन स्टेशन भवन सहित चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लेटफार्म संख्या एक, फुट ओवर ब्रिज, स्टेशन भवन के प्रथम तल तथा जीआरपी चौकी का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों की सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधों और स्टेशन पर उपलब्ध मूलभूत व्यवस्थाओं को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों के चलते यात्रियों को अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन कराने पर भी विशेष जोर दिया गया। स्थानीय नागरिकों ने मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंप कर धामपुर स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के ठहराव बढ़ाने तथा दिन के समय यात्री ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी। नागरिकों ने बताया कि वर्तमान समय में सुबह सियालदह एक्सप्रेस के बाद शाम तक दोनों दिशाओं में जाने के लिए कोई नियमित सवारी गाड़ी उपलब्ध नहीं है, जिससे यात्रियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यात्रियों ने मुरादाबाद और सहारनपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों के ठहराव बढ़ाने की मांग करते हुए रेलवे प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध किया। मंडल रेल प्रबंधक ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को यात्रियों की मांगों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रेलवे के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम **कुसुम लता** है तथा कुछ अभिलेखों में **कुसुम त्यागी** है सभी अभिलेखों में मेरी जन्म तिथि 05-04-1934 है। **कुसुम लता** एवं **कुसुम त्यागी** दोनों मेरे ही नाम है। मैं इन दोनों नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती हूं।

श्रीमती **कुसुम त्यागी उर्फ कुसुम लता** पत्नी **महावीर सिंह**
ग्राम नासिरपुर डिगोली,
थाना नागल, जनपद सहारनपुर

**सार्वजनिक सूचना**

संबंधित को अवगत कराना चाहता हूं कि यूनियन व स्टेट बैंक अकाउंट में मेरा नाम **अभिषेक त्यागी** है जो गलत है, मेरे सभी डॉक्यूमेंट आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर लिस्ट इत्यादि में मेरा नाम **दीपक त्यागी** है।

**दीपक त्यागी** पुत्र **मांगेराम त्यागी**
निवासी- ग्राम सरसीना, विकासखंड नागल, तहसील देवबंद (जनपद सहारनपुर)

## टावर पर चढ़ने वाला गिरफ्तार

**नांगल सोती।** गांव दिनोडी में नशे की हालत में टावर पर चढ़ने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया है। गांव दिनोडी में शुक्रवार को अजय कुमार नशे की हालत में एक मोबाइल टावर पर चढ़ गया था। टावर पर चढ़ने बाद अजय कुमार नशे की हालत में इधर उधर झूलता रहा। ग्रामीण ने उसे काफी समझाने का प्रयास किया। काफी देर बाद वह टावर से नीचे उतरा। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ भी एकत्र हो गई थी, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने अजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

## छप्पर में आग लगने से वृद्ध झुलसा

**नांगल सोती।** जीतपुर निवासी कई लोगों ने मिलकर खानपुर तिराहे के समीप कोल्हू चला रखा है। बीती रात्रि करीब ग्यारह बजे जीतपुर निवासी मजदूर बाबूराम (65 वर्ष) कोल्हू में सो रहा था। तसले में रखी आग से अचानक कोल्हू में पड़े छप्पर में आग लग गई। आग लगी देख आसपास कोल्हुओं पर सो रहे लोगों ने आग पर किसी तरह काबू पाया, लेकिन तब तक बाबूराम बुरी तरह झुलस चुका था। परिजनों ने बाबूराम को एम्स ऋषिकेश में उपचार के लिए भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

## प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना द्वारा सरसों की क्लस्टर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन कराया गया। जिसमें कृषकों को सरसों की समन्वित फसल उत्पादन प्रणाली, उन्नत प्रजाति पूसा सरसों-33 के अधिक उत्पादन, पोषक तत्व का प्रबंधन, रवी फसलों में खरपतवार नियंत्रण, गन्ने के साथ सरसों सहफसल की तकनीक आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, नगीना पर प्रभारी अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ. के.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र नगीना द्वारा छह फरवरी को सरसों की क्लस्टर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषकों को सरसों की समन्वित फसल उत्पादन प्रणाली के बारे में बताया गया। साथ ही साथ सरसों की उन्नत प्रजाति पूसा सरसों-33 का अधिक उत्पादन कैसे लिया जाए, उसके बारे में विस्तृत रूप से केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. के.के. सिंह ने बताया। केन्द्र की वैज्ञानिक डॉ. शिवांगी ने सरसों में पोषक तत्व का उचित प्रबंधन कैसे करें उसके बारे में बताया साथ ही रवी फसलों में खरपतवार नियंत्रण की भी जानकारी दी। गन्ना विभाग से वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राजेश सिंह ने किसानों को गन्ना के साथ सरसों सहफसल की तकनीक एवं फायदों तथा बसंत कालीन गन्ना बुवाई के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कृषकों को प्रदर्शित किए गए प्रक्षेत्र पर ले जाकर उनको भ्रमण भी कराया गया साथ ही साथ आने वाले उपज का अनुमान भी लगाया गया।

## वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**धामपुर।** विश्व भारती पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समाज को प्रेरणा देने का काम किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजीव चौहान ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर नाटक, ग्रुप डांस और मोबाइल के नुकसान को बताया गया। कार्यक्रमों द्वारा समाज में प्रेरणा देने का काम किया।

# बलात्कार के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर प्रधानपति से मांगी रंगदारी

**नांगल सोती।** गांव पूंडरी कलां के प्रधान पति ने एक हिंदूवादी नेता सहित चार के खिलाफ बलात्कार के फर्जी मुकदमे में फंसाने और रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रधान पति का आरोप है कि उसे बलात्कार के मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए पांच लाख की रंगदारी मांगी गई, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

गांव पूंडरी कलां के ग्राम प्रधान के पति संदीप राठी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही सलमान का चचेरा भाई कश्मीर से एक युवती को भगा लाया था, जो कश्मीर की जेल में बंद है। सलमान पर भी गांव की एक युवती के साथ बलात्कार का मुकदमा चल रहा है। सोनू मलिक सलमान की पत्नी है जो अपने आप को वकील बताती है। सोनू मलिक अपने पति सलमान को बचाने के लिए उन पर फैसले का दबाव बनाते हुए कश्मीर की युवती से उनके खिलाफ घर में बंधक बनाकर बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए झूठी रिपोर्ट दर्ज कराना चाहते हैं, जिनमें एक हिंदूवादी नेता अंशुल भी शामिल है। मुकदमे से बचने के लिए आरोपियों ने उनसे पांच लाख की रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी गई।

संदीप राठी की तहरीर पर पुलिस न थाना किरतपुर गांव शंकरपुरी निवासी हिंदूवादी नेता अंशुल, थाना नांगल गांव पूंडरी कलां निवासी महिला वकील सोनू मलिक उसके पति सलमान और थाना कोतवाली देहात गांव महेश्वरी निवासी गुलशन के खिलाफ रंगदारी मांगने सहित कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में ग्राम प्रधान पति ने आरोपियों के खिलाफ रंगदारी मांगने के कई सबूत पुलिस को सौंपे है। इस कारण ये आरोपी ग्राम प्रधान पति संदीप राठी को झूठे बलात्कार के मुकदमे में फसाने में सफल नहीं हो सके। सभी आरोपी कश्मीरी की एक महिला को ढाल बनाकर ग्राम प्रधान पति को बलात्कार के झूठे मुकदमे में जेल भिजवाना चाहते थे, इसके साथ ही 5 लाख की मोटी रकम रंगदारी में वसूलने का दबाव बना रहे थे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु भरेंगे हुंकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** 15 फरवरी को होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर पॉलिटेक्निक कर्मचारी संघ की बैठक जितेंद्र राणा की अध्यक्षता एवं मनोज कुमार के संचालन में हुई। बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने आगामी 15 फरवरी को इंदिरा बाल भवन में टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में पेंशन क्रांति महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। महासम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु व विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री रामेन्द्र श्रीवास्तव, डिप्लोमा फार्मासिस्ट संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बड़ौला, पटवारी लेखपाल कानून को संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम मूरत यादव, नर्सेज संघ की प्रदेश अध्यक्ष सरली भंडारी, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री ठाकुर विश्वपाल सिंह, अधिष्ठान सिंचाई संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बिजनौर में आगमन कर पुरानी पेंशन बहाली की हुंकार भरेंगे। महासम्मेलन में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारी को संगठित प्रतिभाग करें। बैठक में विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी, राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार मनचंदा, अमित महरोत्रा, जितेंद्र राणा, राजीव, निपेन्द्र कुमार, समरपाल कटारिया, सोनू कुमार, मनोज कुमार आदि रहे।



# सचिन, विराट व गंभीर ने अंडर-19 टीम को दी बधाई



● सचिन तेंदुलकर ने लिखा चैंपियंस, युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व, कोच व सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी



● विराट कोहली ने लिखा कि अंडर-19 भारतीय टीम को एक बार फिर विश्व कप जीतने के लिए बधाई



● गौतम गंभीर ने कहा कि तुम लड़कों पर गर्व, तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-19 टीम को शुक्रवार को हरारे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में फाइनल में इंग्लैंड पर 100 रन की जबरदस्त जीत के साथ रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप टाइटल जीतने के बाद क्रिकेट जगत से बहुत तारीफ़ मिली। महान बैटिंग सचिन तेंदुलकर ने युवा टीम के निडर अप्रोच की तारीफ की और बैटर वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की। तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि चैंपियंस! इस युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व है। कोच और सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी। इस पल का आनंद लें! जब आपके पास एक सूर्यवंशी हो, तो एक टाइमलेस ब्लॉकबस्टर की उम्मीद होती है! शाबाश, वैभव! एज-ग्रुप लेवल पर भारत के लगातार दबदबे को हाईलाइट करते हुए, भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने लिखा कि अंडर-19 भारतीय टीम को एक बार फिर वर्ल्ड कप जीतने के लिए बधाई। एज-ग्रुप क्रिकेट और उससे आगे भी हमारा दबदबा जारी है। पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ को शाबाशी। भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने भी टीम की तारीफ करते हुए कहा कि तुम लड़कों पर गर्व है! तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने भारतीय टीम को बधाई दी और साथ ही इंग्लैंड और टूर्नामेंट होस्ट की भी तारीफ की। शाह ने पोस्ट किया कि भारत को उनके छठे आईसीसी अंडर-19 मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप टाइटल के लिए बहुत-बहुत बधाई! वे इसके हकदार हैं, लेकिन फाइनल तक शानदार प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड भी अपना सिर ऊंचा रख सकता है और जिम्बाब्वे क्रिकेट और क्रिकेट नामीबिया को एक शानदार टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए शाबा. शी, जिसने हमारे खेल के भविष्य के सितारों को दिखाया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया और 50 ओवर में 9 विकेट पर 411 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इंग्लैंड ने शुरुआत में ही एलेक्स ग्रीन के सेमी-फ़ाइनल सेंचुरी बनाने वाले एरॉन जॉर्ज को आउट करके बढ़त बना ली।

## ओम बिरला ने भारतीय टीम को दी शाबाशी

**नई दिल्ली, वार्ता।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है और इस जीत को देश के लिए गौरव का क्षण और भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया है।



श्री बिरला ने बधाई संदेश में युवा क्रिकेटरों के वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन की सराहना की और पूरे टूर्नामेंट के दौरान उनके अनुशासन और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की। अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि युवा भारत, विश्व चैंपियन भारत। अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप चैंपियन बनने पर भारतीय क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि टीम की सफलता ने देश भर में लाखों लोगों को अपार खुशी दी है। श्री बिरला ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए हमारी टीम ने लाखों भारतीयों को गौरवान्वित किया है। यह क्षण देश की युवा शक्ति को नई ऊर्जा और अपार प्रेरणा प्रदान करेगा। भारत ने शुक्रवार को हरारे में खेले गए अंडर-19 विश्व कप 2026 के फाइनल में इंग्लैंड को 100 रनों से हराकर रिकॉर्ड छठी बार अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीता। भारत की अंडर-19 विश्व कप जीत ने आयु वर्ग क्रिकेट में देश के मजबूत रिकॉर्ड में एक और अध्याय जोड़ दिया है, जिससे युवा प्रतिभाओं के पोषण में वैश्विक शक्ति के रूप में इसकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## दे दनादन क्रिकेट को लेकर गूगल ने बनाया डूडल

**नई दिल्ली, वार्ता।** सोशल मीडिया सर्च इंजन गूगल ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में आज से शुरु हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए डूडल बनाया है। शनिवार से शुरू हुए विश्वकप को लेकर गूगल द्वारा बनाए गए इस खास डूडल में क्रिकेट की गेंद, बल्ले, स्टंप और रनों की आकृति को उकेरा है। इस बार के विश्वकप में तकनीक की भी विशेष भूमिका रहेगी। गूगल का जेमिनी मंच आधिकारिक 'एआई फैन कंपेनियन' के रूप में पेश किया गया है, जो दर्शकों को क्रिकेट के नियमों की सरल व्याख्या करेगा और 'क्रेजी फैन' अवतार कॉन्टेस्ट जैसे रोचक अनुभव उपलब्ध कराएगा। तकनीक और क्रिकेट के अनूठे संगम के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप न केवल खेल के मैदान पर, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी एक नई चमक बिखेरेगा।

## भारतीय अरबपति आरसीबी के लिए बोली लगाने वालों में शामिल

**बेंगलुरु, वार्ता।** आरसीबी 2025 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने के बाद लगभग 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ग्लोबल बोली की जंग का केंद्र बन गया है, जिससे फेंचाइजी की छवि अंडरअचीवर से बदलकर लीग की सबसे कीमती संपत्तियों में से एक हो गई है। क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े सितारों के होने के बावजूद दिल टूटने और करीबी हार के लिए लंबे समय तक मजाक उड़ाए जाने के बाद, आरसीबी ने आखिरकार 2025 में अपना पहला इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतकर इस सिल. सिले को तोड़ा। इस जीत के तुरंत बाद दूसरा महिला प्रीमियर लीग खिताब भी जीता, जिससे फ्रेंचाइजी को देखने का नजरिया नाटकीय रूप से बदल गया है।

## भारत की इलावेनिल ने जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की इलावेनिल वलारिवन ने शनिवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल कॉन्टिनेंटल टाइटल का सफलतापूर्वक बचाव किया।

यहां 26 साल की वलारिवन ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 252-0 का स्कोर करके अपना तीसरा व्यक्तिगत कॉन्टिनेंटल निशानेबाजी खिताब जीता। वलारिवन ने 2019 में अपना पहला एशियन खिताब जीता था। भारतीय निशानेबाज ने छठी सीरीज में बढ़त बनाई और आखिर तक इसे बनाए रखा। वलारिवन की तरह ओलंपियन मिसाकी नोबाटा 251-5 के स्कोर के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पोडियम पर तीसरे स्थान पर 32 साल की मेघना सज्जनार (229-5) रहीं, जिन्होंने अपनी हमवतन आर्या बोरसे को फाइनल राउंड में हराकर अपना पहला कॉन्टिनेंटल कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में, वलारिवन ने 633-7 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में टॉप किया था, जबकि बोरसे (630-3) और सज्जनार (628-6) क्रमशः तीनों ने मिलकर इस स्पर्धा में 1892-6 के कुल स्कोर के साथ भारत के लिए टीम स्वर्ण पदक भी जीता।



● वलारिवन ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 252-0 का स्कोर करने निशानेबाजी खिताब जीता

जापान और कजाकिस्तान ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। भारत की श्रेया अग्रवाल (632-0) और सोनम उत्तम मस्कर (631-9) क्वालिफायर में क्रमशध तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। मिले तीन पदकों के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है।

## A+ प्सल से B वर्ग में खिसके रोहित-विराट

● इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस वर्ग में नहीं, शुभमन गिल, बुमराह, रवींद्र अनुबंध के ए वर्ग में रखे गए हैं

**मुंबई, वार्ता।** टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अनुबंध सूची में ए प्लस से बी वर्ग में खिसक गए हैं। इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस वर्ग में नहीं है। टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आलराउंडर रवींद्र जडेजा केंद्रीय अनुबंध के ए वर्ग में रखे गए हैं जबकि टी-20 कप्तान सूर्य कुमार यादव बी वर्ग में हैं। बीसीसीआई ने साल 2025-26 के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची को मंजूरी दी जिसमें कुल 30 पुरुष खिलाड़ियों को जगह दी गई है। पुरुष खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची **ए वर्गः** शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा। **बी वर्गः** रोहित शर्मा, विराट, सूर्यकुमार, वाशिंगटन, केएल राहुल, हार्दिक, सिराज, पंत, कुलदीप, जायसवाल, अय्यर। **सी वर्गः** अक्षर, तिलक, रिंकू, शिवम दुबे, संजू , अर्शदीप, प्रसिद्ध, आकाश, ध्रुव, हर्षित, वरुण नीतीश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, साई सुदर्शन, रवि बिश्नोई, रुतुराज गायकवाड़।

## BCCI ने विश्व विजेता भारतीय अंडर-19 टीम को दिए 7.5 करोड़ रुपये

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-19 विश्वकप 2026 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के लिए साढ़े सात करोड़ रूपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने छठी बार अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ और जूनियर क्रिकेट कमेटी के लिए साढ़े सात करोड़ रूपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की। सोशल मीडिया मंच एक्स पर देवजीत सैकिया ने कहा कि भारत के इंग्लैंड को हराकर आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद पूरा देश खुश है। हमने विश्व कप जीतने वाली टीम के लिए 7-5 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को हरारे में खेले गए अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 100 रनों से हराकर छठी बार खिताब जीता था।

## चेन्नई सिंघम्स ने पहली बार जीता आईएसपीएल का खिताब

● खिताबी मुकाबला दर्शकों से खचाखच भरे सेलालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में खेला गया

**सूरत, वार्ता।** चेन्नई सिंघम्स ने शानदार और संतुलित प्रदर्शन करते हुए इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) सीजन 3 का अपना पहला खिताब जीत लिया। फाइनल मुकाबले में सिघम्स ने टाइगर्स ऑफ कोलकाता को 29 रनों से शिकस्त दी।

यह खिताबी मुकाबला शुक्रवार को लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों के बीच खेला गया। फाइनल के दौरान आईएसपीएल कोर कमेटी के सदस्य सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले और सूरज समत के साथ-साथ लीग के ऑपरेशंस प्रेसिडेंट दीपक चौहान भी मौजूद रहे। चेन्नई ने शुरुआत से अंत तक मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। टॉस जीतकर चेन्नई सिघम्स ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज केतन म्हात्रे और जगन्नाथ सरकार ने तेज शुरुआत दिलाई। शुरुआती ओवर में जगन्नाथ को जीवनदान मिला, जिसके बाद केतन ने दूसरे ओवर में 28 रन ठोकते हुए आक्रामक अंदाज अपनाया। जगन्नाथ 14 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन केतन ने रन गति बनाए रखी।

सरोज प्रमाणिक ने लगातार दो गेंदों पर विकेट लेकर चेन्नई की रफ्तार पर थोड़ी लगाम लगाई, हालांकि सरफराज खान के अहम छक्के ने स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। केतन म्हात्रे ने 16 गेंदों में 30 रनों की पारी खेली, जबकि सरफराज खान ने 11 गेंदों में तेज 20 रन जोड़े। अंत के ओवरों में गणेश और संभाजी की विस्फोटक बल्लेबाजी, जिसमें संभाजी का शानदार 'नाइनर' भी शामिल रहा, चेन्नई को 10 ओवर में 7 विकेट पर 103 रन तक ले गई। 104 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइगर्स ऑफ कोलकाता की टीम कभी लय में नहीं आ सकी। रजत मुंढे और सरोज प्रमाणिक की शुरुआत धीमी रही। इसके बाद जगन्नाथ सरकार ने सरोज (11 रन) को आउट किया।

## आरिफ मोहम्मद खान ने हाथों में तिरंगा उठाकर की शीतकालीन ओलंपिक्स में भारतीय दल की अगुवाई

**मिलान कोर्टिना, वार्ता।** आरिफ मोहम्मद खान ने लिविग्नो स्नो पार्क में आयोजित मिलानो कोर्टिना 2026 शीतक. ालीन ओलंपिक्स के उद्घाटन समारोह में तिरंगा उठाए हुए भारतीय दल की अगुवाई की। शुक्रवार को मिलानो कोर्टिना 2026 का उद्घाटन समारोह मिलान के सैन सिरो स्टेडियम में, कोर्टिना, लिविग्नो और प्रेडाजो में एक साथ आयोजित किया गया।

समारोह में परेड के दौरान आरिफ खान ने भारतीय तिरंगा उठाए हुए थे वहीं इस प्रतियोगिता में देश के एकमात्र दूसरे एथलीट, स्टैनजनि लुंडुप ने भारतीय प्लेकार्ड पकड़ा हुआ था। मिलानो कोर्टिना 2026 उद्घाटन समारोह में मारिया केरी, लौरा पौसिनी और एंड्रिया बोसेली जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। मिलानो कोर्टिना आरिफ खान का दूसरा शीतकालीन ओलंपिक्स है। उन्होंने बीजिग 2022 में शीतकालीन गेम्स में पर्दापण किया था, जहां उन्होंने स्लैलम और जायंट स्लैलम अल्पाइन स्कीइंग दोनों इवेंट्स में हिस्सा लिया था। आरिफ अकेले ऐसे भारतीय हैं जिन्होंने एक ही विटर ओलंपिक्स में दो अल्पाइन स्कीइंग इवेंट्स के लिए सीधे कोटा स्थान हासिल किया है। मिलानो कोर्टिना 2026 में आरिफ खान केवल स्लैलम इवेंट में हिस्सा लेंगे। आरिफ ने ओलंपिक एफआईएस पॉइंट्स सिस्टम के जरिए मिलानो कोर्टिना के लिए स्लैलम में भारत का कोटा स्थान हासिल किया है। टूर्नामेंट की स्लैलम रेस 16 फरवरी को होगी। क्रॉस-कंट्री स्कीयर स्टैनजिन लुंडुप दूसरे भारतीय एथलीट हैं जो मिलानो कोर्टिना में हिस्सा लेंगे। उनका नाम पुरुषों की 10 किमी इंटरवल स्टार्ट फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता की एंट्री लिस्ट में है। स्टैनजिन लुंडुप ने पिछले साल नॉर्वे में एफआईएच नॉर्डिक वर्ल्ड स्की चैंपियनशिप में भारत के लिए क्रॉस-कंट्री स्कीइंग कोटा हासिल किया था। उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मिलानो कोर्टिना 2026 गेम्स के लिए चुना था।




● आरिफ खान अकेले ऐसे भारतीय हैं जिन्होंने एक ही विंटर ओलंपिक्स में दो उल्पाइन स्कीइंग इवेंट्स के लिए सीधे कोटा स्थान हासिल किया

## हर्षित राणा बाहर, मोहम्मद सिराज भारतीय टीम में शामिल

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। राणा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 फरवरी को नवी मुंबई में खेले गए अभ्यास मैच के दौरान घुटने में चोट लगी थी।

विशेषज्ञ से सलाह लेने और स्कैन के बाद बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए उन्हें अनफिट करार दिया। राणा ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी-20 की घरेलू सीरीज में तीन मैच खेले थे जिसे भारत ने 4-1 से अपने नाम किया था। राणा को विश्व कप दल में एक उपयोगी ऑलराउंडर के रूप में शामिल किया गया था और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में उन्होंने अर्धशतकीय पारी भी खेली थी। राणा का विश्व कप से बाहर होने के बाद भारतीय दल में तेज गेंदबा. जी ऑलराउंडर के रूप में हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे शामिल हैं। सिराज ने अब तक अपने टी-20 करियर में कुल 16 मुकाबले खेले हैं और 7.79 की इकॉनमी और 32.28 की औसत से उन्होंने 14 विकेट हासिल किए हैं। हालांकि सिराज ने जुलाई 2024 के बाद से एक भी टी-20 नहीं खेला है। उन्होंने अंतिम टी-20 30 जुलाई 2024 को पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। भारत अपने विश्व कप अभियान का आगाज 7 फरवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के खिलाफ करेगा।

भारतीय टीम : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वॉशिगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज

## पाकिस्तान ने कड़े संघर्ष में नीदरलैंड को हराया



● पाक ने नीदरलैंड पर तीन गेंदें शेष रहते तीन विकेट से जीत दर्ज कर ली

**कोलंबो, वार्ता।** सलमान मिर्जा (तीन विकेट) की अगुवाई गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद साहिबजादा फरहान (47 ) और फहीम अशरफ (29 ) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के कड़े संघर्षपूर्ण मुकाबले में नीदरलैंड पर तीन गेंदे शेष रहते तीन विकेट से जीत दर्ज की। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सैम अयूब 13 गेंदों में (24) का विकेट गंवा दिया। उन्हें आर्यन दत्त ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान आगा सलमान ने साहिबजादा फरहान के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान पांचवें ओवर में आर्यन दत्त ने आगा सलमान (12) का शिकार कर लिया। एक समय जब ऐसा लगा रहा था कि पाकिस्तान यह मैच आसानी से जीत लेगा लेकिन 12वें ओवर में पॉल वैन मीकरेन ने पहली ही गेंद पर साहिबजादा फरहान को आउटकर पाकिस्तान को तीसरा झटका दिया। साहिब. जादा फरहान ने 31 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 47 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने उस्मान ख्वाजा (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। अगले ओवर में रुलॉफ वैन डर मर्व ने बाबर आजम (15) का भी शिकार कर पाकिस्तान को संकट में डाल दिया। 16वें ओवर में में काइल क्लीन ने मोहम्मद नवाज (छह) को आउटकर दिया। अगले ही ओवर की पहली गेंद पर लोगन वैन बीक ने शादाब खान (आठ) को चलता कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए फहीम अशरफ ने मोर्चा संभाला और 19वें ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाकर पाकिस्तान की जीत सुनिश्चित की। पाकिस्तान ने 19-3 ओवर में 148 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। फहीम अशरफ ने 11 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 29 रनों की पारी खेली। शाहीन शाह अफरीदी पांच रन बनाकर नाबाद रहे। नीदरलैंड के लिए आर्यन दत्त और पॉल वैन मीकरेन ने दो-दो विकेट लिए। लोगन वैन बीक, काइल क्लीन और रुलॉफ वैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां पाक ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड पाकिस्तानी गेंदबा. जी आक्रमण के आगे 19.5 ओव. रों में 147 रन के स्कोर पर सिमट गई। कप्तान स्कॉट ने 29 गेंदों में (37), बास डलीडे 25 गेंदों में (30) रन बनाए।

## चेतन और पुलकित ने जीते रजत पदक

● विश्व कुश्ती महासंघ रैंकिंग में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है

**जागरेब, वार्ता।** भारत के चेतन और पुलकित ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में क्रमशः 63 किग्रा ग्रीको-रोमन और महिलाओं के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीते। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में इसके अलावा अंजलि (62 किग्रा) और निशा दहिया (68 किग्रा) ने अपने-अपने वर्ग में कांस्य पदक जीते। साल की पहली विश्व कुश्ती महासंघ (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) रैंकिग सीरीज में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है जिसमें एक स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य पदक शामिल हैं।

ग्रीको-रोमन वर्ग में चेतन ने 63 किग्रा में दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत के अभियान की मजबूत शुरुआत कराई। क्वालीफायर में उन्होंने कजाकिस्तान के दस्तान जारलिखानोव को 7-6 से हराया। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में सर्बिया के देजान बेरकेच को 9-0 से मात दी। सेमीफाइनल में चेतन ने ईरान के पूर्व विश्व चैंपियन मेयसम डालखानी को 14-5 से चौंकाते हुए फाइनल में जगह बनाई। हालांकि स्वर्ण मुकाबले में उन्हें ईरान के एरफान बेहनाम जारकानी से 8-4 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महिलाओं के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में अंडर-17 वर्ल्ड चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता पुलकित ने नॉर्डिक सिस्टम के तहत रजत पदक जीता।

उन्होंने स्वीडन की एग्नेस न्यग्रेन को 10-1 से और रोमानिया की यूरोपियन गेम्स कांस्य पदक विजेता क्रिस्टा इन्से को 2-0 से हराया। इसके बाद क्रोएशिया की मारियाना सुम्सकी के चोटिल होने के कारण उन्हें वॉकओवर मिला। हालांकि, दिन के अपने पहले मुकाबले में जापान की नाना इके. हाता से 3-1 से हार के चलते पुलकित रजत तक ही पहुंच सकीं। महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में अंजलि ने अपने अभियान की शुरुआत क्रोएशिया की लाना नो. गिक पर 12-0 की शानदार जीत के साथ की। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने ब्राजील की लाइस नून्स को 5-3 से हराया।

सेमीफाइनल में उन्हें स्वीडन की ओलंपियन और दो बार की यूरोपियन चैंपियनशिप पदक विजेता जोहाना लिडबॉर्ग से 10-0 से हार झेलनी पड़ी। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में अंजलि ने अपनी ही साथी भाग्यश्री फांड को 5-4 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। भाग्यश्री फांड ने रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था। क्वालीफायर में उन्होंने अमेरिका की अलारा बॉयड को हराया था, जबकि क्वार्टरफाइनल में उन्हें जोहाना लिडबॉर्ग से हार मिली थी।

महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में एशियन चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता निशा दहिया ने भी रेपेचेज के रास्ते कांस्य पदक तक का सफर तय किया।

# देश को गति देने वाला है केन्द्रीय बजटः सुनील




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने केंद्रीय बजट को देश के सर्वांगीण विकास, डिजिटल सशक्तिकरण और जनकल्याण को गति देने वाला बताया।

प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा सर्किट हाऊस सभागार में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बजट के 20 बिंदुओं को विशेष बताते हुए कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग और उद्यमियों के लिए नए अवसर सृजित करेगा तथा भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बजट से युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे, स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा तथा गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दवाइयों की उपलब्धता बढ़ेगी। इसके साथ ही कई नए मेडिकल कॉलेज खोले जाने का भी प्रावधान किया गया है। मंत्री ने बताया कि बजट के अंतर्गत 1000 मान्यता प्राप्त नैदानिक प्रशिक्षण स्थलों का नेटवर्क विकसित किया जाएगा। भारत कोष में 200 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी का प्रस्ताव रखा गया है, वहीं लघु एवं मध्यम उद्योगों (एसएमई) के लिए 10 करोड़ रुपये की वृद्धि कोष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' के तहत स्वतंत्रता दिवस 2025 के बाद 350 से अधिक सुधार लागू किए गए हैं, जिनका सीधा लाभ देश को मिल रहा है। स्मार्ट मीटर, बढ़ते बिजली बिल, महंगाई और किसानों की समस्याओं को लेकर पूछे गए सवाल पर स्पष्ट मंत्री जवाब देने से बचते नजर आए। उन्होंने केवल इतना कहा कि प्रेस वार्ता बजट पर केंद्रित है और बजट में सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। वहीं किसानों के लिए एमएसपी कानून से संबंधित प्रावधानों को लेकर पूछे गए सवालों पर भी मंत्री ने कोई ठोस उत्तर नहीं दिया। बिजली बिल बढ़ोतरी और महंगाई के मुद्दे पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। वार्ता के दौरान महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह, नगर विधायक राजीव गुम्बर, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र सैनी, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, पूर्व विधायक नरेश सैनी, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, क्षेत्रीय मीडिया सहसंयोजक गौरव गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नहीं होने देंगे खिलाड़ियों से भेदभावः चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के साथ चयन प्रक्रिया में भेदभाव नहीं होना चाहिए।

चौ. नीरपाल सिंह हकीकत नगर स्थित कैंप कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें बहुत जगह से शिकायतें मिल रही हैं कि खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया में भेदभाव किया जा रहा है। स्पोर्ट्स स्टेडियमों में बाहरी और फर्जी प्रशिक्षकों का बोलबाला है, बच्चों को गुमराह किया जाता है, अवैध धन उगाई की जाती है। गरीब बच्चों के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं है, वो धन के अभाव के कारण खेलने से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि फर्जी खेल एसोसिएशन बनाकर बच्चों को झूठे सपने दिखाए जाते है। इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री और खेल मंत्री से की जायेगी। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नही होने देंगे। जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर व महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक ने कहा कि खेलो में फैली अव्यवस्थाओं से केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को भी अवगत कराया जाएगा। उन्होंने सभी बच्चों, खिलाड़ियों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। नशा एक दीमक की तरह है जो शरीर को धीरे धीरे खोखला कर देती है। बैठक में भारतीय क्रिकेट टीम को जूनियर वर्ल्ड कप जीतने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। बैठक में कमल सोनकर, जगपाल नवादा, लल्लन प्रसाद, उसेनदर शर्मा, निशांत, आकाश उपस्थित रहे।

# ढाबे से अवैध शराब की खेप बरामद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ढाबे से अवैध शराब की भारी खेप बरामद की गई, जबकि ढाबा संच. ालक को मौके से हिरासत में लेकर कोतवाली नकुड़ भेज दिया गया।

शनिवार देर शाम सहारनपुर से पहुंची आबकारी विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बस स्टैंड स्थित तनिष्क ढाबे पर अचानक छापा मारा। तलाशी के दौरान ढाबे के अंदर बने भंडारण स्थल से बड़ी संख्या में अवैध शराब की पेटियां बरामद हुईं, जिसे देखकर टीम भी हैरान रह गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सूचना फैलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए। आबकारी टीम ने ढाबा संचालक को मौके से पकड़कर कोतवाली पहुंचाया, जहां उससे अवैध शराब के भंडारण और सप्लाई नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि ढाबे की आड़ में लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार संचालित किया जा रहा था।

गौरतलब है कि नगर के सबसे संवेदनशील और व्यस्त इलाके में इतनी बड़ी मात्रा में अवैध शराब की बरामदगी ने स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि बस स्टैंड जैसे क्षेत्र में चल रहे इस अवैध कारोबार की भनक पुलिस को अब तक क्यों नहीं लगी।

## शातिर चोर पकड़े

**सहारनपुर।** थाना नानौता पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए पांच गैस सिलेंडर व घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप बरामद कर ली।

थाना प्रभारी नवीन कुमार सैनी, उपनिरीक्षक जसपाल सिंह व उपनि. रीक्षक उपेंद्र राणा के नेतृत्व में तीन शातिर चोरों अर्जुन उर्फ बंटी पुत्र तेल. राम व जाहिद पुत्र तहसीन निवास. ीगण मौहल्ला शेखजादगान कस्बा व थाना नानौता व गुलफाम उर्फ भोला पुत्र भूरा निवासी एक मिनारा मस्जिद मौहल्ला शेखजादगान को काशीपुर नहर पुलिया के पास से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 6 फरवरी को मौहल्ला कानूनगोयान निवासी गफ्फार पुत्र अब्दुल वहीद के घर से चोरी चोरी किए एक सिलेंडर सहित पांच गैस सिलेंडर व घटना में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी बरामद की।

# अधिक से अधिक वोट बनवाएंः चौ. वाहिद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की आयोजित मासिक बैठक में विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक वोट बनाए जाने का कार्य करने के साथ-साथ भाजपा की दोहरी मानसिकता को जग जाहिर करने का कार्य कर्ताओं को निर्देश दिया गया।

आज अंबाला रोड स्थित आयोजित मासिक बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि एसआईआर अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों का वोट बनवाने का कार्य किया जाए क्योंकि इसके पीछे भी भाजपा की सूची समझी मानसिकता है कि एक वर्ग विशेष के लोगों को मतदान से वंचित किया जा सके जिससे हमें मजबूती से कार्य करना होगा और कोई भी व्यक्ति वोट से वंचित न रहे इसका भी प्रयास करना होगा। पूर्व विधायक मनोज चौधरी प्रदेश सचिव मजाहिर राणा पूर्व मंत्री लियाकत अली ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की आवाज को दबाने का काम कर रही है।

पूर्व मंत्री विनोद तेजियां वरिष्ठ नेता चौधरी साजिद पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजेश शर्मा एवं फरहाद आलम गाड़ा ने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 2027 में जीत का लक्षण निर्धारित कर चुनाव की तैयारी में जुड़ जाए ताकि एक बार फिर उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार का गठन हो सके।

बैठक को प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य रतन यादव पदम सिंह किरण पाल राणा कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी अच्छान यादव सुदेश गुर्जर राजेश शर्मा संदीप सैनी रमेश पवार हसीन कुरैशी सिद्धार्थ यादव मुस्तकीम राणा विधायक प्रतिनिधि हैदर मुखिया शोएब मलिकमहजबी खान आदि ने संबोधित किया बैठक में गौरव यादव हाजी खुर्शीद चौधरी जुमला सिंह सोनू नंबरदार गुलफाम अंसारी सैयद अहमद जिंदी गुर्जर मनीषा नाजिया आसिफ राणा सूरज प्रकाश मोहम्मद आफताब नरेंद्र कोटियां फिरोज अहमद शाहिद मंसूरी इमरान मलिक मुस्कान उषा खुशी राजकुमार बिरला जावेद भूरा हरीश सूरज प्रकाश सतीश कुमार वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

# आसपा जिला मुख्य प्रभारी बने करनवीर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए करनवीर सिंह को मुख्य जिला प्रभारी नियुक्त किया है।

यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर की गई है! करनवीर सिंह इससे पहले भी पार्टी में जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और बहुजन समाज के मुद्दों को मजबूती से उठाने का काम किया। उनकी कार्यशैली, संगठनात्मक क्षमता और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है। करनवीर सिंह को क्षेत्र में एक मिलनसार, कर्मठ और संघर्षशील नेता के रूप में जाना जाता है। वे हमेशा कार्यकर्ताओं के बीच सक्रिय रहते हैं और आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाते रहे हैं। पार्टी सूत्रों का मानना है कि उनकी नियुक्ति से सहारनपुर जिले में आजाद समाज पार्टी को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। नियुक्ति के बाद करनवीर सिंह ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे और बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के सिद्धांत पर चलते हुए संगठन को और सशक्त बनाएंगे।

# इस्लामिया शिफाखाना में सैंकड़ों लोगों की हुई जांच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इस्लामिया शिफाखाना में लगाये गये विशेष स्वास्थ्य शिविर में सैंकडों लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया।

ईदगाह रोड स्थित शिफाखाना की नई बिल्डिंग में आयोजित शिविर का उद्घाटन मेयर डॉ. अजय कुमार सिंह एवं नगर आयुक्त शिपू गिरि ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में दिल्ली मैक्स हॉस्पिटल साकेत की टीम व स्थानीय डाक्टरों द्वारा हृदय, फेफड़े, गुर्दे, पेट, शुगर एवं दंत रोग जांच की गयी। मरीजों को जांच के साथ-साथ शिफाखाना हॉस्पिटल की ओर से नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। शिफाखाना हॉस्पिटल के सचिव मसूद बदर एवं अध्यक्ष नदीम सरवर ने बताया कि ऐसे विशेष हेल्थ कैंप प्रत्येक माह आयोजित किए जाएंगे तथा हॉस्पिटल में प्रतिदिन ओपीडी और दवा वितरण की सुविधा रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि शिफाखाना में टीबी डॉट्स का इलाज पूरी तरह नि:शुल्क किया जाता है। पार्षद एवं नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य मंसूर बदर ने बताया कि करीब 55 वर्ष पूर्व उनके वालिद मरहूम अय्यूब हसन बदर (पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद सहारनपुर) और उनके साथियों ने इस शिफाखाना की नींव रखी थी, वे आजीवन इसके सचिव रहे, अब उन्हीं के नक्शे कदम पर मसूद बदर सचिव के रूप में सेवा दे रहे हैं।

इस अवसर पर वुड कार्विंग मैन्यूफेक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफानुल हक, महासचिव समाजसेवी औसाफ गुड्डू, शिफाखाने के महासचिव मसूद बदर, अध्यक्ष नदीम सरवर, एक्सपोर्टर शाहजमा, जावेद इकबाल, राव महबूब, रईस अहमद, जामा मस्जिद मैनेजर मौलवी फरीद, नौशाद देहल. वी, पार्षद मन्सूर बदर, शाहिद जुबैरी, शाकिर मिर्जा, गुलफाम खान, एडवोकेट इशान अहमद अंसारी, पार्षद समीर अंसारी, गुलफाम खान, आसिफ अंसारी, नासिर खान, जलाल उमर, रहमान अजीज, अब्दुल गफ्फार, चौ. रिहान, मसरूर बदर, आबिद नजर, हाजी परवेज अंसारी, चौ. मुजफ्फर, मारूफ बदर, पार्षद सईद सिद्दीकी, पार्षद आसिफ अंसारी, चेयरमैन शराफत खान, सदाकत खान, नय्यर जुबैरी व पत्रकार अबूबकर शिब्ली सहित सैंकडों लोग मौजूद रहे।

## रंगदारी प्रकरण में एक गिरफ्तार

**गंगोह।** कोतवाली गंगोह पुलिस ने जान से मारने की धमकी देकर 5 लाख की रंगदारी मांगने के प्रकरण में हरियाणा निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

ज्ञातव्य हो वार्ड न. 21 से जिला पंचायत सदस्य के ससुर व प्रतिनिधि रामदास सैनी पुत्र आत्मा राम निवासी ग्राम बुडढाखेडा ने कोतवाली में प्रार्थना-पत्र देकर अवगत कराया था कि 4 फरवरी 26 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके खेत के कोठे पर लाल स्याही से लिखे पत्र में धमकी देकर जान से मारने की धमकी देकर पाँच लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। रकम न देने पर उसे व पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर थाना इन्द्री, जिला करनाल के गांव तुसंग निवासी सुरेन्द्र को गिरफ्तार किया।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** गोचर कृषि इंटर कॉलेज रामपुर मनि.की राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस) ईकाई द्वारा ग्राम सांचलु में सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षा श्रीमती प्रमिला देवी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया।उसके पश्चात माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन किया गया। प्रधान लिपिक सुनील कुमार, रामकुमार, प्रधान प्रतिनिधि नितिन चौधरी,हितेंद्र सैनी आदि ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम अधिकारी विकास चौधरी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताते हुए सात दिनों में होने वाली गतिविधियों के बारे मे बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबीर सिंह ने छात्र/ छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि हमारे जीवन मे अनुशासन का क्या महत्व होता है। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती प्रमिला देवी ने स्वयंसेवकों को शुभाशीष दिया।कार्यक्रम का संचालन हितेंद्र सैनी ने किया।

इस अवसर पर डॉ भानु प्रकाश,विनीत गर्ग,प्रधान लिपिक सुनील कुमार, देवप्रकाश वर्मा, दुष्यन्त वर्मा,राजेंद्र कुमार,पंकज कुमार,धीर सिंह, नितिन चौधरी,रामकुमार,रफल सिंह, विश्वास पंवार,पंकज कुमार, डॉ भानु प्रकाश,कुलदीप कुमार,गौरव वर्मा,नीरज कुमार, अमन सिंह, विश्वास पंवार,प्रीतम सिंह,कर्म सिंह,नरेश कुमार,प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## चिकित्सक व स्टाफ से मारपीट

**गंगोह।** डाक्टर के क्लीनिक के बराबर में स्थित रेस्टोरेंट में चल रही पार्टी में डीजे की तेज आवाज कम करने को कहने पर पार्टी कर रहे लोगों व रेस्टोरेंट स्वामी के स्टाफ ने चिकित्सक व उसके स्टाफ के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। इस सिलसिले में डाक्टर ने पांच को नामजद कर नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बाईपास मार्ग पर विद्या देवी केयर हॉस्पिटल के संचालक डा. अंकित सैनी ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि उनके क्लीनिक के पास स्थित रेस्टोरेंट में रात्रि 12 बजे तेज आवाज में डीजे बजाया रहा था। उनको आवाज कम करने को कहा, मगर वे नही माने और क्लीनिक स्टाफ के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिससे स्टाफ के पंकज सैनी को चोट आई है। जो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई।

# उद्यमियों को प्रदान किए ऋण स्वीकृति के प्रमाण पत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम में उद्यमियों को ऋण स्वीकृति के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

दिल्ली रोड स्थित होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से जुड़े उद्यमियों को बैंक की विभिन्न वित्तीय एवं सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान कर उन्हें व्यवसाय विस्तार एवं औद्योगिक विकास के लिए प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के उपमहाप्रबंधक ओ.पी. श्रीवास्तव (प्रधान कार्यालय, मुंबई), क्षेत्रीय प्रमुख मनोज एम. (मेरठ), आईआईए चेयरमैन गौरव चोपड़ा, मंडलीय अध्यक्ष सतीश अरोड़ा तथा उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश क्वात्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उपमहाप्रबंधक ओ.पी. श्रीवास्तव एवं मनोज एम' ने उद्यमियों को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न 'एमएसएमई योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इनमें वर्किंग कैपिटल लोन, टर्म लोन, पीएमईजीपी योजना, सीजीटीएमएसई क्रेडिट गारंटी योजना, मुद्रा योजना सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएँ' शामिल रहीं। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को सशक्त बनाना, रोजगार सृजन को बढ़ावा देना तथा स्थानीय औद्योगिक विकास को गति प्रदान करना है। आईआईए चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम उद्योग जगत और बैंकिंग संस्थानों के बीच मजबूत सेतु का कार्य करते हैं। कार्यक्रम मे पूर्व चौप्टर चेयरमैन अशोक गाँधी, अनूप खन्ना, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालरा, मुख्य प्रबंधक विवेक अग्रवाल, मयूरी जैन, अर्जुन मनुजा, स्वप्निल मकानी सहित अन्य वरिष्ठ बैंक अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

# युवक पर हमले की घटना के बाद दहशत का माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** बीती रात नगर में एक युवक पर हुए हमले की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

शुक्रवार देर रात नगर के मोहल्ला बंजारान निवासी शाहिद पुत्र नजीर अहमद अपनी सब्जी की दुकान बंद कर पैदल घर लौट रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही वह जैन धर्मशाला के पास पहुंचा, तभी मोटरसाइकिल पर सवार चार से पांच नकाबपोश युवक वहां पहुंचे और उसे रोक लिया। आरोप है कि युवकों ने लाठी-डंडों से शाहिद पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल शाहिद को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विकासखंड बलिया खेड़ी के परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक कीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने शानदार खेलों का प्रदर्शन किया।

नालंदा वर्ल्ड स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता की प्राथमिक स्तर बालि. का वर्ग की 100 मीटर दौड़ मे वर्तिका प्राथमिक विद्यालय नगला खारी 200 मी दौड़ में शिफा प्राथमिक विद्यालय घोगरेकी बालक वर्ग में प्राथमिक स्तर 100 मीटर दौड़ में अजमत प्राथमिक विद्यालय पकाप के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में इरम उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदी फिरोजपुर के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया 200 मीटर दौड़ में सोफिया उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियावास के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया

टीम स्पर्धा में खो-खो प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक विद्यालय गोगरी की की टीम विजय रही जबकि बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय समिति खड़खड़ी की टीम को प्रतियोगिता में विजय रही कबड्डी स्पर्धा में बालक वर्ग में प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक विद्यालय मंडकी के द्वारा विजय प्राप्त की गई जबकि बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय नांदी फिरोजपुर विजय रहा। सभी विजेताओं को ट्राफी एवं मैडल प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सुभाष चौधरी ने छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में ईस्म सिंह, रविन्द्र पंवार, राजीव यादव, योगेंद्र कुमार, वैभव, सुशील कुमार, नीरज सैनी, पारुल, योगेंद्र कुमार, विपिन कुमार उपस्थित रहे।

विकासखंड के अन्य शिक्षकों अमित कुमार संदीप खटाना अरुण कुमार श्यामलाल अमित शर्मा प्रवीण कुमार नवल सिंह फहीम आदि के द्वारा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपादित कराया गया।

# पुलिस ने पकड़ा लकड़ी चोर

**यररह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशन मे कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा अपराधियों एवं वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत एक वांछित को लकड़ी चोर को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण कर दिया है पुलिस ने उस के खिलाफ अग्रिम कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया है।

कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि गत माह 6 जनवरी राजदेव पुतुल किशन लाल निवासी जगाधरी यमुनानगर के गांव मरवा में स्थिति बाग से आगत चोरों ने 6 भरी भरकम पेड़ चोरी करने के संबंध में तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल मे जुट गई थीआज मुखबिर ने सूचना दी कि बाग से पेड़ो को काटकर लकड़ी चोरी करने वाला आरोपी गांधरों नदी के पास महिंद्रा पिक अप गाड़ी में लकड़ी के गुट के भरकर कही जाने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस बताए स्थान पर पहुंची और लकड़ी चोर अर्जुन सैनी पुत्र करण सैनी निवासी गांव मरवा थाना बेहट जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की गई लकड़ी के छोटे बड़े 40 गटके तथा चोरी में इस्तमाल महेंद्रा पिक अप गाड़ी यूपी 15 ईटी/8796 भी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना बेहट मे ही पहले से ही विभिन्न धाराओं में 4 मुकदमे पंजीकृत है। पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है।



कोलकाता। केंद्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन के तहत सुनवाई के दौरान इंतजार करते लोग।

## यूक्रेन के पास गतिविधि की रिपोर्ट, पोलैंड ने विमानों को अलर्ट किया

**वारसॉ।** यूक्रेन में युद्ध के संबंध में रूस की 'लंबी दूरी की हवाई गतिविधि' का हवाला देते हुए पोलैंड ने शनिवार को सैन्य विमानों को सतर्क किया और हवाई रक्षा प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा। देश की सशस्त्र सेना परिचालन कमान ने यह जानकारी दी। कमान ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि यूक्रेन में लक्ष्यों पर किए गए हमलों के संबंध में संचालित रूस की लंबी दूरी की विमानन गतिविधि के कारण, पोलैंड के और सहयोगी विमानों ने पोलिश हवाई क्षेत्र में परिचालन शुरू कर दिया है।

## सेना प्रमुख ने पूंछ दौरे पर तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में अग्रिम क्षेत्रों में तैनात जवानों से मुलाकात की और सेना की तैयारियों का जायजा लेने के साथ पड़ोस के गांव में अपने पुराने सहकर्मी सेवानिवृत सूबेदार परवेज अहमद से मुलाकात कर उनकी कुशल क्षेम भी पहुंची। सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्थानीय स्तर पर जवानों की मदद करने के लिए सूबेदार अहमद को सम्मानित भी किया। उन्होंने अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों के मनोबल और सतर्कता की भी सराहना की। अग्रिम क्षेत्रों के दौरे के बाद जनरल द्विवेदी पूंछ के कामसर गांव भी गए। वहां उन्होंने 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स के सेवानिवृत्त सूबेदार (मानद कैप्टन) परवेज़ अहमद से मुलाकात की।

# मलेशिया में मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

## रिसीव करने पहुंचे प्रधानमंत्री इब्राहिम, मोदी ने कहा: ये उनका भारतीयों के लिए प्रेम

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 8 साल बाद दो दिन के मलेशिया दौरे पर पहुंचे। उन्हें मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर अपनी कार से रिसीव किया। इसके बाद पीएम मोदी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम खुद एयरपोर्ट पर मेरा स्वागत करने आए।

वे मुझे अपनी कार से यहां लाए। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपनी सीट पर भी बैठाया। उन्होंने कहा यह खास सम्मान भारत और भारतीय समुदाय के प्रति उनके प्यार और सम्मान को दिखाता है। भारत जल्द यहां अपना पमेंट सिस्टम यूपीआई लॉन्च करेगा। मोदी ने कहा: पिछले साल मैं आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सका था,



■ मलेशियाई पीएम अनवर बोले: हमारे भारत के साथ ऐतिहासिक रिश्ते

लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द मलेशिया आऊंगा। आज मैं अपना वादा निभाने आया हूं। साल 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है। पीएम मोदी और मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम एक ही कार से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के कलाकारों ने क्लासिकल डांस किया। पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के कलाकारों ने क्लासिकल डांस किया। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि आपने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा है। नारियल, मसाले और चाय भी हमारे रिश्ते को जोड़ते हैं। चाहे कुआलालंपुर हो या कोच्चि, स्वाद एक जैसे लगते हैं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं, शायद इसलिए क्योंकि हमारी भाषाओं और मलय भाषा में कई शब्द समान हैं। मोदी ने कहा कि मैंने सुना है कि मलेशिया में भारतीय संगीत और फिल्में काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बहुत अच्छा गाते हैं, लेकिन भारत में बहुत से लोगों को यह बात पहले नहीं पता थी। उनके पिछले भारत दौरे के दौरान जब उन्होंने एक पुराना हिंदी गीत गाया, तो उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। भारतीय पीएम ने कहा कि यह जानकर खुशी होती है कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को महान अभिनेता और नेता एमजीआर के तमिल गीत बहुत पसंद हैं। मोदी ने कहा कि दुनिया भारत को सिर्फ एक बड़ा बाजार मानती थी, लेकिन अब भारत निवेश और व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। आज भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है। चाहे ब्रिटेन हो, यूएई, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ (ईयू) या अमेरिका, कई देशों ने भारत के साथ व्यापार समझौते किए हैं। भारत आपके दिलों में एक खास जगह रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के बीच 45 लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के कारण मरने वालों की संख्या 45 हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 600 के करीब पहुंच रही है। देश की मुख्य अग्निशमन सेवा से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह जानकारी सामने आई। बीस जनवरी से अब तक कुल 585 लोग अलग-अलग गंभीरता से घायल हुए हैं, इनमें से 187 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कम से कम 45 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले सप्ताह, उत्तरी जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी की दूसरी लहर देखी गई।

### मिस्र के अबू फना मठ में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के मिस्न्र्या प्रांत में स्थित प्राचीन कॉप्टिक ऑर्थोडॉक्स संत फना मठ (देइर अबू फना, जिसे क्रॉस मठ के नाम से भी जाना जाता है) में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत हो गई। मिस्र के मीडिया ने यह जानकारी दी है। अल मसरी अल यौम अखबार के अनुसार, यह हादसा हुआ, जब चौथी शताब्दी के इस मठ की एक इमारत की भीतरी दीवार गिर गई। कॉप्टिक ईसाई संत फना के नाम पर बने इस मठ में इमारत की ईंटें और बड़े-बड़े पत्थर आगंतुकों पर गिर पड़े।


### 'अय्यावास्का' पेय का नए केंद्र बने स्पेन, पुर्तगाल

**बार्सिलोना/मैड्रिड।** अमेजन के घने जंगलों में तैयार होने वाला 'अय्यावास्का' पेय अब यूरोप के आलीशान होटलों तक पहुंच गया है और खासकर स्पेन, यूरोप के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जहां कानूनी अस्पष्टता के कारण इसके सेवन संबंधी 'रिट्रीट' बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे हैं। यूरोप के देशों में हाल के वर्षों में 'अय्यावास्का' पेय का सेवन एक वेलनेस प्रैक्टिस के रूप में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। यह अय्यावास्का पेय दक्षिण अमेरिका के अमेजन बेसिन में मिलने वाली औषधियों से बनने वाला विशेष काढ़ा है।

# एपस्टीन फाइल्स: अनिल अंबानी की चैट आई सामने

## दावा: सुनहरे बालों वाली स्वीडिश महिला की पेशकश हुई, अनिल बोले: अरेंज करो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफी एपस्टीन ने जो दस्तावेज जारी किए हैं, उसमें अनिल अंबानी से जुड़े नए खुलासे सामने आए हैं। ये दस्तावेज एपस्टीन और उद्योगपति अनिल अंबानी के बीच 2017 से 2019 के दौरान हुई बातचीत से जुड़े हैं।



■ ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई। 9 मार्च 2017 की बातचीत में अनिल ने एपस्टीन से पूछा: क्या सुझाव है? इस पर एपस्टीन ने लिखा: मुलाकात 'मजेदार' बनाने के लिए 'लंबी स्वीडिश ब्लान्ड महिला' बेहतर होगी। इसके बाद अंबानी ने जवाब दिया, 'इसे अरेंज करो।' बातचीत तब की है। यौन अपराधी जेफी एपस्टीन की जेल में मौत हो गई थी। आधिकारिक रिपोर्ट्स के मुताबिक उसने आत्महत्या की थी। यह बातचीत उस समय की है, जब एप्सटीन को पहले ही 2008 में नाबालिगों से जुड़े यौन आपराध के मामले में सजा मिल चुकी थी। इसके बावजूद एप्सटीन दुनिया के कई प्रभावशाली और ताकतवर लोगों के संपर्क में बना हुआ था। रिकॉर्ड बताते हैं कि दोनों के बीच पेरिस और न्यूयॉर्क में मिलने की योजना बनीं। मई 2019 में अनिल अंबानी के न्यूयॉर्क दौरे के वक्त एपस्टीन ने उन्हें मैनहैटन स्थित अपने घर बुलाया, जहां दोनों मिले। दूसरे ईमेल्स से यह भी पता चलता है कि अंबानी और एपस्टीन के बीच अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं, बिजनेस मीटिंग्स और वैश्विक मंचों पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बातचीत हुई थी। इनमें पेरिस, न्यूयॉर्क और वर्ल्ड इकोनामिक फोरम के कार्यक्रमों में संभावित मुलाकातों का जिक्र है। एप्सटीन को 2019 में संघीय स्तर पर सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में फिर से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन मुकदमा शुरू होने से पहले ही उसकी हिरासत में मौत हो गई। इसके बाद दुनियाभर में विवाद खड़ा हुआ और उसके नेटवर्क को लेकर कई तरह की जांच शुरू हुई। चैट्स में डोनाल्ड ट्रम्प और हालीवुड से जुड़े संदर्भ भी हैं। एक बातचीत में एपस्टीन ने पसंदीदा महिला पर सवाल किया, जिस पर अंबानी ने हालीवुड अभिनेत्री स्कारलेट जोहानसन का जिक्र किया। तब रिलायंस एंटरटेनमेंट उनकी फिल्म 'घोस्ट इन द शेल' की सह-निर्माता थी। इसी अवधि में एपस्टीन ने अंबानी परिवार से जुड़ी किताबें मंगवाई थीं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक अनिल अंबानी के प्रतिनिधि ने इस मामले पर किसी टिप्पणी से इनकार किया। अनिल अंबानी अनिल अंबानी रिलायंस एडीए ग्रुप के चेयरमैन हैं। साल 2008 में उनकी संपत्ति करीब 42 अरब डालर आंकी गई थी। उस समय फोर्ब्स की अमीरों की सूची में उनका छठा स्थान था। अंबानी के अलावा भी कई भारतीय और भारतीय मूल के सेलिब्रिटी एपस्टीन के संपर्क में थे। इनमें फिल्मकार मीरा नायर, डायरेक्टर अनुराग कश्यप, अभिनेत्री नंदिता दास, वेलनेस गुरु दीपक चोपड़ा का नाम शामिल है। हालांकि, फाइल में नाम होना किसी अपराध का सबूत नहीं है। ये सिर्फ सामाजिक या पेशेवर संपर्क दिखाते हैं। मीरा नायर से जुड़ा मेल अमेरिकी पब्लिसिटी मैनेजर पेगी सीगल ने एपस्टीन को 21 अक्टूबर 2009 को भेजा था। इसमें सीगल ने लिखा है कि वह गिस्लीन मैक्सवेल (एपस्टीन की गर्लफ्रेंड और अपराधी) के मैनहट्टन टाउनहाउस से एक आफ्टर-पार्टी से लौटी हैं। मीरा नायर न्यूयार्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी की मां हैं।

## ब्रिटेन में डॉक्टर को 24 साल जेल की सजा बच्चों के यौन शोषण मामले में दोषी

**लंदन।** ब्रिटेन में बच्चों के यौन शोषण के एक गंभीर मामले में 76 साल के रिटायर्ड वेटनरी डाक्टर जान रुबेन को 23 साल 10 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। आरोपी ने समर कैंप में बच्चों को दी जाने वाली कैंडी में नशीली दवाएं मिलाकर उनका यौन शोषण किया। यह मामला पिछले साल जुलाई का है, जब इंग्लैंड के एक समर कैंप से जुड़े 8 से 11 साल के 8 बच्चों और एक वयस्क को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। जांच के बाद पुलिस ने रुबेन को गिरफ्तार किया था। जान रुबेन ने नवम्बर में कोर्ट में 17 मामलों में दोष स्वीकार किया था। इनमें 13 साल से कम उम्र के दो बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न और 8 बच्चों के साथ क्रूरता के आरोप शामिल हैं। कोर्ट में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपनी पत्नी सूसन रुबेन को भी नशीली दवाई दी थी, ताकि वह सोती रहे और उसे पता न चले कि वह बच्चों के साथ यौन शोषण कर रहा है। बाद में आरोपी ने इस बात को भी स्वीकार किया। प्रासिक्यूटर मैरी प्रायर ने कोर्ट को बताया कि आरोपी ने अपने धार्मिक छवि का इस्तेमाल कर बच्चों का यौन शोषण किया। साथ ही, उसने वेटनरी सर्जन के तौर पर अपने मेडिकल ज्ञान का इस्तेमाल बच्चों को बेहोश करने के लिए किया।

# इस्लामाबाद शिया मस्जिद धमाका मामला, तीन गिरफ्तार

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** पाकिस्तान में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो भाई और एक महिला शामिल है। ये तीनों लोग शुक्रवार को इस्लामाबाद के एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती हमले से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस हमले में 31 लोग मारे गए थे और 169 अन्य घायल हो गए थे। आत्मघाती हमलावर ने खदीजा अल-कुबरा मस्जिद (इमामबाड़ा) में खुद को उड़ा लिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन तीनों से पूछताछ जारी है और जांच एजेंसियां इस हमले के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने में जुटी हुई हैं।

दूसरी ओर भारत ने हमले की निंदा करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने देर रात बयान जारी कर कहा कि हमले में भारत के शामिल होने का दावा निराधार है। विदेश मंत्रालय ने कहा-यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान इन मुद्दों का हल ढूंढने के बजाय, दूसरों को अपनी परेशानियों के लिए दोषी ठहरा रहा है। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि पाकिस्तान खुद को ही धोखा दे रहा है। भारत का ये बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस दावे के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि हमले में भारत और अफगानिस्तान शामिल थे।



■ पाक ने भारत को जिम्मेदार बताया, विदेश मंत्रालय बोला: पाकिस्तान खुद को धोखा दे रहा

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए। पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मंत्री डा. तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस्लामाबाद में हुए धमाके की मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में मारे गए लोगों के लिए दुखी हूं। ऐसी आतंकी घटनाएं देश और लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकती। जरूरत है कि हम सब मिलकर शांति के लिए एकजुट हों और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों के साथ मजबूती से खड़े रहें।

## ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर टैरिफ को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान संबंधी एक खास कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आदेश अमेरिका को उन देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की अनुमति देता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवाएं खरीदते हैं।

व्हाइट हाउस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है, लेकिन अधिकारियों को बदलती परिस्थितियों के आधार पर उन्हें तय करने और समायोजित करने के लिए अधिकृत करता है। इस आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर हालात बदलते हैं, जवाबी कार्रवाई होती है, या यदि ईरान अथवा कोई प्रभावित देश राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति एवं आर्थिक मामलों पर

■ यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है

संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तालमेल बिठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति इस आदेश में संशोधन कर सकते हैं। यह आदेश विदेश मंत्री, वाणिज्य मंत्री और व्यापार प्रतिनिधि को टैरिफ प्रणाली एवं संबंधित उपायों को लागू करने के लिए नियम और दिशा-निर्देश जारी करने सहित सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करता है। इसका उद्देश्य ईरान के ऐसे कदमों का सामना करना है, जिसमें उसकी परमाणु क्षमता हासिल करने की कोशिश, आतंकवाद का समर्थन, बैलिस्टिक मिसाइल विकास और क्षेत्रीय अस्थिरता शामिल है।

## एआई शिखर सम्मेलन समावेशी, जिम्मेदार राष्ट्रों को एक मंच पर लाएगा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट' समिट का उद्देश्य वैश्विक एआई चर्चाओं को जमीनी स्तर पर लोगों, विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए वास्तविक और उपयोगी परिणामों में बदलना है। यह बात इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट पर इंडिया एआई मिशन के सीईओ अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को डिजिटल इंडिया-हमारे विशेषज्ञों से पूछो (आस्क अवर एक्सपर्ट्स) कार्यक्रम में कही। सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब भविष्य की अवधारणा नहीं है। यह भारतीयों के सीखने, काम करने, सेवाओं तक पहुंचने और रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने के तरीके को नया आकार दे रहा है।

# बांग्लादेश को 30 साल बाद नया पीएम मिलेगा

## चुनाव पर भारत-पाक व चीन की टिकी है नजर, बदल जाएगा साउथ एशिया का पावर बैलेंस

**ढाका।** बांग्लादेश में 12 फरवरी को संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने और खालिदा जिया के निधन के बाद यह पहला चुनाव है। 1991 से 2024 तक बांग्लादेश की राजनीति में इन दो नेताओं का दबदबा रहा। ऐसे में 35 साल बाद देश को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है।

चुनाव आयोग का कहना है कि 2024 में हुए छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में पार्टी की भूमिका की वजह से यह फैसला लिया गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बांग्लादेश के ये चुनाव सिर्फ देश की राजनीति ही नहीं, बल्कि पूरे साउथ एशिया की डिप्लोमेसी और पावर बैलेंस को बदल सकते हैं। इसलिए भारत, पाकिस्तान और चीन भी इन चुनाव पर नजर बनाए हुए हैं। बांग्लादेश में अगस्त 2024 से नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस की लीडरशिप में अंतरिम सरकार काम कर रही है। राजनीतिक



■ शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है

जानकारों के मुताबिक, हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश की विदेश नीति में बड़ा बदलाव आया है। भारत के साथ रिश्ते अब अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं, जबकि पाकिस्तान के साथ संबंध बेहतर हुए हैं और चीन के साथ रणनीतिक रिश्ते और मजबूत हुए हैं। बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी। वे भारत आ गईं, जिससे दोनों देशों में तनाव शुरू हुआ। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले, मंदिर तोड़ने और हिंसा की खबरें आने लगीं, जिस पर भारत ने चिंता जताई। बांग्लादेशी सोशल मीडिया पर 'ग्रेटर बांग्लादेश' के नक्शे और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर भड़काऊ बातें फैलीं। मोहम्मद यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड-लाक बताया, जिससे विवाद छिड़ा। पाकिस्तान से संबंध बेहतर हुए तथा दोनों देशों के बड़े नेताओं और अधिकारियों ने आपस में सीधे बात करना शुरू किया, जिससे पुराने तनाव धीरे-धीरे कम होने लगे। 2025 में कराची और चटगांव के बीच कार्गो जहाज फिर से चलने लगे, जिससे समुद्री व्यापार आसान हो गया। 2026 की शुरुआत में ढाका और कराची के बीच कई साल बाद सीधी फ्लाइट्स शुरू हुईं। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने वीजा के नियम आसान करने पर बात की, खासकर सरकारी काम से आने-जाने वालों के लिए। अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में पाकिस्तान और बांग्लादेश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आए, जिससे तालमेल बढ़ा।

# बराक और मिशेल ओबामा से माफी नही मांगूंगा: ट्रम्प

## कहा: स्टाफ की गलती से वीडियो शेयर हुआ, पूर्व राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को बंदर दिखाया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया से पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा का वीडियो डिलीट कर दिया है। इस वीडियो में ओबामा और उनकी पत्नी को जंगल में प्राइमेट्स (बंदर) के रूप में दिखाया गया था।



■ वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था

हालांकि, ट्रम्प ने सफाई देते हुए माफी मांगने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने शुरुआत देखी, वो ठीक थी। इसके बाद उन्होंने इसे किसी स्टाफ को भेज दिया, जिन्हें पूरा वीडियो देखना चाहिए था।' ट्रम्प का दावा है कि स्टाफ ने वीडियो के अंतिम छोटे हिस्से को मिस कर दिया, जिसमें आपत्तिजनक सामग्री थी। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें इसकी जानकारी हुई, वीडियो हटा दिया गया। ट्रम्प ने स्पष्ट रूप से माफी मांगने से इन्कार करते हुए कहा 'नहीं, मैंने कोई गलती नहीं की। हालांकि, उन्होंने नस्लवादी हिस्से की निंदा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह पोस्ट एक स्टाफ की गलती से शेयर हुई थी। कुछ घंटे पहले प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा था कि पोस्ट में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाएगी। यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था, जिनमें उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली का दावा किया। करीब एक मिनट के वीडियो में उन्होंने कहा किया कि 2020 के चुनाव में बैलेट गिनने वाली कंपनी डोमिनियन वोटिंग सिस्टम्स ने ट्रम्प के खिलाफ गड़बड़ी की थी। वीडियो के आखिर में कुछ सेकंड के लिए ओबामा दंपती के चेहरे बंदरों के शरीर पर दिखाए जाते हैं। उसी दौरान बैकग्राउंड में 'द लायन स्लीप्स टुनाइट' गाना बजता है। यह सीन एक अलग इंटरनेट मीम वीडियो से लिया गया था, जिसे पहले भी एक प्रभावशाली कंजर्वेटिव मीम मेकर ने फैलाया था। उस वीडियो में ट्रम्प को 'जंगल का राजा' और डेमोक्रेट नेताओं को जानवरों के रूप में दिखाया गया था। बराक ओबामा के करीबी और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बेन रोड्स ने इसे लेकर ट्रम्प के इतिहास का काला धब्बा बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अमेरिकी लोग ओबामा दंपती को सम्मानित शख्सियतों के तौर पर याद करेंगे, जबकि ट्रम्प को इतिहास के एक काले अध्याय की तरह पढ़ा जाएगा। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका में ब्लैक हिस्ट्री मंथ चल रहा है। कुछ दिन पहले ही ट्रम्प ने एक आधिकारिक घोषणा में अश्वेत अमेरिकियों के योगदान और आजादी, न्याय और समानता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की बात कही थी। यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने इस तरह का वीडियो पोस्ट किया हो। पिछले साल उन्होंने एक एआई वीडियो डाला था, जिसमें बराक ओबामा को ओवल ऑफिस में गिरफ्तार होते और जेल में दिखाया गया था। बाद में उन्होंने एक और एआई वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अश्वेत नेता हकीम जेफीज को नकली मूंछ और सोमब्रेरो पहने दिखाया गया था।

# अमेरिका ने लागू की नई हथियार हस्तांतरण रणनीति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर 'अमेरिका फर्स्ट आर्म्स ट्रांसफर स्ट्रेटेजी' की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य विदेशी सैन्य बिक्री में अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देना और घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व और तकनीकी बढ़त बनाए रखने के लिए अब समय आ गया है कि अमेरिका को आगे रखने वाली हथियार हस्तांतरण रणनीति को स्थापित, लागू और क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह रणनीति एक तकनीकी रूप से श्रेष्ठ, तैयार और लचीले राष्ट्रीय

■ वाणिज्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया गया

सुरक्षा औद्योगिक उद्यम को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि यह पहल अमेरिकी रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करेगी, ताकि उसमें अमेरिकी सेना, उसके सहयोगियों और साझेदारों का समर्थन करने की पर्याप्त क्षमता बनी रहे, विशेष रूप से ऐसे समय में जब अमेरिका साझा रक्षा बोझ बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस आदेश के तहत युद्ध, विदेश और वाणिज्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया गया है, ताकि अमेरिकी निर्मित सैन्य उपकरणों का उपयोग एक ओर विदेश नीति के साधन के रूप में किया जा सके और दूसरी ओर देश के रक्षा औद्योगिक आधार को सशक्त बनाया जा सके। आदेश में कहा गया है, अमेरिका में निर्मित सैन्य उपकरण दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। आदेश में कहा गया है कि यह रणनीति सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में होने वाले हथियार हस्तांतरण घरेलू उत्पादन, तकनीकी श्रेष्ठता और राष्ट्रीय सुरक्षा को समर्थन दें। रणनीति के तहत संघीय एजेंसियों के लिए समय-सीमा तय की गई है, जिसके भीतर उन्हें विदेशी बिक्री के लिए प्राथमिक हथियारों और प्रणालियों की पहचान करनी होगी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है शाहिद-रश्मिका की जोड़ी





**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की जोड़ी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है। शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना बहुत जल्द कॉकटेल 2 में नजर आने वाले हैं। फिल्म इसी साल सितम्बर के महीने में रिलीज होगी।इस जोड़ी को एक नया प्रोजेक्ट भी मिल गया है। बॉलीवुड में चर्चा है कि निर्देशक अमित शर्मा शाहिद और रश्मिका को लेकर रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बना रहे है। इस फिल्म का जियो स्टूडियोज के सहयोग से किया जाएगा। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं किया गया है। चर्चा है कि शाहिद और रश्मिका अपने मौजूदा प्रोजेक्ट्स पूरे करने के बाद

# दो दीवाने सहर में के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी बने भंसाली के आइकॉनिक हीरो



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी, संजय लीला भंसाली की फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का सिर्फ हिस्सा नहीं बने हैं, बल्कि इस फिल्म के घरिए उन्होंने अपने दमदार अभिनय, भावनात्मक समझ और मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस के साथ अपने करियर को एक अहम और नया मोड़ दिया है। संजय लीला भंसाली ने अपने करियर में सिर्फ फिल्में नहीं बनाई हैं, बल्कि सिनेमा की एक अलग ही दुनिया रची है। उनकी फिल्मों में एक खास तरह की भव्यता और भावनात्मक गहराई होती है, जो दर्शकों के दिलों में लंबे समय तक बस जाती है। भंसाली के सिनेमा में नायक सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं होते, बल्कि ऐसे किरदार बन जाते हैं जिन्हें लोग सालों तक याद रखते हैं। उनके नायकों में जुनून होता है, तो दर्द भी, मजबूती होती है, तो नाजुकपन भी। फिलहाल 'दो दीवाने शहर में' के जरिए सिद्धांत चतुर्वेदी ने भंसाली यूनिवर्स में कदम रखा है। संजय लीला भंसाली की फिल्मों के नायक हमेशा खास होते हैं। वे ताक़तवर होने के साथ, भीतर से टूटे हुए भी होते हैं। प्रेम उनके जीवन का केंद्र भले हो, लेकिन कर्तव्य और संघर्ष उनकी पहचान होते हैं। ए किरदार सिर्फ परदे तक सीमित नहीं रहते, बल्कि फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के जहन में बने रहते हैं। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान का समीर आज भी याद किया जाता है।

वह एक भावुक, जल्दबाज और सच्चे प्रेम में डूबा हुआ इंसान है। इस किरदार ने भंसाली के आधुनिक नायकों की नींव रखी, जो अपनी कमजोरियों के साथ भी बेहद सच्चा लगता है। फिल्म गुजारिश में ऋतिक रोशन ने बेहद संयमित और गहराई भरा अभिनय किया है। दर्द और गरिमा के बीच संतुलन बनाते हुए उन्होंने साबित किया कि खामोशी भी उतनी ही असरदार हो सकती है जितनी भव्यता। बाजीराव मस्तानी और पद्मावत में भंसाली के साथ रणवीर सिंह का सफर बेहद दमदार रहा है। बाजीराव मस्तानी में बाजीराव और पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदारों में उन्होंने जुनून, पागलपन और त्रासदी को पूरी शिद्दत से जिया। यही वजह है कि उनकी ए भूमिकाएं उन्हें भंसाली के सबसे यादगार अभिनेताओं में शामिल करती हैं। भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर एक ऐसे नायक के रूप में नजर आनेवाले हैं, जो भीतर से उलझा हुआ है। सांवरिया के बाद इस फिल्म में भी रणबीर कपूर की संजीदा और भावनात्मक अभिनय शैली, भंसाली के सिनेमा से अच्छी तरह मिलकर दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इसी फिल्म में विक्की कौशल भी नजर आएंगे। विक्की कौशल के किरदारों में सादगी, सच्चाई और भावनात्मक ताक़त दिखाई देती है, जो भव्य कहानियों को और ज्यादा जमीन से जोड़ती है। दो दीवाने सहर में के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी, भंसाली सिनेमा में एक ऐसे नायक के रूप में उभरे हैं, जो अपनी आंखों से ही सारी बातें बयान करने का हुनर रखता है। फिल्म की झलकियों में वह एक संवेदनशील और भावुक प्रेमी के रूप में दिखाई देते हैं, जो शांत भी है और भीतर से गहराई से महसूस करने वाला भी। उनकी आंखों में एक अलग सी बेचैनी और सच्चाई दिखती है, जो भंसाली के नायकों की पहचान रही है।



# माधुरी दीक्षित ने देवदास में भंसाली संग काम करने के अनुभव पर की बात

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार माधुरी दीक्षित ने संजय लीला भंसाली की सुपरहिट फिल्म देवदास में उनके साथ काम करने के अपने अनुभव को याद किया है। यह फिल्म आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे विजुअली रिच और भव्य क्लासिक्स में गिनी जाती है।

अपनी ग्रैंड सिनेमैटिक विजन के लिए अक्सर गुरु दत्त और राज कपूर जैसे दिग्गज फिल्ममेकर्स से तुलना किए जाने वाले भंसाली के बारे में माधुरी का कहना है कि उन्होंने सिर्फ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि फिल्ममेकिंग की पूरी प्रक्रिया में भी कविता घोल दी थी।

माधुरी दीक्षित ने फिल्म देवदास में चंद्रमुखी के अपने किरदार के बारे में बात करते हुए इसे बेहद लेयर्ड और इमोशनली रिच बताया। उन्होंने कहा, ष्मुझे भंसाली जी के साथ काम करके बहुत मजा आया। चंद्रमुखी फिल्म का एक बेहद अहम किरदार था। सिर्फ डांस मूव्स ही नहीं, बल्कि फिल्म का हर सीन कविता जैसा लगता है। माधुरी दीक्षित ने बताया कि चंद्रमुखी की जर्नी उन्हें मीरा बाई की याद दिलाती है। माधुरी ने साझा किया, ष्उसके भीतर एक जन्मजात मासूमियत है। वह बिल्कुल मीरा जैसी है, क्योंकि वह ऐसे इंसान से प्यार करती है जिसे वह जानती है कि वह उसे कभी वापस प्यार नहीं कर पाएगा। इसलिए हम उस पैशन को, उन छोटे-छोटे एक्सप्रेशंस को कैप्चर करना चाहते थे, जो भाषा और भावनाओं के जरिए सामने आते हैं।

उन्होंने कहा कि उनका और भंसाली का साथ काम करने का अनुभव ष्बेहद खूबसूरत रहा। माधुरी दीक्षित ने भंसाली की बारीकी से गढ़ी गई सीक्वेंस की फिजकिल डिमांड्स पर भी विस्तार से बात की, खासतौर पर आइकॉनिक गाने काहे छेड़ छेड़ मुझे के दौरान। उस भारी-भरकम कॉस्ट्यूम को याद करते हुए माधुरी ने बताया कि उन्होंने जो घाघरा पहना था, वह बेहद वजनदार था। उन्होंने साझा किया, ष्वह असली वेलवेट से बना था और उस पर असली एम्ब्रॉयडरी का काम किया गया था। असली मोतियों के इस्तेमाल ने उसे और भी भारी बना दिया था। उन्होंने बताया कि कॉस्ट्यूम का वजन इतना ज्यादा था कि जब वह घूमना बंद भी कर देती थीं, तब भी घाघरा अपने आप उनके चारों ओर घूमता रहता था। इन तमाम चुनौतियों के बावजूद माधुरी मानती हैं कि सारी मेहनत पूरी तरह वाजिब थी।

उन्होंने कहा, जब आप उसे पर्दे पर देखते हैं डिटेल पर उनकी नजर, हर सीन को शूट करने का तरीका तो लगता है कि यह सब कुछ करना पूरी तरह सार्थक था। माधुरी दीक्षित ने कहा, लोग भंसाली को टास्कमास्टर कहते हैं, लेकिन जब हम साथ काम कर रहे थे तो वह सेट पर बहुत स्वीट थे। वह बस एक ही बात कहते थे, मुझे थोड़ा सा मैजिक दे दो। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी अगली डायरेक्टोरियल फिल्म लव एंड वॉर की शूटिग में व्यस्त हैं, जिसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# निर्माता हरमन और निर्देशक आरती फिर दिखेंगे साथ

**मुंबई।** बावेजा स्टूडियोज के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व आगामी फिल्म के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। बावेजा स्टूडियोज के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व, जिन्होंने हाल के वर्षों की सबसे सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों में से एक दी, अब एक नए प्रोजेक्ट के लिए फिर से हाथ मिला रहे हैं। फिल्म 'मिसेज' की पहली सालगिरह के मौके पर हरमन और आरती दोनों ने इंस्टाग्राम के जरिए इस री-यूनियन की जानकारी दी।

'मिसेज' बावेजा स्टूडियोज और आरती कड़व के लिए एक माइलस्टोन साबित हुई। संवेदनशील निर्देशन, दमदार लेखन और सधे हुए प्रोडक्शन के लिए फिल्म को खूब सराहा गया। वहीं सान्या मल्होत्रा की दिल को छू लेने वाली परफॉर्मेंस ने उन्हें कई अवॉर्ड्स दिलाए। इस फिल्म ने हरमन बावेजा को सिर्फ सार्थक सिनेमा का समर्थन करने वाले निर्माता के रूप में ही नहीं, बल्कि एक कहानीकार के रूप में भी स्थापित किया, क्योंकि वह इस प्रोजेक्ट के सह-लेखक भी थे। हरमन बावेजा ने कहा, मिसेज उन गिनी-चुनी फिल्मों में से है, जो बनने के बाद भी लंबे समय तक आपके साथ रहती है। सिर्फ इसलिए नहीं कि इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, बल्कि इसलिए कि इसे पूरी ईमानदारी से बनाया गया। आरती के साथ काम करके मुझे फिर एहसास हुआ कि जब पूरी टीम एक ही सोच और संवे. दनशीलता के साथ काम करती है, तो सिनेमा कितना ताकतवर हो सकता है। पिछले एक साल में, जैसे-जैसे फिल्म ने अपना दर्शक और पहचान पाई, मेरा यह भरोसा और मजबूत हुआ कि यही वो कहानियां हैं, जिन्हें मैं आगे भी सपोर्ट करना चाहता हूं। दोबारा साथ आना किसी री-यूनियन जैसा नहीं, बल्कि उस क्रिएटिव सफर का अगला स्वाभाविक कदम लगता है, जिस पर हमें पूरा भरोसा है।



# नागबंधम से सामने आया ऋषभ साहनी का पावरफुल लुक

**मुंबई।** निर्देशक अभिषेक नामा की मोस्ट अवेटेड माइथोलॉजिकल एक्शन ड्रामा नागबंधम, जिसमें वीरत कर्णा लीड रोल में नजर आएंगे, इस समर ग्रैंड पैन-इंडिया रिलीज के लिए तैयार है। 15 ঘ्रवरी को महाशिवरात्रि के शुभ मौके पर फिल्म का टीजर रिलीज होने वाला है, जिससे पहले मेकर्स ने इस एपिक कहानी के एक अहम किरदार का फर्स्ट लुक भी सामने ला दिया है, जिसने एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। फाइटर में अपने दमदार अंदाज से पहचान बना चुके ऋषभ साहनी ने नागबंधम में भी जबरदस्त असर छोड़ा है। इस फिल्म में वह कुख्यात अफगान सुल्तान अब्दाली के रोल में नजर आएंगे। 1750 के दौर पर बनी यह कहानी भारत में अब्दाली के हमलों को दिखाती है, जहां मंदिरों की लूट, दौलत की भूख और उसकी बेरहम फितरत को सामने रखा गया है। फर्स्ट-लुक पोस्टर एक जबरदस्त और डरावने माहौल को दिखाता है, जहां बर्फ से ढका जंग का मैदान तूफानी हवाओं से घिरा है। ऋषभ मिड-चार्ज में नजर आते हैं, हाथ में खून से सना विशाल बैटल एक्स लिए हुए, आंखों में खौफ और जुनून साफ झलकता है। उनके पीछे विशाल सेना आगे बढ़ती दिखती है, ठंडी हवाओं में लहराते हरे जंगी झंडे, तीरंदाज, योद्धा और विशाल युद्ध हाथी इस हाई-वोल्टेज वॉर कैनवास को और भव्य बना देते हैं।

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial :-
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108